केंद्र सरकार, त्रिपुरा सरकार और त्रिपुरा की टिपरा मोथा पार्टी ने राज्य के मूल लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए शनिवार को एक त्रिपक्षीय समझौता किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

एक्शन इंडिया

वर्षः 13 अंकः 61 पृष्ठः 12

RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com

हिमाचल संस्करण

दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

'भारत के पास दिमागी और जन शक्ति की कमी नहीं, बल्कि...'

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्लीः केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने एक संवाद कार्यक्रम में कहा कि भारत एक सक्षम राष्ट्र है। यहां कभी भी दिमागी शक्ति और जनशक्ति की कमी नहीं रही बल्कि इच्छा शक्ति की कमी रही है। इसे भी पीएम मोदी ने पूरा कर दिया है।

क्या हमें इस गलती को सुधारने का अधिकार नहीं ?: केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, 'अगर आप दुनियाभर के चिकित्या विश्वविद्यालयों में जाते हैं तो आपको महर्षि सुश्रुत की मूर्ति लगी हुई दिखाई देती है। पूरी दुनिया उनसे प्रेरणा लेती है। हमने अभी तक उनकी मूर्ति नहीं बनाई है, यह एक गलती है। लेकिन क्या हमें इस गलती को सुधारने का अधिकार नहीं है?'

मैंने लोगो को बदल दियाः उन्होंने आगे कहा, 'राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के लोगो में एक ग्रीक देवता थे, मुझे इससे कोई परेशानी नहीं है, लेकिन क्या हमें अपने भगवान और विरासत का सम्मान नहीं करना चाहिए। मैं बस यह कहना चाहता हूं कि नई पीढ़ी हमारे पास मौजूद वैज्ञानिकों से प्रेरणा ले और इसलिए मैंने लोगो को बदल दिया है। प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ काम करना चाहिए। भारत एक सक्षम राष्ट्र है। यहां कभी भी दिमागी शक्ति और जनशक्ति की कमी नहीं रही, बल्कि इच्छा शक्ति की कमी रही है, जिसे पीएम मोदी ने पूरा कर दिया है।

बेहतर होगा कि हम कीमतें न बढ़ाएंः मनसुख मंडाविया ने कहा, 'कोविड-19 के दौरान मैंने कंपनियों को पीएम मोदी के संदेश से अवगत कराया है कि यह दुनिया के साथ सहयोग करने का समय है और बेहतर होगा कि हम कीमतें न बढ़ाएं। भारतीय कंपनियों ने 150 देशों को दवाओं की आपूर्ति की है, लेकिन कीमत नहीं बढ़ाई है। किसी भी देश ने कभी शिकायत नहीं की है, हमने दुनिया को गुणवत्तापूर्ण और सस्ती दवा की आपूर्ति की है। जब वैक्सीन की कीमत 20-30 डॉलर थी, तब हमने इसे या तो वैक्सीन मैत्री पहल के तहत मुफ्त में या 2-3 डॉलर की न्यूनतम लागत पर आपूर्ति की। अब दुनिया को लगता है कि भारत एक ऐसा देश है जो मानव सेवा को प्राथमिकता देता है और जरूरत पड़ने पर दोस्त बनकर मजबूती से खड़ा रहता है।'

उन्होंने कहा, 'बिल गेट्स भारत में हैं और जब वह बोलते हैं तो यह पूरी दुनिया में एक धारणा बन जाती है। पिछले विश्व आर्थिक मंच पर मेरी उनसे मुलाकात हुई थी, जब हमने हाथ मिलाया था तो उन्होंने कहा था, बधाई हो, आपने अच्छा कोविड प्रबंधन और टीकाकरण अभियान चलाया है।' पतंजलि आयुर्वेद के एमडी आचार्य बालकृष्ण ने कहा, 'विदेशों में पहुंचने के बाद भी आयुर्वेद अपनी पहचान आयुर्वेद के रूप में स्थापित नहीं कर पाया है।

आदर्श विचार

"शिक्षा और ज्ञान उसी को मिलता है जिसमें जिज्ञासा होती है।"

भागवद्

मन की बात

"दिल और दिमाग के टकराव में दिल की सुनो।"

स्वामी विवेकानंद

लोस चुनावः भाजपा की पहली लिस्ट जारी

भाजपा की पहली लिस्ट- 195 नाम, इनमें 34 मंत्रीः काशी से मोदी, गांधी नगर से शाह; इकलौते मुस्लिम उम्मीदवार डॉ. सलाम को केरल से टिकट

चुनावी समर

भाजपा ने 16 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में से 195 सीटों पर उम्मीदवारों का एलान किया

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्लीः भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वाराणसी से चुनाव लड़ेंगे। बता दें कि भाजपा ने 16 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में से 195 सीटों पर उम्मीदवारों का एलान किया।

भाजपा ने उत्तर प्रदेश से 51, मध्य प्रदेश से 24, केरल से 20, राजस्थान से 15, गुजरात और छत्तीसगढ़ से 11, तेलंगाना से 9, दिल्ली से 5, जम्मू-कश्मीर और अरुणाचल प्रदेश से दो, गोवा-त्रिपुरा, अंडमान-निकोबार से एक उम्मीदवार का एलान किया।

कहां से कौन लड़ेगा चुनाव

वाराणसी से पीएम मोदी, गुना से ज्योतिरादित्य सिंधिया, विदिशा से शिवराज सिंह चौहान, भोपाल से आलोक शर्मा, खजुराहो से वीडी शर्मा, बीकानेर से अर्जुन राम मेघवाल, अलवर से भूपेंद्र यादव, जोधपुर से गजेंद्र सिंह शेखावत, बाड़मेर से कैलाश चौधरी, कोटा से ओम बिरला, अरुणाचल पश्चिम से किरन रिजिजू को मैदान में उतारा है। भाजपा ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया को पोरबंदर से टिकट दिया। चांदनी चौक सीट से प्रवीण खंडेलवाल और उत्तर पूर्वी दिल्ली से मनोज तिवारी को टिकट मिला। भाजपा ने बेलूरघाट से सुकांता मजूमदार और मालदा दक्षिण से श्रीरूपा मित्रा चौधुरी को बनाया उम्मीदवार।

भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते 29 फरवरी को हुई केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 195 उम्मीदवारों में से 28 महिला उम्मीदवार शामिल हैं।

राजस्थान से भाजपा ने मैदान में उतारे 15 उम्मीदवार

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भारतीय जनता पार्टी ने कुल 195 उम्मीदवारों के नाम का एलान कर दिया है। इस लिस्ट में राजस्थान की 15 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की गई है। भाजपा ने चित्तौगढ़ से सीपी जोशी को टिकट दिया है, जबकि बीकानेर से अर्जुन राम मेघवार, अलवर से भूपेन्द्र यादव और भरतपुर से रामस्वरूप कोली समेत 15 उम्मीदवारों को टिकट दी है।

195 में से 50 से कम उम्र वाले 47 युवा उम्मीदवार

195 में से 50 से कम उम्र वाले 47 युवा उम्मीदवार, अनुसूचित जाति के 27, अनुसूचित जनजाति के 18, पिछड़ा वर्ग के 57 उम्मीदवार शामिल हैं।

केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में भाजपा ने उम्मीदवारों के नामों पर मंथन किया था। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित पार्टी शासित अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्रियों ने हिस्सा लिया था।

गौतम के बाद अब जयंत सिन्हा ने चुनाव लड़ने से किया इनकार

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्लीः झारखंड के हजारीबाग से भाजपा के सांसद जयंत सिन्हा ने लोकसभा का चुनाव लड़ने के इनकार किया है। सिन्हा ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को पत्र लिखकर उन्हें चुनावी दायित्वों से मुक्त करने का अनुरोध किया है। इससे पहले दिल्ली से भाजपा सांसद गौतम गंभीर ने कहा था कि वह लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। जयंत सिन्हा ने शनिवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट में लिखा, मैंने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से चुनावी दायित्वों से मुक्त करने अपील की है ताकि मैं भारत और दुनिया में जलवायु परिवर्तन से निपटने पर फोकस कर सकूं। हालांकि मैं पार्टी के आर्थिक और प्रशासनिक मुद्दों पर काम करता रहूंगा। सिन्हा ने लिखा, मैं बहुत सौभाग्यशाली हूं कि मुझे बीते 10 वर्षों तक हजारीबाग के लोगों की सेवा का मौका मिला। मुझे भाजपा नेतृत्व, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमित शाह ने कई अवसर दिए।

सियासी संकटः 'जल्द गिरेगी हिमाचल सरकार'

साधा निशाना

विधायक राजिंदर राणा ने सुक्खू सरकार पर जमकर हमला बोला, कांग्रेस के कई विधायक संपर्क में'

टीम एक्शन इंडिया

चंडीगढ़ः हिमाचल प्रदेश के बागी विधायक राजिंदर राणा ने राज्य की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सवा साल हो गए हैं। हमने कई बार हाईकमान को अवगत कराया कि प्रदेश में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। सीएम सुक्खू विधायकों को जलील और अपमानित करते हैं। यहां तक की विधायकों के काम नहीं करते हैं। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की कोई सरकार नहीं थी। यह सिर्फ सुक्खू के मित्रों की सरकार है। कई बार बोलने के बाद भी कोई असर नहीं हुआ। राणा ने दावा किया है कि कांग्रेस के कई विधायक संपर्क में हैं। हिमाचल प्रदेश में सुक्खू सरकार जल्द ही गिरने वाली है।

राजिंदर राणा ने कहा कि हम सब ने राज्यसभा चुनाव में हिमाचल प्रदेश से प्रत्याशी बनाने की मांग की थी। अब नौ विधायकों ने हिमाचल प्रदेश के स्वभिमान की रक्षा की और हिमाचल प्रदेश के व्यक्ति को राज्यसभा भेजा है। सीएम के काले नाग बोलने पर राजिंदर राणा ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि पिछले सवा साल से प्रदेश की हालत क्या हो गई है? नौजवान परीक्षा देकर सड़कों पर बैठे हैं, उनके परिणाम जारी नहीं हो रहे हैं। प्रदेश की जनता को दी गई गारंटियां पूरी नहीं हो रही हैं। सिर्फ मित्रों के काम हो रहे हैं। विधायकों को जलील किया जा रहा है।

'टीएमसी, अत्याचार का दूसरा नामः पीएम

टीम एक्शन इंडिया

कोलकाताः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में 15,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर पश्चिम बंगाल पहुंचे थे। कार्यक्रम के तहत पीएम मोदी नादिया जिले के कृष्णानगर में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार बंगाल को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने में जुटी है और उसी विजन के तहत बंगाल में इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट की शुरूआत की जा रही है। प्रधानमंत्री ने बंगाल की टीएमसी सरकार पर भी निशाना साधा और कहा कि टीएमसी सरकार अत्याचार और विश्वासघात का दूसरा नाम बन गई है।

'बंगाल के विकास को गति मिलेगी': प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कृष्णानगर लोकसभा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, 'आज पश्चिम बंगाल को विकसित राज्य बनाने के लिए हम एक और कदम उठा रहे हैं... आज मुझे 15,000 करोड़ रुपये के विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास का सौभाग्य मिला है।

बिजली, सड़क, रेल की बेहतर सुविधाएं आपके जीवन को आसान बनाएगी। इन विकास कार्यों से पश्चिम बंगाल के आर्थिक विकास को गति मिलेगी।'

एनआईए ने पीएफआई से जुड़े अब्दुल सलीम को किया गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्लीः राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने तेलंगाना के निजामाबाद में प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े अब्दुल सलीम को गिरफ्तार किया है। सलीम पीएफआई का तेलंगाना उत्तर का सचिव है। सलीम पर देशविरोधी गतिविधियों में संलिप्तता का आरोप है। उस पर यह भी आरोप है कि वह आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए युवाओं की भर्ती कर रहा था।

हिंसा सुवेंदु और सुकांत से मुलाकात की, लोगों के बीच अपने सुशासन के एजेंडे को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की

पश्चिम बंगाल का बेहतर भविष्य बनाएंगेः पीएम मोदी

संदेशखाली

पीएम नरेंद्र ममोदी ने कहा, "सुवेंदु अधिकारी और सुकांत मजूमदार से मुलाकात की

टीम एक्शन इंडिया

कोलकाताः पश्चिम बंगाल में संदेशखाली हिंसा को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साहस की सराहना की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बंगाल के भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी और सुकांत मजूमदार के साथ हुए वार्ता का जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा, "सुवेंदु अधिकारी और सुकांत मजूमदार से मुलाकात की। हमने लोगों के बीच अपने सुशासन के एजेंडे को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। मैं टीएमसी कुशासन के खिलाफ उनके साहस, जुनून और उत्साही लड़ाई के लिए प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता की सराहना करता हूं। हम सब मिलकर पश्चिम बंगाल का बेहतर भविष्य बनाएंगे।"

पीएम मोदी के बंगाल दौरे पर भाजपा नेताओं ने दी प्रतिक्रियाः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बंगाल के दो दिवसीय दौरे पर हैं। वह कल यानी की शुक्रवार को बंगाल पहुंचे। पीएम मोदी के दौरे पर भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, "जिस तरह से नादिया से सांसद (महुआ मोइत्रा) की लोकसभा सदस्यता छीन ली गई, उसी तरह से पीएम मोदी के आज के भाषण के साथ आगामी चुनाव में जनता एनडीए को 400 से ज्यादा सीटें जिता देगी।

"पीएम मोदी ने बंगाल में चल रहे घटना को लेकर हर छोटी से छोटी बात पर चर्चा की।"

लोकतान्त्रिक प्रकिया से चुने प्रतिनिधियों को काले नाग की संज्ञा देना अनुचित : विपिन परमार

चमन शर्मा/शिमला

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन परमार ने शिमला में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू का अपने ही विधायको को काला नाग बोलने वाला बयान दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस विधायकों का रोष कांग्रेस सरकार के खिलाफ जाहिर हुआ।कांग्रेस विधायकों की सदस्यता एक फरमान से रद्द कर दी गई।कांग्रेस की अन्तर्कलह, विधायकों की नाराजगी, मन्त्री द्वारा पीड़ा व दर्द बताना, मंडी के बल्ह के पूर्व विधायक, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान अध्यक्ष द्वारा सरकार का विरोध, दशार्ता कांग्रेस की वर्तमान स्थिति से यहीं आभास होता है कि

कांग्रेस में आपकी लड़ाई चरम पर है उनके कारण यह राजनीतिक स्थिति आज प्रदेश में बनी है।विपिन परमार ने कहा कि वर्तमान सरकार सत्ता में रहने का अधिकार एवं हक पहले ही खो चुकी है और इस प्रकार की बयानबाजी साफ दिखाती है कि मुख्यमंत्री और सरकार दोनों परेशान हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री को डॉक्टर या साइकैट्रिस्ट से चेक अप करवा लेना चाहिए। प्रदेश में चल रहे राजनीतिक संकट के समय सुखु सरकार के एक महत्वपूर्ण मंत्री द्वारा त्यागपत्र की घोषणा, मुख्यमंत्री की कार्य प्रणाली की आलोचना तथा अपने परिवार की कांग्रेस में हो रही उपेक्षा के आरोप ये सिद्ध करते हैं कि प्रदेश की सुखु सरकार अपने राजनीतिक अंतर्द्वंद के कारण संकट में है। जिसकी जिम्मेवारी पूरी तरह से सरकार व कांग्रेस पार्टी की है। सरकार के मंत्री व विधायकों द्वारा अपनी उपेक्षा और अनदेखी के आरोपों से सरकार व कांग्रेस संगठन की असलियत जनता के सामने आ गई है। उन्होंने सुखु सरकार पर प्रश्न उठाते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार की खींचतान व विधायकों की उपेक्षा से आज प्रदेश में राजनीतिक संकट पैदा हुआ है और सुखु सरकार अपना विश्वास खो चुकी है और अल्पमत में आ गई है।उन्होंने कहा कि योजनापूर्वक मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस सरकार जगह-जगह झगड़े करवा रही है। जबकि हिमाचल प्रदेश में शांति और कानून व्यवस्था बहाल रहनी चाहिए। यह योजनापूर्वक धरना प्रदर्शन एवं लड़ाईयां पूरी हिमाचल प्रदेश में करवा रहें है। 6 विधायकों को कांग्रेस पार्टी ने अपने विधायक पद से हटा दिया है। ज्यादातर यह धरना प्रदर्शन वही हो रही है। उन्होंने कहा, यह सरकार इस प्रकार काम कर रही है वो असंवैधानिक है लोकतंत्र के खिलाफ है। जिस प्रकार से पहले 15 भाजपा के विधायको को बजट सैशन के दौरान सस्पेंड कर दिया गया और अपनी मेजोरिटी को इन्होंने पेश किया।

बड़ू साहिब में राष्ट्रीय विज्ञान उत्सव दिवस मनाया

एसपी जैरथ/नाहन

इटरनल यूनिवर्सिटी बड़ू साहिब के अकाल कॉलेज ऑफ बेसिक साइंस के माध्यम से वैज्ञानिक उत्सव 6 से 28 फरवरी तक राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन इटरनल यूनिवर्सिटी के वाईस चांसलर डॉ. दविंदर सिंह की उपस्थिति में हुआ। यूनिवर्सिटी के उपकुलपति डॉ.अमरीक सिंह आहलुवालिया ने दीप प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम की शुरूआत की। उद्घाटन में सभी विभागों से डीन भी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस अवसर पर अपने मार्गदर्शन के साथ काम किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रोफेसर डॉ.संदीपन गुप्ता, प्रोफेसर डॉ. सुरजन सिंह और प्रोफेसर डा. नीलम ठाकुर शामिल थे। जिनकी उपस्थिति ने इस राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम को सफल बनाया। उत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं और गतिविधियों में 460 विद्यार्थियों

की भागीदारी रही। प्रतिभागियों को ज्ञानवर्धक अनुभवों की एक श्रृंखला में शामिल किया गया। जिसमें मछेर गांव में एक बीकीपिंग यूनिट, बगरोटी में एक बॉटनिकल गार्डन और काखली फार्म के पास एक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई का दौरा भी करवाया गया। इसके अतिरिक्त काकाली फार्म में एक डेयरी फार्म की यात्रा और खेरी की प्रकृति की सैर ने वैज्ञानिक उत्सव में एक व्यावहारिक आयाम जोड़ा। प्रतिभागियों को रचनात्मक रूप से संलग्न करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें पोस्टर मेकिंग, पेंटिंग, साइंस मॉडल डिजाइनिंग, डिक्लेमेशन, डिबेट, वीडियो मेकिंग, रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिताएं शामिल थीं। साथ ही 160 छात्रों ने विज्ञान ओलंपियाड में अपने वैज्ञानिक कौशल का प्रदर्शन किया। जिसके परिणामस्वरूप 61 योग्य विजेताओं को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।

न्यूज फ्लैश

ईजमायट्रिप .कॉम का तीसरी तिमाही में कर बाद मुनाफा 9 .5प्रतिशत की वृद्धि के साथ बढ़कर 45 .7 करोड़ रुपये हुआ

शिमला : भारत के अग्रणी ट्रैवल प्लेटफॉर्म ईजमायट्रिप. कॉम का दमदार वित्तीय प्रदर्शन जारी है। वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में कंपनी का कुल राजस्व सालाना 18 .1प्रतिशत की वृद्धि के साथ बढ़कर 1,607 .9 मिलियन रुपये हो गया। वहीं एबिटा सालाना 10 .9प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 653 .7 मिलियन रुपये रहा और कर बाद मुनाफा सालाना 9 .5प्रतिशत की वृद्धि के साथ बढ़कर 456 .6 मिलियन रुपये हो गया। वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में कंपनी का सकल बुकिंग राजस्व 20260 .7 मिलियन रुपये रहा ।एक सफल तिमाही के बाद कंपनी ने ईसीओ होटल्स एंड रिसॉर्ट्स में लगभग 13प्रतिशत की हिस्सेदारी ली है जिससे ऑनलाइन यात्रा सेवाओं से परे कंपनी के पोर्टफोलियो में विविधता आ गई ।कंपनी का यह फैसला यात्रा और आतिथ्य क्षेत्र के भीतर पर्यावरण हितैषी व्यवहारों को बढ़ावा देते हुए ऑर्गेनिक और इन ऑर्गेनिक विकास और स्थिरता के प्रति कंपनी की पहल को आगे बढ़ाता है ।ईजीट्रिप प्लानर्स के सह संस्थापक और सीईओ निशांत पिट्टी ने कहा,हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में पीएटी (कर बाद मुनाफा)सालाना 9 .5प्रतिशत वृद्धि के साथ बढ़कर 456 .6 मिलियन रुपये रहा जो लाभ प्रदता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है ।इसी तरह वित्त वर्ष 24 के 9 महीनों में पीएटी सालाना आधार पर 15 .0प्रतिशत बढ़कर 1188 .6 मिलियन रुपये हो गया ।वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही और वित्त वर्ष 24 के पहले 9 महीनों में जीबीआर क्रमशः 20260 .7 मिलियन रुपये और 64226 .0 मिलियन रुपये रहा ।पर्यटकों की जरूरतों के मुताबिक सेवाओं की पेशकश के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए ईजमायट्रिप ने इजी दरशन की शुरूआत की है जो पूरे भारत में यात्रियों की जरूरतों के मुताबिक तीर्थ यात्रा पैकेज की सुविधा देता है ।ये पैकेज सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता देते हुए परेशानी मुक्त यात्रा,परिवहन,आवास,गाइडेड पर्यटन और विशेष पूजा की सुविधा मुहैया कराते हैं ।इसके अतिरिक्त एक्सप्लोर भारत/ डिस्कवर द सोल ऑफ इंडिया का लॉन्च विदेशी यात्रियों को ध्यान में रखते हुए हुए देश की समृद्ध विरासत, संस्कृति और परिदृश्य का प्रदर्शन करना है ।ये पहल कंपनी के विशिष्ट ग्राहक वर्गों की जरूरतों को पूरा करते हुए उसकी सेवाओं में किए जा रहे लगातार विस्तार के बारे में बताता है ।इसके अलावा ईजमायट्रिप एक विशेष सदस्यता कार्यक्रम ईजमायट्रिप प्लैटिनम गोल्ड और सिल्वर कार्ड की पेश कश कर रहा है जो हाई नेट वर्थ व्यक्तियों को लक्जरी यात्रा अनुभव की पेशकश करता है ।ये कार्ड विशेष सेवाएं,लाभ और विशेषाधिकार के साथ आते हैं जो ग्राहकों की यात्रा अनुभव में इजाफा करते हैं।

ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी ने अपना नया इंग्लिश लैंग्वेज टेस्टिंग प्लैटफॉर्म लॉन्च किया

चंडीगढ़ : अंग्रेजी भाषा के मूल्यांकन के लिए सबसे बड़ा नाम ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी ने आज अपने ग्लोबल ब्राण्ड कैम्पेन के लॉन्च की घोषणा की है। ऐसा करके वो अपने तेजी से बढ़ते विश्व स्तरीय टेस्टिंग प्रोडक्ट्स ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी डिजिटल तथा ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी ग्लोबल को सहयोग दे रहे हैं। ये अनूठे लैंग्वेज टेस्टिंग प्रोडक्ट्स विदेश में उच्च शिक्षा पाने की चाहत रखने वाले भारतीय विद्यार्थियों की बदलती जरूरतों को पूरा कर कर रहे हैं। उन्हें सुनने,लिखने और बोलने के कौशल का मूल्यांकन करने के लिए एक सुरक्षित तथा भरोसेमंद माध्यम प्रदान कर रहा है ।यह यूके,यूएसए,ऑस्ट्रेलिया तथा कनाडा में 120से ज्यादा विश्व विद्यालयों से मान्यता प्राप्त तथा मान्य है जिनमें ब्रिस्टल विश्वविद्यालय,यॉर्क विश्वविद्यालय,ग्लासगो विश्वविद्यालय,एडिनबर्ग विश्वविद्यालय, हर्टफोर्डशायर विश्वविद्यालय और नियाग्रा फॉल्स विश्वविद्यालय कनाडा शामिल हैं। मूल्यांकन के लिए ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी के भारत में 10 टेस्ट सेंटर्स काम कर रहे हैं और जल्द ही कई और भी लॉन्च होने वाले हैं। डॉ.अमित उपाध्याय,रीजनल डायरेक्टर भारत तथा दक्षिण एशिया,ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी ने कहा कि ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी विद्यार्थियों को लैंग्वेज टेस्टिंग का अनूठा और भरोसेमंद हल देकर उनके शैक्षिक सफर में सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध है। ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी डिजिटल और ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी ग्लोबल की शुरूआत के साथ हम विदेशों में उच्च शिक्षा चाहने वाले भारतीय विद्यार्थियों के लिए सुलभता की की कमी दूर करने के साथ .साथ बेहतरीन अवसर उपलब्ध कराना चाहते हैं ।अत्याधुनिक एआई तकनीक और शैक्षिक समावेश के संकल्प के माध्यम से हम विद्यार्थियों को एक ऐसा प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराना चाहते हैं जो उन्हें लचीलापन,विश्वसनीयता और मन की शांति प्रदान कर सके। ये नए प्रोग्राम शैक्षिक सफर में विद्यार्थियों को सहयोग देने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन है जो स्टूडेंट्स को आत्मविश्वास के साथ अपना लक्ष्य पाने में सशक्त बना रहा है। ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी के लैंग्वेज टेस्टिंग उत्पादों में पढने,सुनने,लिखने और बोलने के मॉड्यूल्स शामिल हैं जो समग्र मूल्यांकन पर जोर देते हैं। ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी के शुरूआती प्रोडक्ट के लॉन्च होने के बाद भारतीय विद्यार्थियों को सुविधा तथा लचीलापन प्रदान करने के लिए इसने भारत सहित पूरे विश्व के स्टूडेंट्स को सपोर्ट प्रदान किया है। ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी डिजिटल पूरी तरह से एक ऑनलाइन मोड्यूलराइज्ड इंग्लिश लैंग्वेज लेवल टेस्ट है जिसमें विश्व के किसी भी स्थान से शामिल हुआ जा सकता है।

9 दिवसीय कुल्लू राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव का शानदार आगाज

श्याम कुल्वी/कुल्लू

स्थानीय संस्था ऐक्टिव मोनाल कल्चरल ऐसोसिएषन द्वारा उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र पटियाला के सहयोग से भाशा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेष के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे 9 दिवसीय कुल्लू राश्ट्रीय नाट्य महोत्स० का षानदार आगाज आयोजक संस्था के हास्य व्यंग्य से भरपूर नाटक एक था गधा उर्फ अल्लादाद खां से हुआ। शरद जोशी द्वारा लिखित तथा केहर सिंह ठाकुर द्वारा निर्देशित इस नाटक ने उपस्थित दर्शकों को हंसा कर लोट पोट कर दिया। नाट्योत्सव का उद्घाटन जिला पुलिस अधीक्षक डॉ कार्तिकेन गोकुल चन्द्रन ने दीप प्रज्वल्लित करके किया। नाटक के समापन पर डॉ कार्तिकेन ने नाटक के कलाकारों को बधाई दी और कहा कि कुल्लू के लिए यह

गर्व की बात है कि भारत के इस कौने में भी इतने प्रोफैषनल अभिनेता कलाकार हैं और नाट्योत्सव के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। नाटक की कहानी एक नबाव की है जो अपनी वाहवाही के लिए किसी भी हद तक गुज? जाता है। एक बार उसे पता चलता है कि अल्लादाद नाम का कोई आदमी मर गया है तो अपनी प्रषंसा बटोरने के लिए उसके जनाजे में शरीक होने की बात कहता है और शासन और प्रशासन मिलकर इसका लाईव टेलीकास्ट करने की तैयारी करते हैं। सब तैयारी होने के बाद पता चलता है कि कोई अल्लादाद नहीं मरा बल्कि एक धोबी का गधा मरा है जिसका नाम अल्लादाद था। अब सारे सिस्टम में हडकम्प मच जाता है। अन्ततः चुपचाप से एक शरीफ अल्लादाद खां का मार का उसका जनाजा निकाला जाता है। नाटक में कहर सहित आरती ठाकुर, रेवत राम विक्की, जीवानन्द, वेद प्रकाश कल्पना गौतम, पूजा, अनामिका, ष्याम लाल, सूरज तथा परमानन्द आदि कलाकारों ने दर्शकों का मनोरंजन किया। प्रकाश व वस्त्र परिकल्पना मीनाक्षी की तथा पार्ष्व ध्वनि संचालन वैभव ठाकुर का रहा। जबकि मंच पार्ष्व में सुमित, गुलषन नेगी, आंचल तथा पायल ने कार्य सम्पन्न किया।

जल शक्ति विभाग में 36 साल सेवाएं देकर सेवानिवृत हुए करतार सिंह

कश्मीर ठाकुर/बिलासपुर

घुमारवीं उपमंडल के जल शक्ति विभाग से वर्क इंस्पेक्टर करतार सिंह 36 वर्ष सेवाएं देकर सेवानिवृत हुए। इन्होने सन 1988 में जल शक्ति विभाग घुमारवीं मे नियुक्ति हुई और सन 2000 मे रेगुलर हुये। इनका सेवाकाल एक बहुत ही ईमानदारी, कर्मठता, संघर्षमयी और आम जनता की सेवा मे रहा। 36वर्ष का कर्यकाल घुमारवीं जलशक्ति विभाग मे ही व्यतीत कर दिया। करतार सिंह बहुत ही मिलनसार और लोगो के कार्यों मे तत्पर रहते थे। यह बात घुमारवीं के अधिशाषी अभियंता अजय वर्मा, सहायक अभियंता मस्त राम चौहान ने कही। इन्होने कहा कि करतार सिंह की सेवाएं से सभी कर्मचारियों ने सीख ली।

कॉलेज ऑफ लॉ के विद्यार्थियों ने किया उच्च न्यायालय का दौरा

एसपी जैरथ/नाहन

हिमाचल प्रदेश कॉलेज ऑफ लॉ के विद्यार्थियों ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय, चंडीगढ़ का दौरा किया। हिमाचल प्रदेश कॉलेज ऑफ लॉ कॉलेज कालाअंब के छात्रों ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय चंडीगढ़ का दौरा किया। इस विजिट का मुख्य उद्देश्य छात्रों को अदालती कार्यवाही के बारे में जागरूक करना था जिससे छात्रों के व्यावहारिक ज्ञान में वृद्धि हो। छात्रों को न्यायालय में न्यायिक प्रक्रिया के व्यावहारिक पहलुओं के बारे में बहुत सारी जानकारी प्राप्त हुई। इस संबंध में सहायक प्रोफेसर मनीष कुमार और

जसदीप धीमान द्वारा छात्रों का मार्गदर्शन किया गया। छात्रों ने अदालत की मध्यस्थता और सुलह शाखा का भी दौरा किया। जिसने अदालत के बाहर विवादों को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने उच्च न्यायालय पुस्तकालय के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर हिमालयन समूह के अध्यक्ष रजनीश बंसल ने छात्रों को संबोधित किया और इन मूल्यवान अदालती यात्राओं के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष विकास बंसल और सीईओ मन्नत बंसल भी उपस्थित थे। हिमाचल प्रदेश कॉलेज ऑफ लॉ के प्रिंसिपल डॉ अश्विनी कुमार ने कानूनी पेशे के महत्व के बारे में बात की।

प्रदेश की जनता का भाजपा के प्रति भारी रोष: सोलंकी

एसपी जैरथ/नाहन

नाहन के कांग्रेसी विधायक अजय सोलंकी ने भाजपा को प्रजातंत्र विरोधी करार देते हुए देश के लिए बड़ा खतरा बताया है। तो वहीं बागी विधायकों को पार्टी के साथ की गई गद्दारी को लेकर सोलंकी ने कहा जो अपनी जननी के साथ धोखा कर सकते हैं वह आम जनता को क्या बख्शेंगे। सोलंकी ने कहा कि इन बागी विधायकों को उनके विधानसभा क्षेत्र की जनता ने कांग्रेस में आस्था जताते हुए जीत दिलाई थी।उन्होंने कहा आज उनके अपने विधानसभा क्षेत्र में जनता इन्हें गद्दार कह रही है। सोलंकी ने कहा केंद्र की मोदी सरकार धन बल और एनफोर्समेंट एजेंसियों के दम पर प्रजातंत्र को खत्म कर पूरी तरह से तानाशाह हो गई है। सोलंकी ने कहा कि प्रदेश की जनता ने जिस तरीके से उन्हें विधानसभा चुनाव में बुरी तरह से नक्कर दिया था आज भाजपा जनता की भावनाओं को धन बल से खरीद कर सत्ता में आने के सपने देख रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इन विधायकों को नहीं पता की कुछ समय बाद आरएसएस विचारधारा में गद्दारों की हालत ना घर की रहेगी ना घाट की रहेगी। सोलंकी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रजातंत्र में विश्वास रखती है और जनता के

भरोसे को बरकरार रखते हुए फैसला भी लेती है। उन्होंने कहा कि यदि बागी विधायक अपनी गलती को मानते हुए वापसी करते हैं तो मुख्यमंत्री निश्चित ही उन्हें माफ भी कर देंगे। सोलंकी ने यह भी कहा कि हम भी विधायक हैं मगर हम संगठन तथा मुख्यमंत्री में दृढ़ आस्था रखते हैं।मंत्री अथवा पद का लालच करने वाले जनता की सेवा नहीं बल्कि कुछ और इच्छाएं ज्यादा रखते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विधायक रहते हुए भी वह भी जब सरकार उन्हें की हो तो ना सम्मान काम होता है और ना ही विकास। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से जनता की भावनाओं से खेलते हुए राजनीतिक अस्थिरता सत्ता के मद में चूर केंद्र की भाजपा ने दिखाई है निश्चित ही लोकसभा चुनाव में इसका परिणाम प्रदेश की जनता उन्हें जरूर देगी।

5 को बिलासपुर के लुहनू से होगी खेल महाकुंभ के तीसरे संस्करण की शुरूआत

विवेकानंद वशिष्ठ/हमीरपुर

हमीरपुर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश सचिव नरेंद्र अत्री ने कहा कि सांसद व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की सोच युवा नशा मुक्त, खेल युक्त बने उसी संदर्भ में सांसद खेल महाकुम्भ के तीसरे संस्करण का प्रारम्भ 5मार्च को बिलासपुर स्थित लुहनू क्रिकेट स्टेडियम में होगा। सांसद खेल महाकुम्भ के तीसरे संस्करण में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा व पूर्व कप्तान व वर्तमान टीम के कोच तीनस प्रविड़ मुख्यातिथि होंगे। उनके साथ जिलाध्यक्ष देशराज शर्मा व प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अंकुश दत्त शर्मा सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

रेणुका जी पुलिस थाना प्रभारी को सोते हुए आया अटेक, निधन

एसपी जैरथ/नाहन

सिरमौर जिला के रेणुकाजी पुलिस थाना के प्रभारी जीत सिंह का पांवटा में आकस्मिक निधन हो गया। इंस्पेक्टर जीत सिंह के आकस्मिक निधन से पुलिस विभाग में शोक की लहर है। बताया जा रहा है कि जीत सिंह को पांवटा साहिब में अपने एक रिश्तेदार के घर पर सोते समय दिल का दौरा आने से उनकी मौत हुई, हालांकि सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद चल सकेगा। बताया यह भी जा रहा है कि पहले भी उन्होंने हृदय रोग का इलाज करवाया था। भले ही विभाग से इस बारे पुष्टि होना बाकी है। 57

वर्षीय इंस्पेक्टर जीत सिंह पिछले कुछ वर्षों से सिरमौर के विभिन्न थानों में तैनात रहे। रेणुका जी से पहले वह पुरुवाला थाने में सेवाएं दे चुके हैं। जानकारी के अनुसार कल जीत सिंह पावटा साहिब में अपने रिश्तेदार के घर आए हुए थे। यहां से उन्होंने अपने एक साथी के साथ धर्मशाला जाना था। जहां उनकी कोर्ट में एविडेंस थी। सम्भावना जताई जा रहा है कि जीत सिंह को रात को सोते समय हार्ट अटैक आया और इस स्थिति में उनका देहांत हो गया। रिश्तेदारों को सुबह घटना का पता चला तो उन्हें पांवटा साहिब अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पांवटा साहिब थाना प्रभारी अशोक चौहान ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।

सिरमौर पुलिस ने दिल्ली से चिट्टे सहित नाइजीरियन निवासी किया गिरफतार

एसपी जैरथ/नाहन

जिला सिरमौर पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध छेड़े गए अभियान के अंतर्गत एक नाइजीरियन व्यक्ति को चिट्टे सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। बता दें आरोपी के कब्जे से 32.45 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। पुलिस ने आज आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपी को दो दिन के लिए पुलिस रिमांड पर भेजा गया है ।गौरतलब है कि 20 फरवरी को पुलिस की डिटेक्शन सेल ने गुप्त सूचना के आधार पर खजुरना पुल के साथ जामन की पुलिया के पास आरोपी रोशन लाल 36 उर्फ विक्की डॉन पुत्र रतन लाल के वाहन नंबर एचआर 12 वाई-8814 को जांच के लिए रोका।

तलाशी के दौरान पुलिस टीम ने आरोपी के कब्जे से 22.92 ग्राम हेरोइन और 960 ट्रामाडोल कैप्सूल बरामद किए। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया और आगामी कार्यवाही अमल में लाई। आरोपी जोरासी खुर्द, डाकघर बोडगी, तहसील पेहुवा, जिला कुरूक्षेत्र, हरियाणा का रहने वाला है ।आरोपी से पूछताछ करने के बाद पुलिस ने इस मामले में संलिप्त एक और आरोपी रोशन लाल निवासी हरियाणा को गिरफ्तार किया। मामले को गंभीरता से देखते हुए नशे के तस्करों की जड़ तक पहुंचने के लिए डीएसपी रमाकांत ठाकुर के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन किया गया।

एसआईटी टीम द्वारा आरोपी से पूछताछ करने के बाद एक और आरोपी तेज प्रताप को अंबाला हरियाणा से गिरफ्तार किया गया। एसआईटी द्वारा उक्त दोनों आरोपियों से पूछताछ के दौरान नशे की सप्लाई के बारे में जांच पड़ताल करने पर पाया गया कि उपरोक्त दोनों तस्कर चिट्टा की सप्लाई दिल्ली में रह रहे एक नाईजिरियन व्यक्ति से लेकर आते है ।इसके बाद एसआईटी की टीम ने मुख्य तस्कर को दिल्ली से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। इस दौरान नाइजीरियन व्यक्ति के कब्जे से 32.45 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। एसआईटी में एसआई राजविंद्र सिंह, एएसआई कृष्ण भंडारी, मुख्य आरक्षी अनिल कुमार, रोहित कुमार, आरक्षी कपिल, विशाल व दिनेश शामिल थे ।नशे के कारोबारियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए जिला सिरमौर पुलिस द्वारा इस वर्ष पिछले दो माह के दौरान कुल 17 मामले दर्ज करके 26 अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया गया है। इनके पास से 1.577 किलो ग्राम चरस, 20 ग्राम अफीम, 6.086 किलो ग्राम चुरा पोस्त, 937 ग्राम गांजा, 75.26 ग्राम स्मेक के अलावा 2880 नशे के कैप्सूल बरामद किए है।

प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम बारे उद्योगपतियों को दी जानकारी

एसपी जैरथ/नाहन

प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के तहत विस्तारित उत्पादित जिम्मेदारी की पूर्ति के संबंध में काला नौ धोअंब में सदस्य सचिव, एचपीएसपीसीबी की अध्यक्षता में निमार्ता आयातक, ब्रांड मालिकों, अपशिष्ट प्रबंधन एजेंसियों और शहरी विकास विभाग के साथ एक बैठक आयोजित की गई थी ।बैठक में प्लास्टिक पैकेजिंग के उत्पादन एवं उपयोग में लगी औद्योगिक इकाइयां उपस्थित थी। हिमाचल राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन

नियम 2016 और पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा निर्धारित विस्तारित उत्पादक जिम्मेदारियों के बारे में अवगत कराया। इसके अलावा इस बात पर जोर दिया गया कि माननीय उच्च न्यायालय उद्योगों द्वारा विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व लक्ष्य को पूरा करने की निगरानी कर रहा है।

राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड ने मनरेगा मजदूरों की गैर कानूनी तौर पर रोकी है वित्तिय सहायता

चमन शर्मा/शिमला

मुख्यमंत्री एवं श्रमिक कल्याण बोर्ड के नए अध्यक्ष सुखविंदर सिंह सुखू की अध्यक्षता में शिमला में उनके कार्यालय में हिमाचल प्रदेश राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड की 44वीं बैठक आयोजित की गई।हालांकि ये बैठक 29 फ?वरी को रखी गई थी लेकिन प्रदेश सरकार पर छाए संकट के कारण ये नहीं हो पाई और यह बैठक जल्दबाजी में केवल रस्मअदायगी के रूप में ही हुई और लंबित मुद्दों पर निर्णय नहीं हो सके। बोर्ड सदस्य व सँयुक्त ट्रेड यूनियन सँघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र सिंह, इंटक की हेमा तंवर, बीएमएस के प्रदीप कुमार, एटक के जगदीश भारद्धाज और टीयूसीसी से रविन्द्र कुमार रवि ने कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि इस बैठक में गत डेढ़ साल से बोर्ड की

रुकी हुई कार्यप्रणाली व सहायता जारी करने बारे निर्णय होने की उम्मीद थी लेकिन मुख्यमंत्री केवल दस मिनट के लिए ही बैठक में आये और सरकार के बजट में की गई दो घोषणाओं को बोर्ड में लागू करने के बारे में बोल कर चले गए जिसपर सभी मजदूर संगठनों के सदस्यों ने एतराज जताया है और बोर्ड के सचिव को दस दिन में रोकी गयी वित्तिय सहायता राशी जारी करने का अल्टीमेटम दिया है अन्यथा उसके बाद अभी यूनियनें पहले से जारी सँघर्ष को और तेज करेंगी। संयोजक भूपेंद्र सिंह ने बताया कि वर्तमान कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में बोर्ड का सारा काम पिछले 14 महीनों से लगभग बन्द पड़ा हुआ है जिसके खिलाफ मजदूर यूनियनें सँयुक्त रूप में सरकार और बोर्ड के खिलाफ कई बार सडकों पर उतर कर आंदोलन भी कर चुकी हैं और मुख्यमंत्री से भी मिल चुकी हैं लेकि? कार्य बहाल नहीं किया गया है। पूर्व में श्रम मंत्री इस बोर्ड के चेयरमैन थे लेकिन अब मुख्यमंत्री ने स्वयं ही इसकी कमान संभाल ली है और 2 फ?वरी से बोर्ड के अध्यक्ष बन गए हैं और उनकी अध्यक्षता में हुई बैठक में भी मनरेगा मजदूरों को गैर कानूनी तौर पर रोकी गयी सहायता बहाल नहीं हो पाई। यही नहीं बोर्ड में मनरेगा मजदूरों के सदस्य बनने और उनके नवीनीकरण व लाभ रोकने बारे 12 दिसंबर 2022 को जारी अधिसूचना भी इसी सरकार ने जारी की थी जो वर्ष 1996 में बने कानून की उलंघन्ना है। इसके बारे में विधि विभाग ने भी गत अक्टूबर माह में मनरेगा मजदूरों को बोर्ड का सदस्य बनने पर लगाई रोक को कानूनी तौर पर गलत ठहराया है। लेकि? उसके बाद भी बोर्ड इसे लागू नहीं कर रहा है और मजदूरों की वित्तिय सहायता और पंजीकरण तथा नवीनीकरण रोक रखा है। उन्होंने बताया कि बोर्ड में पंजीकृत कुल साढ़े चार लाख मजदूरों में से 3 लाख मनरेगा में काम करने वाले मजदूर हैं जिनमें से एक लाख 15 हजार से ज्यादा मजदूरों की 20 करोड़ रुपये की सहायता पिछले डेढ़ साल से गैर कानूनी तौर पर बोर्ड ने रोकी हुई है। इसके अलावा मजदूरों को सेस अदायगी बारे प्रमाण पत्र देने, मजदूर यूनियनों को रोजगार पत्र जारी करने के अधिकार से वंचित करने के फैसले का भी सभी यूनियनें विरोध कर रही हैं।

सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत समीक्षा बैठक आयोजित

हामिद/चंबा

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी राहुल चौहान की अध्यक्षता में सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत चयनित जिला चंबा के विकास खंड मैहला की ग्राम पंचायत मंगला तथा विकास खंड भट्टियात की ग्राम पंचायत मेल में किये जा रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों की समीक्षा को लेकर शनिवार को कार्यालय जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न कार्यों की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत चल रहे विभिन्न कार्यो से पंचायतों में रहने वाले लोगों की बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ उनके जीवन स्तर में व्यापक सुधार हो रहा। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य गांवों को रोल मॉडल के रूप में विकसित करना है। उन्होंने विभिन्न कार्यों को निश्चित समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए।उन्होंने

कहा कि आदर्श ग्राम योजना के तहत चिन्हित ग्राम पंचायतों में पेयजल एवं स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, संपर्क मार्गो एवं आवास, कृषि व बागवानी, सामाजिक सुरक्षा, बिजली एवं स्वच्छ ईंधन, कृषि पद्धति, डिजिटलाइजेशन, वित्तीय समावेशन और आजीविका एवं कौशल जैसे कार्यों के अनुरूप तैयार की गई कार्ययोजना का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित बनाया जा रहा है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत चयनित ग्राम पंचायत मंगला और ग्राम पंचायत मेल में चल रहे विभिन्न कार्यों में तेजी लाना सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने कहा कि योजना के तहत किए गए कार्यों की रिपोर्ट जल्द से जल्द प्रस्तुत करें। बैठक में उक्त ग्राम पंचायतों में योजना के तहत हो रहे विभिन्न विभागीय विकासात्मक कार्यो पर तैयार की गई सैल्फ पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई।

आईआईटी मंडी हिमाचल के युवाओं को मशीन लर्निंग कौशल से सशक्त बना रहा

खेमचंद शास्त्री/मंडी

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी आईआईटी मंडी ने हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम एचपीकेवीएन के सहयोग से अपने 10वें कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जिसका उद्देश्य मशीन लर्निंग में आवश्यक कौशल के साथ हिमाचल प्रदेश के युवाओं को सशक्त बनाना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम, जो 29 जनवरी 2024 से 29 फरवरी 2024 तक चलाए में हिमाचल क्षेत्र के 54 उत्साही युवाओं की सक्रिय भागीदारी देखी गई। कार्यक्रम की पूरी अवधि के दौरान, प्रतिभागियों को मशीन लर्निंग में व्यावहारिक ज्ञान और कौशल से लैस करने के लिए डिजाइन किए गए एक व्यापक पाठ्यक्रम पढ़ाया गया। मशीन लर्निंग एमएल, उन्नत कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई का एक उपसमूह, चौथी औद्योगिक क्रांति की आधारशिला के रूप में उभर रहा है, जिसे उद्योग 4.0 के रूप में भी जाना जाता है। भारत में एमएल पेशेवरों की मांग तेजी से बढ़ रही है, जिससे देश के मजबूत आईटी और सॉफ्टवेयर सेवा क्षेत्र से बढ़ावा मिला है। बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और दिल्ली-एनसीआर जैसे प्रमुख आईटी क्षेत्र एआई और एमएल नौकरी के अवसरों के केंद्र बन गए हैं। भारत में एमएल पेशेवरों के लिए वेतन सीमा अनुभव, कौशल, स्थान और नियोक्ता के आधार पर व्यापक रूप से भिन्न होती है। प्रवेश स्तर के पद प्रति वर्ष 3.6 लाख रुपये से

शुरू हो सकते हैं। आईआईटी मंडी में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में श्रीमती गंधर्व राठौड़, आईएएस-एचपीकेवीएन के प्रबंध निदेशकय श्री अतुल करोहटा-एचपीकेवीएन के राज्य समन्वयकय शिवेंदु चौहान-एचपीकेवीएन के जिला समन्वयकय प्रो.तुषार जैन- आईआईटी मंडी में सतत शिक्षा केंद्र सीसीई के प्रमुखय प्रो. मनोज ठाकुर-अध्यक्ष, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, आईआईटी मंडीय और प्रो.अंजन कुमार स्वैन-आईआईटी मंडी में कार्यक्रम समन्वयक, उपस्थित थे। अपनी आभासी उपस्थिति में गंधर्व राठौड़, आईएएस-एचपीकेवीएन के प्रबंध निदेशक, ने प्रतिभागियों की उपलब्धियों और आकांक्षाओं पर एक समग्र दृष्टिकोण पेश किया। श्रीमती राठौड़ ने इन पाठ्यक्रमों के महत्व पर जोर दिया और विश्वास व्यक्त किया कि वे हिमाचली युवाओं को उद्योगों की मांगों के अनुरूप करियर के रा२२२२२स्ते खोजने में मदद करेंगे। उन्होंने हिमाचल के युवाओं को यह मूल्यवान अवसर प्रदान करने के लिए आईआईटी मंडी का आभार व्यक्त किया और भविष्य में हिमाचल के युवाओं के लिए इस तरह के और अधिक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने का संकेत दिया। इस अवसर पर बोलते हुए, आईआईटी मंडी के सतत शिक्षा केंद्र के प्रमुख प्रो. तुषार जैन ने पूरे प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों द्वारा प्रदर्शित प्रतिबद्धता और उत्साह की सराहना की। उसने कहा, मैं एचपीकेवीएन का, आईआईटी मंडी को इस कार्यक्रम की भागीदार बनाने के लिए और हिमाचल प्रदेश के युवाओं को सशक्त बनाने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना करता हूं। आईआईटी मंडी द्वारा पेश किए गए आईओटी और रोबोटिक्स के साथ मशीन लर्निंग पर एक महीने के इन पाठ्यक्रमों ने कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित किया और इन उत्साही युवाओं की रोजगार क्षमता और आर्थिक संभावनाओं को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

योग व पंचकर्म भवन तथा 9 पंचकर्म संकुल का किया लोकार्पण

खेमचंद शास्त्री/मंडी

कंद्रीय आयुष राज्य मंत्री डॉ. मुंजपरा महेंद्रभाई कालूभाई ने शनिवार को क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान पंडोह के नवनिर्मित मुख्य भवन, योग व पंचकर्म भवन तथा 9 पंचकर्म संकुल का लोकार्पण किया। इनके निर्माण पर 22.5 करोड़ रुपये की राशि व्यय हुई है। उन्होंने कहा कि इस भवन के लोकार्पण से जहां स्थानीय लोगों के लिए उत्तम स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध होंगी वहीं अनेक प्रकार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। आयुर्वेद के अनुसंधान के क्षेत्र में यह संस्थान उत्कृष्ट कार्य करेगा। इससे आयुर्वेद के महत्वपूर्ण सिद्धांतों को आधुनिकता और सुगमता के साथ

जोड? का संकल्प पूरा होगा। हिमाचल प्रदेश के नागरिक आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति, पंचकर्म चिकित्सा एवं योग द्वारा लाभान्वित होंगे। वहीं अन्य प्रदेशों एवं विदेशों से आने वाले पर्यटक भी मेडिकल वैल्यू ट्रैवल के माध्यम से पंचकर्म एवं योग के द्वारा स्वास्थ्य लाभ ले सकेंगे। आयुष राज्य मंत्री ने इस मौके पर क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, रानीखेत, उत्तराखंड में 7.87 करोड़ की लागत से बनने वाले स्टाफ क्वार्टर एवं गेस्ट हाउस का वर्चुअल शिलान्यास भी किया। आयुष मंत्री ने बताया कि रानीखेत संस्थान का गेस्ट हाउस विभिन्न सम्मेलनों, सेमिनारों और कार्यशालाओं आदि में भाग लेने वाले मेहमानों, आगंतुकों और संसाधन व्यक्तियों के लिए बोर्डिंग और आवास की सुविधाएं प्रदान करेगा। यह बुनियादी ढांचा निश्चित रूप से संस्थान की आगामी गतिविधियों पर एक बड़ा प्रभाव डालेगा।मंत्री ने बताया कि दोनों संस्थान केवल चिकित्सालय नहीं है, अपितु महत्वपूर्ण अनुसंधान केंद्र भी हैं, जहाँ आयुर्वेदीय चिकित्सा प्रक्रियाओं, औषधियों एवं विविध प्रकार के रोगों से सम्बंधित अनुसंधान कार्य किए जाते हैं। अनुसंधान कार्य में आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा रोगियों को निरूशुल्क परीक्षणों एवं विशेष औषधियों का लाभ प्रदान किया जाता है। पंडोह संस्थान के द्वारा आसपास की पंचायतों में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान करने तथा उनकी सामाजिक परिस्थिति और जनसांख्यिकी का अध्ययन करने हेतु विविध बाह्य जन स्वास्थ्य अनुसंधान कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं। इन दोनों संस्थानों की एक और विशेषता है बॉटनी अर्थात वनस्पतियों और जड़ी-बूटियों से सम्बंधित अनुसंधान अनुभाग। इस अनुभाग द्वारा पूरे हिमाचल एवं उत्तराखंड प्रदेश के दूर-दराज के अलग-अलग स्थानों का दौरा करके वहां स्थित विशेष जड़ी-बूटियों की पहचान एवं संग्रहण करके विशिष्ट अध्ययन एवं अनुसंधान कार्य किया जाता है।

बारिश के मौसम में जय मां मुरारी स्वीटस शॉप से ग्राहकों ने खूब की जलेबी की खरीददारी

कश्मीर ठाकुर/बिलासपुर

शनिवार को बारिश के मौसम में बरमाणा कैंची मोड़ स्थित जय मां मुरारी स्वीटस शॉप में ग्राहकों ने खूब कुरकुरी जलेबी की ख?ीददारी की। जय मां मुरारी स्वीट शॉप के हलवाई काला राम ठाकुर जलेबी का पकवान बनाने में माहिर है। अब इनकी मिठाई के काफी लोग शौकीन हो रहे है। बरमाणा में जलेबी खाने का मन करे तो लोग फौरन उन्हें अपना आर्डर देते है। ग्राहकों का कहना है कि जय मां मुरारी स्वीटस शॉप की जलेबी सही में स्वाद से मोहित करदेने वाली होती है। वहीं

देसी घी में पकाई गई जलेबियों के लिए भी बरमाणा कैंची मोड़ प्रसिद्ध होता जा रहा है। बिना देसी घी की लगभग 160 और देशी घी की 500 रुपये प्रति किलोग्राम की कीमत के बावजूद ये मुंह में घुल जाने वाले जलेबी व्यंजन बरमाना वासियों के बीच पसंदीदा हैं। समोसे के साथ जोड़े जाने पर वे एक आकर्षक अनुभव प्रदान करते हैं।

किन्नौर में चली जैव विविधता संरक्षण की पाठशाला

अनिल/किन्नौर

भावानगर। जिला किन्नौर में जैव विविधता संरक्षण के लिए निगुलसरी में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जाइका वानिकी परियोजना के जैव विविधता विशेषज्ञ डा. एसके काप्टा ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि जिला किन्नौर में जाइका वानिकी परियोजना और वन विभाग ने 105 हेक्टेयर भूमि पर चिलगोजा के पौधे रोपे गए। यहीं से साबित होता है कि इस जिले में जैव विविधता के संरक्षण के लिए बेहतरीन कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जाइका वानिकी परियोजना इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। डा.एसके काप्टा ने कहा किन्नौर के ऐसे क्षेत्र जहां-जहां पर चिलगोजे के पौधे रोपे जाते हैं वहां के लिए जाइका वानिकी परियोजना पौधे वितरित कर रही है। उन्होंने यहां मौजूद स्वयं सहायता समूहों को जैव विविधता के उचित संरक्षण एवं संवर्धन की जानकारी दी। किन्नौर वन मंडल के वन परिक्षेत्र भावानगर, निचार, कटगांव, मूलिंग व पूह में कुल 22 ग्रामीण वन विकास समितियां बन चुकी हैं। इन समितियों के माध्यम से परियोजना द्वारा पौधरोपण, जैव विविधता प्रबंधन व ग्रामीण ढांचागत सुधार के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। कार्यशाला के दौरान सेवानिवृत डीएफओ सीएम शर्मा ने वन मंडल किन्नौर में जाइका वानिकी परियोजना के माध्यम से चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी। पीएमयू शिमला से विषय वस्तु विशेषज्ञ रीना शर्मा ने यहां उपस्थित स्वयं सहायता समूहों से संबंधित विभिन्न योजनाओं के बारे लोगों को जानकारी दी। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों को हथकर्घा, खाद्य प्रसंस्करण, केचुआ खाद तैयार करना, सिलाई-कटाई एवं बुनाई, आचार तैयार कर अपनी आजीविका में और सुधार करने के तरीके बताए। इस अवसर पर विषय वस्तु विशेषज्ञ राधिका, एफटीयू को-ऑर्डिनेटर प्रियंका नेगी समेत सभी चार वन परिक्षेत्र के प्रभारी भी मौजूद रहे।

बिलासपुर में विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत 2508 लाभार्थियों को मिलेगा लाभ

कश्मीर ठाकुर/बिलासपुर

जिला बिलासपुर में पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना के अंतर्गत 2508 लाभार्थियों को योजना का लाभ जल्द दिया जाएगा यह जानकारी उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने आज जिला स्तरीय कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने बताया कि उद्योग विभाग द्वारा जिला बिलासपुर में 2553 पात्र व्यक्तियों की पहचान की गई थी जिसमें 45 व्यक्तियों की आवेदन फार्म में त्रुटि पाई गई है। उपायुक्त ने विभाग को सभी संबंधित व्यक्तियों से दोबारा फॉर्म आवेदन करवाने के निर्देश दिए ताकि सभी पात्र व्यक्तियों को इस योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि सबसे अधिक घुमारवीं ब्लॉक के 962 लोगों ने इस योजना के लिए आवेदन किया है। इसके अतिरिक्त सदर ब्लॉक के 719, झंडुता ब्लॉक के 502 और श्री नयना देवी जी ब्लॉक के 370 लोगों ने इस योजना के लिए आवेदन किया था। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत 18 क्षेत्रों में कार्य करने वाले व्यक्तियों को इस योजना का लाभ मिलना था जिला बिलासपुर में दर्जी ट्रेड में सबसे ज्यादा 1785 लोगों ने आवेदन किया है।

राजू और बीजू ने अपने पिता की पुण्यतिथि पर रक्तदान कर दी श्रद्धांजलि

श्याम कुल्वी/कुल्लू

समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी,बीजू तथा राजू दोनों भाईयों ने आज अपने पिता, स्वर्गीय बबलू की पहली पुण्यतिथि पर एक अनूठी और सार्थक पहल करते हुए कुल्लू के क्षेत्रीय अस्पताल में रक्तदान किया। इस रक्तदान के माध्यम से उन्होंने न केवल अपने पिता की स्मृति को श्रद्धांजलि अर्पित की, बल्कि समाज में रक्तदान के महत्व को भी उजागर किया। बीजू का यह 31वाँ और

राजू का छठा रक्तदान था, जो उनकी समाजसेवा के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इस अवसर पर बोलते हुए, बीजू ने कहा, हमारे पिता हमेशा से समाजसेवा में विश्वास रखते थे और यह रक्तदान उनकी उसी आदर्शवादिता को आगे बढ़ाने का हमारा प्रयास है।ये रक्तदान न केवल एक व्यक्तिगत श्रद्धांजलि थी, बल्कि यह एक सामाजिक संदेश भी था कि किस प्रकार व्यक्तिगत दुःख और स्मृतियों को सामाजिक कल्याण में परिवर्तित किया जा सकता है। उनकी इस पहल को अस्पताल प्रशासन और समाज के अन्य वर्गों से भी

अर्थशास्त्र विभाग के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन

एसपी जैरथ/नाहन

डॉ. वाई एस परमार राजकीय स्नातकोतर महाविद्यालय नाहन में अर्थशास्त्र विभाग के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी छात्रों के द्वारा किया गया। जिसका मुख्य शीर्षक था जी-20 समेलन और उसका भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव। इस प्रतोगिया में विभिन्न कक्षाओं के 09 छात्रो ने भाग लिया। जिसमें पहला स्थान बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा इशिका, दूसरा स्थान बी ए द्वितीय वर्ष की छात्रा तपस्या और तीसरा स्थान एम ए द्वितीय स्मेस्टर की छात्रा अंजली ने प्राप्त किया। इस समारोह का संचालन

अर्थशास्त्र विभाग की प्राध्यापिका प्रो नवदीप कोर शाह ने किया। समारोह के दौरान विभागाध्यक्ष डॉ रवि कांत शर्मा ने सत्र 2023-24 में विभाग के द्वारा आयोजित की गए विभिन्न गतिविधियों से सभी को अवगत कराया। समारोह के दौरान विभाग के प्राध्यापक प्रो गोपाल भारद्वाज ने जी-20 समेलन और इसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर अपना व्याख्यान दिया।मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रेम राज भारद्वाज विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने वक्तव्य में छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और आज के संदर्भ में वैश्विक स्तर पर इस तरह के स्मेलन की जरूरतों पर विस्तारपूर्वक अपने विचार साझा किए। नवंबर माह में विभाग के द्वारा प्रश्नौतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया था।

जिसमे पहला स्थान प्रियंका ठाकुर, अंबिका शर्मा व सौम्या दूसरा स्थान सुभाषणी दास, निकिता ठाकुर व साक्षी और तीसरा स्थान तपस्या,भूभूति व प्रियांशी ने हासिल किया था उन सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। समान्न समारोह में अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ यशपाल सिंह तोमर ने धन्यवाद ज्ञापित किया और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

प्रदेश सरकार पिछड़े जिले चंबा में मूलभूत सुविधाएं देने में नाकाम

हामिद/चंबा

जब से हिमाचल में कांग्रेस की सरकार बनी है तभी से जिला चंबा पिछड़ता जा रहा है, विकास के कार्य पूरी तरह थप्प पड़ गए हैं स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह चरमरा गई है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं पूर्व में अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास निगम के उपाध्यक्ष रहे जय सिंह ने कीड़ी में कहीं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के तो इतने बुरे हाल हैं की प्राथमिक स्वास्थ्य केदो में डॉक्टर तक नहीं है सहायक ही इन केदो को चला रहे हैं। समय पर दवाइयां नहीं मिल रही स्टॉक खत्म

होने का बहाना बनाया जा रहा है। बिजली विभाग के तो इससे भी बुरे हाल है लगभग 10000 लोगों के आवेदन लंबित पड़े हैं जिन्हें मीटर नहीं मिल पा रहे हैं। घरों में नल लगाने के लिए विभाग के पास पाइप नहीं है मगर चुने हुए प्रतिनिधि इस बात से अनभिज्ञ हैं। उन्होंने कहा कि चंबा में काम से कम अभी तक 12 मंत्री दौरा कर चुके हैं और कभी उन्होंने भी चंबा का दर्द जानने की कोशिश नहीं की।

खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा जिला स्तरीय आस पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का किया आयोजन

विवेकानंद वशिष्ठ/हमीरपुर

नेहरू युवा केंद्र हमीरपुर, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा जिला स्तरीय आस पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन कैरियर पॉइंट यूनिवर्सिटी हमीरपुर में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल जी रहे ।एच पी सी ए के मेंबर नरेंद्र अत्री, जिला युवा अधिकारी दीपमाला एवं कैरियर पॉइंट यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ संजीव भी मुख्य रूप से इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे ।इस कार्यक्रम का विषय विकसित भारत 2047 है। कार्यक्रम में सर्वप्रथम दीप प्रजलन के साथ सरस्वती वंदना की गयी उसके

उपरांत जिला युवा अधिकारी दीपमाला द्वारा मुख्य अतिथि को शॉल टोपी मोमेंटो दे कर समानित किया गया ।कार्यक्रम मे जिला युवा अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि व सभी गणमान्यो व्यक्ति गणों का स्वागत किया गया साथ ही जिला स्तरीय आस पड़ोस युवा संसद के बारे मे बताया ।कार्यक्रम में मॉक संसदीय सत्र का भी आयोजन किया गया जिसमें युवाओं ने बढ़ -चढ़ कर भाग लिया साथ ही युवाओ को नारी शक्ति,माई भारत पोर्टल व विकसित भारत, मिलेट,लीडरशिप के बारे में भी जानकारी प्रदान की।

अरुण धूमल ने भी संसदीय सत्र में युवाओं की नेतृत्व कला की सराहना की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व के गुणों का विकास करना है, ताकि वो अपनी पूरी क्षमता का एहसास कर सके तथा राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में योगदान कर सके, तथा युवाओं को उनके संबंधित क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने और उन्हे विकास प्रक्रिया में सबसे आगे लाने के लिए प्रेरित करना तथा राष्ट्रीय निर्माण के लिए युवा ऊर्जा का उपयोग करना सिखे ।इस वर्ष आस पड़ोस युवा संसद का आयोजन विकसित भारत में युवाओं की भूमिका को ध्यान में रखते हुए नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा पूरे भारत वर्ष मे किये जा रहे है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आई पी एल चेयरमैन अरुण धूमल ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा के युवा विकसित भारत निर्माण में बहुत ही अहम भूमिका निभाएंगे तथा युवाओं को आज से ही दृढ़ संकल्प होकर इस कार्य में लग जाना चाहिए।अरुण धूमल ने नेहरू युवा केंद्र हमीरपुर की प्रशंसा करते हुए कहा कि नेहरू युवा केंद्र हमीरपुर निरंतर युवाओं को प्रेरित करने के लिए विभिन्न प्रकार के सामाजिक, प्रेरणादायक और खेलकूद से संबंधित कार्यक्रम करवाते रहते हैं जो की बहुत ही सराहनीय हैं।

रेलवे प्रोजेक्ट कंपनी के जीएम व क्रशर मालिक की काल डिटेल जांची

कश्मीर ठाकुर/बिलासपुर

जिला कांग्रेस कमेटी विधि विभाग के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीण शर्मा ने प्रदेश सरकार एवं पुलिस विभाग से पूर्व विधायक मारपीट मामले में भाजपा नेताओं व रेलवे प्रोजेक्ट कंपनी के जीएम व क्रशर मालिक की आपसी बातचीत की काल डिटेल की जांच की मांग की है। ताकि इस मामले की जांच सही तरीके से हो सके। उन्होंने पूर्व विधायक के साथ मारपीट की घटना को सुनियोजित तरीके से षडयंत्र करार दिया है। वह शुक्रवार को यहां पर पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। जिला कांग्रेस कमेटी विधि विभाग के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीण शर्मा ने कहा कि पुलिस द्धारा पूर्व विधायक के मारपीट की घटना के 12 आरोपियों को गिरफतार कर लिया गया है। तथा वह न्यायिक हिरासत में है। उन्होंने इस घटना के प्रति रेलवे प्रोजेक्ट के जीएम व क्रेशर ठेकेदार की भूमिका पर संदेह

पर जताया है। पूर्व विधायक को वहां पर बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के मुददे पर वार्ता के लिए बुलाया गया था। लेकिन वहां पर सुनियोजित तरीके से आरोपियों द्धारा जानलेवा हमला किया गया। वहीं, उन्होंने भाजपा नेताओं द्धारा की बयानबाजी पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा नेताओं द्धारा की गई बयानबाजी से इस घटना में उनकी मिली भगत का संदेह पैदा होती है। इसलिए मामले में भाजपा नेताओं व रेलवे प्रोजेक्ट कंपनी के जीएम व क्रशर मालिक की आपसी बातचीत की काल डिटेल की जांच की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सदर ब्लाक कांग्रेस इस मुददे पर एसपी बिलासपुर को ज्ञापन प्रेषित करेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खु को मौजूदा राजनैतिक संकट को कूटनीतिक तरीके से हल करने पर बधाई दी है। इस अवसर पर सदर ब्लाक अध्यक्ष देशराज ठाकुर, शहरी कांग्रेस अध्यक्ष राकेश शर्मा, जिला महासचिव अब्दुल रहमान, जिला महासचिव रणवीर सिंह चंदेल सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे।

यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए वन-वे ट्रैफि क सिस्टम लागू

खेमचंद शास्त्री/मंडी

करसोग बाजार में बढ़ती यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने और आमजन की सुरक्षा के दृष्टिगत करसोग उपमंडल प्रशासन ने जनहित में करसोग बाजार में यातायात व्यवस्था को साफ मौसम के दौरान वन-वे करने के निर्देश जारी किए है।एसडीएम करसोग नरेन्द्र सिंह की ओर से जारी आदेशों में कहा गया है कि सभी प्रकार के भारी वाहनों की आवाजाही गैस एजेंसी गोदाम, गांव न्यारा से इमला खड्ड बरल पूल करसोग बाईपास रोड से संचालित होगी। उन्होंने अपने आदेशों में कहा है कि करसोग बाजार में नगर पंचायत द्वारा नालियों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस ड्रेनेज सिस्टम के बनने के पश्चात भी करसोग बाजार, भारी वाहनों की

आवाजाही के लिए केवल रात्रि के समय सांय 7 बजे से सुबह 7 बजे तक खुला रहेगा। उन्होंने कहा कि दिन के समय सभी प्रकार के भारी वाहनों की आवाजाही वाईपास रोड से ही मान्य होगी। उन्होंने अपने आदेशों में कहा है कि इमला खड्ड पुल से लेकर गैस एजेंसी गोदाम तक सभी प्रकार के छोटे या हल्के वाहनों के लिए भी यातायात व्यवस्था एक तरफा रहेगी। सभी प्रकार के छोटे वाहन जो डिग्री कॉलेज ममेल, बरल की ओर से सनारली की तरफ चलेंगे, वे सभी बाईपास होते हुए जाएंगे, जबकि सनारली की ओर से बरल, ममेल डिग्री कॉलेज की ओर आने वाले सभी प्रकार के छोटे या हल्के वाहन गैस एजेंसी गोदाम से बसस्टैंड, करसोग बाजार होते हुए नीचे की ओर आएंगे। उन्होंने कहा कि करसोग से टकरोल रोड सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए खुला रहेगा। एसडीएम ने अपने आदेशों में कहा है कि आपातकालीन वाहनों जैसे एम्बुलेंस, अग्निशमन वाहनों आदि को इन आदेशों का पालन करने में छूट रहेगी। इसके अतिरिक्त, ऐसे निजी वाहन, जिनमें आपातकालीन स्थिति में मरीजों का आवागमन आवश्यक होगा और ऐसे निजी वाहनों में मरीज होने पर, आवागमन की छूट रहेगी। उहोंने पुलिस विभाग को भी इन आदेशों का सुचारू पालन सुनिश्चित बनाने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने के निर्देश जारी किए है। एक तरफा यातायात व्यवस्था के यह आदेश साफ मौसम में ही मान्य होंगे। गौरतलब है कि गत दिनों गैस एंजेसी गोदाम गांव न्यारा से इमला खड्ड पुल तक बने बाईपास रोड की फिटनैस जांचने के लिए एसडीएम की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा इस बाईपास रोड पर 47 सीटर बस का सफलता पूर्वक ट्रायल कर वाहनों की आवाजाही के लिए साफ मौसम में सुरक्षित घोषित कर दिया गया है।

बाबा भूतनाथ की स्वयंभू शिवलिंग का काल भैरव उमानंद मंदिर कि तर्ज पर हुआ अद्भुत श्रृंगार

खेमचंद शास्त्री/मंडी

तारा रात्रि से चले बाबा भूतनाथ की माखन रूपी श्रृंगार की 24वें दिन बाबा भूतनाथ की स्वयंभू शिवलिंग का काल भैरव उमानंद मंदिर कि तर्ज पर अद्भुत श्रृंगार किया गया। बाबा भूतनाथ के महंत देवानन्द सरस्वती ने कहा कि यह मंदिर असाम में स्थित हैं, आदि-शक्ति महाभैरवी कामाख्या के दर्शन से पहले गुवाहाटी शहर के पास ब्रह्मपुत्र नदी के बीच में द्वीप के शीर्ष पर स्थित महाभैरव उमानंद के दर्शन करना आवश्यक है। प्रत्येक शक्तिपीठ में अलग-अलग

भैरव होते हैं, और माता के साथ-साथ उनके दर्शन भी करने चाहिए। उसके बाद ही माता शक्ति के दर्शन पूर्ण माने जाते हैं। इसलिए, कामाख्या मंदिर की यात्रा उमानंद मंदिर के दर्शन किए बिना पूरी नहीं होती है ।उन्होंने कहा कि कामाख्या देवी मंदिर देश के 52 शक्तिपीठों में सबसे प्रसिद्ध है ।और मां कामाख्या का यह मंदिर तांत्रिकों का प्रमुख सिद्धपीठ माना जाता है। यहां पर दुनियाभर के तांत्रिक विशेष दिनों में एकत्रित होते हैं। माता कामाख्या तांत्रिकों की देवी होने के साथ ही कुछ संप्रदायों की कुल देवी भी हैं। यह महान शक्ति.साधना का गढ़ है ।आज छोटी काशी में लोग काल भैरव और बाबा भूतनाथ के एक साथ दर्शन कर रहे हैं।

राशन कार्ड धारक 31 मार्च से पहले करवाई ईकेवाईसी

राजन पुरी/ऊना

जिला की सभी उचित मूल्य की दुकानों में पॉज मशीन में ईकेवाईसी के तहत राशन कार्ड में दर्ज सभी सदस्य को आधार कार्ड से जोड़ा जा रहा है, ताकि समस्त पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। इसी कड़ी में जिला में उचित मूल्य की दुकान धारकों द्वारा उपभोक्ताओं की ईकेवाईसी की जा रही है। उपायुकत जतिन लाल ने बताया कि जिन राशन कार्ड उपभोक्ताओं ने अपनी ईकेवाईसी नहीं करवाई है वे 31 मार्च से पूर्व संबंधित/नजदीकी उचित मूल्य

सीएम सुक्खू ने ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों को दिया 10 मिनट का समय

कश्मीर ठाकुर/बिलासपुर

मुख्यमंत्री एवं श्रमिक कल्याण बोर्ड के नए अध्यक्ष सुखविंदर सिंह सुखू की अध्यक्षता में गत शाम शिमला में उनके कार्यालय में हिमाचल प्रदेश राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड की 44वीं बैठक आयोजित की गई। हालांकि ये बैठक 29 फरवरी को रखी गई थी लेकिन प्रदेश सरकार पर छाए संकट के कारण ये नहीं हो पाई और गत शाम भी ये बैठक जल्दबाजी में केवल रस्मअदायगी के रूप में ही हुई और लंबित मुद्दों पर निर्णय नहीं हो सके। बोर्ड सदस्य व संयुक्त ट्रेड यूनियन संघर्ष समिति के सयोंजक भूपेंद्र सिंह इंटक की हेमा तंवर, बीएमएस के प्रदीप कुमार, एटक के जगदीश भारद्धाज और टीयूसीसी से रविन्द्र कुमार रवि ने कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि बइस बैठक में गत डेढ़ साल से बोर्ड की रुकी हुई कार्यप्रणाली व सहायता जारी करने बारे निर्णय होने की उम्मीद थी लेकिन मुख्यमंत्री केवल दस मिनट के लिए ही बैठक में आये और सरकार के बजट में की गई दो घोषणाओं को बोर्ड में लागू करने के बारे में बोल कर चले गए। जिसपर सभी मजदूर संगठनों के सदस्यों ने एतराज जताया है और बोर्ड के सचिव को दस दिन में रोकी गयी वित्तिय सहायता राशी जारी करने का अल्टीमेटम दिया है अन्यथा उसके बाद अभी यूनियनें पहले से जारी संघर्ष को और तेज करेंगी। सयोंजक भूपेंद्र सिंह ने मीडिया को बताया कि वर्तमान कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में बोर्ड का सारा काम पिछले 14 महीनों से लगभग बन्द पड़ा हुआ है जिसके खिलाफ मजदूर यूनियनें संयुक्त रूप में सरकार और बोर्ड के खिलाफ कई बार सडकों पर उतर कर आंदोलन भी कर चुकी हैं और मुख्यमंत्री से भी मिल चुकी हैं लेकिन कार्य बहाल नहीं किया गया। पूर्व में श्रम मंत्री इस बोर्ड के चेयरमैन थे लेकिन अब मुख्यमंत्री ने स्वयं ही इसकी कमान संभाल ली है और 2 फरवरी से बोर्ड के अध्यक्ष बन गए हैं और उनकी अध्यक्षता में हुई बैठक में भी मनरेगा मजदूरों को गैर कानूनी तौर पर रोकी गयी सहायता बहाल नहीं हो पाई। यही नहीं बोर्ड में मनरेगा मजदूरों के सदस्य बनने और उनके नवीनीकरण व लाभ रोकने बारे 12 दिसंबर 2022 को जारी अधिसूचना भी इसी सरकार ने जारी की थी जो 1996 में बने कानून की उलंघन्ना है। जिसके बारे में विधि विभाग ने भी गत अक्टूबर माह में मनरेगा मजदूरों को बोर्ड का सदस्य बनने पर लगाई रोक को कानूनी तौर गलत ठहराया है लेकिन उसके बाद भी बोर्ड इसे लागू नहीं कर रहा है और मजदूरों की वित्तिय सहायता और पंजीकरण तथा नवीनीकरण रोक रखा है। उन्होंने बताया कि बोर्ड में पंजीकृत कुल साढ़े चार लाख मजदूरों में से 3 लाख मनरेगा में काम करने वाले मजदूर हैं

जिनमें से एक लाख 15 हजार से ज्यादा मजदूरों की 20 करोड़ रुपये की सहायता पिछले डेढ़ साल से गैर कानूनी तौर पर बोर्ड ने रोकी हुई है।

इसके अलावा मजदूरों को सेस अदायगी बारे प्रमाण पत्र देने मजदूर यूनियनों को रोजगार पत्र जारी करने के अधिकार से वंचित करने के फैसले का भी सभी यूनियनें विरोध कर रही हैं। बैठक के बाद पांचों यूनियनों के पदाधिकारियों व बोर्ड सदस्यों ने बैठक करके बोर्ड व सरकार के खिलाफ बनी सयुंक्त ट्रेड यूनियन सँघर्ष समिति द्धारा 3 मार्च से पंचायत स्तर पर छेड़े जाने वाले अभियान और आंदोलन को 10 दिनों के स्थगित करने का निर्णय लिया और इस दौरान भी मुख्यमंत्री ने फैसला नहीं लिया तो उसके बाद संघर्ष तेज किया जायेगा।

घुमारवीं में डॉ. बीआर अंबेडकर जयंती मनाने को लेकर बैठक का आयोजन

कश्मीर ठाकुर/बिलासपुर

आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहेब डा भीम राव अंबेडकर जयंती का प्रदेशस्तरीय समारोह घुमारवीं में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इस विषय को लेकर शनिवार को घुमारवीं के अंबेडकर भवन में शनिवार को हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक संयुक्त संघर्ष मोर्चा जिला बिलासपुर की मासिक बैठक प्रधान एवं सेवानिवृत डीएसपी सीताराम कौंडल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आगामी 14 अप्रैल 2024 को भारत रतन बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती समारोहको मनाने के लिए विशेष रूप से प्रस्ताव रखा गया तथा प्रस्ताव पारित किया गया कि इस वर्ष अंबेडकर जयंती महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास से अंबेडकर भवन घुमारवीं में प्रदेश स्तर पर मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए मोर्चा जिला महामंत्री आचार्य नंद लाल ने बताया कि इस समारोह में प्रदेश भर के बाबा साहब की विचारधारा को मानने वाले लोग जनसाधारण लोग बाबा साहब के नाम से चली हुई विभिन्न संगठन सभी इसमें सम्मिलित होंगे। बैठक में इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समितियों और उपसमितियों का गठन किया गया। इस कमेटी में प्रधान सीताराम की अध्यक्षता में 9 सदस्यीय पदाधिकारी शामिल किए गए जो यह सुनिश्चित करेंगे कि कार्यक्रम में बजट, संख्या और कार्यक्रम किस तरह करेंगे। इस कमेटी में दिलाराम, अमरनाथ मोहिल्ला, इंदर सिंह, अमरनाथ सिंदुरिया, मनसा राम, करम सिंह, बर्फी देवी, डीएस धूलिया को शामिल किया गया है। इस विषय पर भी विस्तार से चर्चा की गई प्रतिभा संपन्न विद्यार्थियों को बाबा साहब पारितोषिक वितरण के लिए ई-किरण फाऊंडेशन के अध्यक्ष विपन बंसल ने आहवान किया कि अनुसूचित जाति जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक प्रतिभा संपन्न विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

सिक्योरिटी गार्ड्स के पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू का 7 मार्च को होगा आयोजन

हामिद/चंबा

जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि एसआईएस इंडिया लिमिटेड बिलासपुर के तहत सिक्योरिटी गार्ड्स के 120 पदों को भरने के लिए कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है ।इच्छुक आवेदक को साक्षात्कार से पहले रोजगार कार्यालय में ऑनलाइन पंजीकरण कराना अनिवार्य रहेगा। चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति हिमाचल प्रदेश के विभिन्न स्थानों तथा चंडीगढ़ में होगी ।पंजीकरण करने के लिए आवेदकों को विभागीय वेबसाइट पर लॉगिन करना होगा प्रत्येक आवेदक को अपने अलग लॉग इन आईडी बनाने के उपरांत ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया को पूर्ण करना होगा। शैक्षणिक योग्यता के मूल प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, रोजगार कार्यालय का प्रमाण पत्र, आधार कार्ड व बायोडाटा अनिवार्य होगा तथा कैंपस इंटरव्यू में केवल पुरुष उम्मीदवार ही पात्र होंगे ।आवेदक की आयु 19 से 37 वर्ष शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास अथवा उससे अधिक तथा लंबाई 168 सी.मी तथा भार 56 किलोग्राम से 95 किलोग्राम तक होना अनिवार्य रहेगा।

युवा कांग्रेस ने जलाया विधायक देवेंद्र भुट्टो का पुतला

राजन पुरी/ऊना

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के युवा कांग्रेस कार्यकताओं ने शनिवार को कोटला कलां में विधानसभा से अयोग्य करार दिए गए अपने ही विधायक देवेंद्र भुट्टो के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कुटलैहड़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व प्रदेश कांग्रेस महासचिव विवेक शर्मा की अगुवाई में युवा कांग्रेस के कार्यकताओं ने विधायक के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मनीष बैंस भी मौजूद रहे। इस दौरान युवा कांग्रेस के कार्यकताओं ने विधायक का पुतला भी फूंका ।प्रदेश कांग्रेस महासचिव विवेक शर्मा ने कहा कि न केवल देवेंद्र भुट्टो, बल्कि सभी 6 विधायकों को पार्टी के गद्दार बताया। उन्होंने कहा कि विधायक ने उन पार्टी कार्यकताओं के साथ धोखा किया है, जिन्होंने कड़ी मेहनत करते हुए चुनाव में विधायक का साथ दिया और उन्हें विधानसभा की दहलीज पार करवाया। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ में 32 वर्ष बाद कांग्रेस पार्टी ने जीत दर्ज की थी। जीत हासिल करने के बाद देवेंद्र भुट्टो ने जनता के साथ धोखा किया, जिसको लेकर हर गली चौराहे पर विरोध होगा। उन्होंने कहा कि सभी विधायक पैसो पर बिक गए, जो कि एक शर्मनाक घटना है। उन्होंने कहा कि देवेंद्र भुट्टो आज कुटलैहड़ में विकास न होने की बात कर रहे है, जबकि सुक्खू सरकार में कुटलैहड़ में विकास कार्यों को काफी गति मिली है। उन्होंने कहा कि विधायक का विधानसभा क्षेत्र में लौटने पर भी जोरदार विरोध किया जाएगा। उधर, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मनीष बैंस ने कहा कि देवेंद्र भुट्टो ने कुटलैहड़ की जनता के साथ धोखा किया है। जिसका आने वाले समय में जनता मुंह तोड़ जबाव देगी। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं ने दिन-रात मेहनत करके पार्टी के प्रत्याशी की लंबे समय बाद जीत दर्ज करवाई, लेकिन देवेंद्र भुट्टो चंद रुपयों की खातिर जनता के साथ विश्वासघात किया है, जो कि कतई सहन नहीं होगा। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मदन मोहन सैनी, महासचिव प्रवीण दुआ, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश दत्त, उपाध्यक्ष राजीव शर्मा, मोहनलाल, दौलत राम, रतन चंद, शीश पाल, पवन कुमार, कुलदीप सिंह, विपिन बाली, रणजीत सिंह, अशोक कुमार, अंकित शर्मा, पंकज, सुमित पुरेवाल, अमन शर्मा, सुशील, रोबिन, आदित्य व आशीष कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

सांसद खेल महाकुंभ प्रतिभाओं के निखार के लिए अनुराग ठाकुर की सोच दूरदर्शी: त्रिलोक जंवाल

कश्मीर ठाकुर/बिलासपुर

सदर के विधायक त्रिलोक जमवाल ने युवाओं को नशे व अन्य बुरी आदतों से दूर रखने के लिए सांसद खेल महाकुंभ के आयोजन को लेकर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की सराहना की है। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर की दूरगामी सोच के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। खेल महाकुंभ के शुरूआती दो संस्करणों में गांव व पंचायत स्तर पर हजारों युवा अपनी भागीदारी जता चुके हैं। इस आयोजन के तीसरे संस्करण की शुरूआत 5 मार्च को बिलासपुर से होने जा रही है। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ इसके शुभारंभ के लिए बिलासपुर आ रहे हैं, जो इस जिला के लिए गौरव की बात है। इन दोनों दिग्गजों की प्रेरणा युवाओं को खेलों से जोडने में अहम भूमिका निभाएगी। त्रिलोक जमवाल ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं।

डीएसपी अजय ठाकुर व एबीवीपी कार्यकर्ताओं में तनातनी

हाथापाई तक जा पहुंची नौबत, पुलिस ने संभाला मोर्चा

राजन पुरी/ऊना

मिनी सचिवालय परिसर ऊना में शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं और डीएसपी हेड क्वार्टर अजय ठाकुर के बीच तू-तू, मैं-मैं हो गई। बात कुछ इस तरह बढ़ गई की नौबत हाथापाई तक जा पहुंची। मामला बिगड़ता देख मौके पर मौजूद पुलिस जवानों ने मोर्चा संभाला। इसके उपरांत विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं पुलिस अधीक्षक के कार्यालय पहुंच गए, जहां पर डीएसपी संग हुए पूरे घटनाक्रम की शिकायत की।

बता दें कि शुक्रवार को एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख का डीसी कार्यालय में पुतला फूंकते हुए पश्चिम बंगाल में महिलाओं के प्रति हुए अत्याचार पर विरोध दर्ज करवाया था। हालांकि एबीवीपी कार्यकर्ताओं का यह भी आरोप है कि डीसी कार्यालय में पुतला फूंकने के मामले पर उन्होंने अधिकारियों के समक्ष माफी भी मांगी थी और अधिकारियों ने इस मामले पर लिखित माफी नामा देने को कहा था। कार्यकताओं का आरोप है कि डीएसपी हेड क्वार्टर अजय ठाकुर ने राजनीतिक दबाव के चलते माफीनामे के बावजूद उनके खिलाफ पुतला फूंकने के मामले पर केस दर्ज करवा दिया है। डीएसपी के इसी व्यवहार के खिलाफ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता शनिवार को एक बार फिर अपनी मांग पुलिस प्रशासन के समक्ष रखने के लिए डीसी कार्यालय आ पहुंचे। इसी बीच डीएसपी अजय ठाकुर भी एबीवीपी के प्रदर्शनकारी कार्यकताओं से बातचीत करने के लिए नीचे आ गए। इसके बाद दर्ज किए गए केस को लेकर दोनों ही पक्षों में तनातनी इतनी बढ़ गई की एक वक्त नौबत हाथापाई तक आ गई। मिनी सचिवालय में किसी निजी काम से पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी विनय शर्मा ने भी इस मामले को लेकर युवाओं का साथ दिया और पुलिस प्रशासन पर कांग्रेस पार्टी के एजेंट के रूप में काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने जहां एक तरफ शेख शाहजहां का पुतला फुका, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं ने भी विधायकों के पुतले फूके हैं, लेकिन कैसे केवल मात्र अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं पर केस दर्ज किया गया है और डीएसपी अजय ठाकुर राजनीतिक दबाव के चलते इस कार्रवाई को अमल में ला रहे हैं, जिसे सहन नहीं किया जाएगा।

पुतला फूंकने से हो सकती थी आगजनी

दूसरी तरफ डीएसपी अजय ठाकुर का कहना है कि एबीवीपी कार्यकताओं द्वारा डीसी कार्यालय परिसर के समीप पुतला फूंका गया था, जिससे कोई भी आगजनी की घटना हो सकती थी। और इस घटना में कार्यालय परिसर में काम करने वाले सैकड़ो कर्मचारियों की जान भी खतरे में आ सकती थी। इसी के चलते इन कार्यकताओं के खिलाफ पुलिस ने केस दायर किया है।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर यूनिक पंजीकृत निवेशकों की संख्या 9 करोड़ के पार पहुंची कुल खाते 16.9 करोड़ के पार

टीम एक्शन इंडिया

शिमला: नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया पर यूनिक पंजीकृत निवेशकों की संख्या 29 फरवरी 2024 को 9 करोड़ (90 मिलियन) के पार पहुंच गई। एक्सचेंज के साथ पंजीकृत ग्राहक कोड की कुल संख्या 16.9 करोड़ (169 मिलियन)है इसमें आज तक किए गए सभी ग्राहक पंजीकरण शामिल हैं ग्राहक एक से अधिक ट्रेडिंग सदस्यों के साथ पंजीकरण कर सकते हैं ।हाल के कुछ वर्षों में एनएसई में निवेशक पंजीकरण में तेजी के बाद यह आंकड़ा पार हुआ है ।6 से 7 करोड़ निवेशकों तक पहुंचने में लगभग नौ महीने लगे अगले करोड़ निवेशक आठ महीनों में आए और 8 से 9 करोड़ तक पहुंचने में केवल पांच महीने लगे। इस अवधि के दौरान दैनिक नए पंजीकरण अक्टूबर 2023 औसत 47000 से लेकर इस वर्ष जनवरी में 78000 के बीच रहे हैं ।डिजिटलीकरण में तेजी से वृद्धि बढ़ती निवेशक जागरूकता,वित्तीय समावेशन और मजबूत बाजार प्रदर्शन के कारण पिछले पांच वर्षों में निवेशक आधार में 3 गुना से अधिक की वृद्धि देखी गई है ।वित्त वर्ष 2024 की शुरूआत से 29 फरवरी 2024 तक निफ्टी 50 ने 27 प्रतिशत रिटर्न के साथ वापसी की जबकि निफ्टी 500 ने इसी अवधि में 38 प्रतिशत रिटर्न दिया। फरवरी 2024 को समाप्त होने वाली पिछली पांच साल की अवधि में निफ्टी 50 और निफ्टी 500 के लिए वार्षिक रिटर्न क्रमश 15.3 फीसदी और 17.5 फीसदी रहा। एनएसई के चीफ बिजनेस डेवलपमेंट ऑफिसर श्रीराम कृष्णन ने कहा,यह देखना उत्साहजनक है कि पांच महीने के सबसे कम समय में नवीनतम 1 करोड़ नए निवेशक एक्सचेंज में शामिल हुए हैं ।इक्विटी,एक्सचेंज ट ड ड फंड,आरईआईटी,इनविट,सरकारी बॉण्ड,कॉरपोरेट बॉण्ड आदि जैसे विभिन्न एक्सचेंज ट्रेडेड वित्तीय उपकरणों में भागीदारी लगातार बढ़ रही है। पिछले कुछ वर्षों में केवाईसी प्रक्रिया को भी सरल किया गया है और इस तरह के उपायों से भी निवेशकों की संख्या में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है।

न्यूज फ्लैश

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर यूनिक पंजीकृत निवेशकों की संख्या 9 करोड़ के पार पहुंची

गुरुग्राम । नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया पर यूनिक पंजीकृत निवेशकों की संख्या 29 फरवरी, 2024 को 9 करोड़ (90 मिलियन) के पार पहुंच गई। एक्सचेंज के साथ पंजीकृत ग्राहक कोड की कुल संख्या 16.9 करोड़ (169 मिलियन) है (इसमें आज तक किए गए सभी ग्राहक पंजीकरण शामिल हैं; ग्राहक एक से अधिक ट्रेडिंग सदस्यों के साथ पंजीकरण कर सकते हैं)। एनएसई के चीफ बिजनेस डेवलपमेंट ऑफिसर श्री श्रीराम कृष्णन ने कहा, यह देखना उत्साहजनक है कि पांच महीने के सबसे कम समय में नवीनतम 1 करोड़ नए निवेशक एक्सचेंज में शामिल हुए हैं। इक्विटी, एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ), आरईआईटी, इनविट, सरकारी बॉण्ड, कॉरपोरेट बॉण्ड आदि जैसे विभिन्न एक्सचेंज ट्रेडेड वित्तीय उपकरणों में भागीदारी लगातार बढ़ रही है। पिछले कुछ वर्षों में केवाईसी प्रक्रिया को भी सरल किया गया है और इस तरह के उपायों से भी निवेशकों की संख्या में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। निवेशक जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से सभी हितधारकों द्वारा वित्तीय साक्षरता प्रदान की गई और लंबी अवधि में सकारात्मक बाजार धारणा कायम रही। हाल के कुछ वर्षों में एनएसई में निवेशक पंजीकरण में तेजी के बाद यह आंकड़ा पार हुआ है। 6 से 7 करोड़ (60 से 70 मिलियन) निवेशकों तक पहुंचने में लगभग नौ महीने लगे, अगले करोड़ (10 मिलियन) निवेशक आठ महीनों में आए, और 8 से 9 करोड़ (80 से 90 मिलियन) तक पहुंचने में केवल पांच महीने लगे। इस अवधि के दौरान, दैनिक नए पंजीकरण अक्टूबर 2023 औसत 47,000 से लेकर इस वर्ष जनवरी में 78,000 के बीच रहे हैं। डिजिटलीकरण में तेजी से वृद्धि, बढ़ती निवेशक जागरूकता, वित्तीय समावेशन और मजबूत बाजार प्रदर्शन के कारण पिछले पांच वर्षों में निवेशक आधार में 3 गुना से अधिक की वृद्धि देखी गई है। वित्त वर्ष 2024 की शुरूआत से 29 फरवरी, 2024 तक, निफ्टी 50 ने 27 प्रतिशत रिटर्न के साथ वापसी की, जबकि निफ्टी 500 ने इसी अवधि में 38 प्रतिशत रिटर्न दिया। फरवरी 2024 को समाप्त होने वाली पिछली पांच साल की अवधि में निफ्टी 50 और निफ्टी 500 के लिए वार्षिक रिटर्न क्रमशः 15.3 फीसदी और 17.5 फीसदी रहा।

ब्लेंडर्स प्राईड फैशन नैक्स्ट फेस्टिवल के लिए तैयार कर लीजिए अपना स्टाईल

रोहतक: ब्लेंडर्स प्राईड ग्लासवेयर सदैव फैशन में नैक्स्ट पेश करने में अग्रणी रहा है। यह ऐसे अनुभव लेकर आता है, जिन्होंने पूरी पीढ़ी के स्टाईल को आकार दिया है। अब यह ब्रांड ब्लेंडर्स प्राईड फैशन नैक्स्ट फेस्टिवल के साथ आगे बढ़ रहा है, और फैशन को रनवे के दायरे से बढ़ाकर भारत के पहले फैशन फेस्टिवल तक ले जा रहा है।फैशन नैक्स्ट फेस्टिवल की कल्पना स्टाईल की विकसित होती हुई दुनिया को पेश करने के ब्रांड के मंत्र के अनुरूप की गई है। इसमें भारत के सर्वश्रेष्ठ डिजाईनर्स और स्टाईलिश सेलिब्रिटीज फैशन का बेहतरीन प्रदर्शन करते हैं। अब एक नए अवतार में फैशन नैक्स्ट फेस्टिवल ब्रांड की स्टाइलिश दुनिया को नए शहरों के ग्राहकों तक ले जा रहा है, जिसकी शुरूआत पुणे से हुई है, और समापन मार्च, 2024 में भुवनेश्वर में हो रहा है। इस ब्रांड ने कुछ सबसे लोकप्रिय और चर्चित लाईफस्टाईल ब्रांड्स के साथ गठबंधन किया है, जो कई दिलचस्प अनुभव तैयार कर रहे हैं। इसका मिशन साफ है कि यह युवा और विकसित होते हुए भारत की पनपती भावनाओं को आधुनिक फैशन के अनुभवों से जोड़ना है, जो अभी तक चुनिंदा मेट्रो तक ही सीमित हैं।

सरकार जेल में बंद आंदोलनकारी किसानों को जल्द करे रिहा : रतन मान

रतन मान ने चेतावनी देते हुए कहा कि किसान आंदोलन के दौरान बेकसूर किसानों पर दर्ज किए गए मुकदमें वापस लिए जाए

राजकुमार प्रिंस

करनाल। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के प्रदेशाध्यक्ष रतन मान ने प्रदेश सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि किसान आंदोलन के दौरान बेकसूर किसानों पर दर्ज किए गए मुकदमें वापस लिए जाएं और जेलों में बंद आंदोलनकारी किसानों को जल्द रिहा किया जाए, नहीं तो किसानों के जत्थे जेल जाने के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि गत दिवस जींद स्थित किसान भवन में आयोजित की गई प्रदेश स्तरीय किसान पंचायत में यह निर्णय लिया जा चुका है, जिसको लेकर करनाल के अर्जुन नगर स्थित किसान भवन में जेल भरो आंदोलन को सफल बनाने के लिए रणनीति तय की गई। उन्होंने कहा कि आने वाली 11 मार्च को सीएम सिटी में सैकड़ों किसानों का जत्था गिरफ्तारी देगा।

उन्होंने जेल भरो आंदोलन का खुलासा करते हुए पत्रकारों को बताया कि 11 मार्च को करनाल के 12 सेक्टर स्थित जाट भवन में किसान एकत्रित होकर गिरफ्तारी देने के लिए जिला सचिवालय की ओर कूच करेंगे। उन्होंने कहा कि जेल भरो आंदोलन एक दिवसीय होगा। आगे की रणनीति दिल्ली कूच के बाद तय की जाएगी। इस गिरफ्तारी जत्थे में प्रदेशभर से भाकियू कार्यकर्ता शामिल होंगे।

शनिवार को भारतीय किसान यूनियन की जिला स्तरीय आयोजित बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ किसान नेता प्रेमचंद शाहपुर ने की। किसान पंचायत को प्रमुख तौर पर प्रदेशाध्यक्ष रतन मान, प्रदेश महासचिव भूपेंद्र सिंह लाडी, चेयरमैन यशपाल राणा, जिला संरक्षक बाबू राम डाबरथला, जिला महासचिव सुरेंद्र बेनीवाल ने अपने-अपने विचार रखे। इस दौरान किसानों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रोष प्रकट किया। बैठक में गिरफ्तार किए गए किसान नेता सोनीपत जिला के गांव कथूरा के युवा किसान नेता अक्षय नरवाल सहित अन्य किसानों को रिहा करने की जोरदार मांग की गई। किसान नेताओं ने सामूहिक निर्णय लेते हुए कहा कि यदि गिरफ्तार किसानों को रिहा नहीं किया गया तो 11 मार्च को करनाल में भाकियू नेता अपनी गिरफ्तारी देकर जेल भरने का काम करेंगे।

कोर्ट से निकलते ही युवक पर हमला

राजकुमार प्रिंस

करनाल। सेक्टर-12 स्थित कोर्ट से तारीख लगाकर लौट रहे एक युवक पर नकाबपोश बदमाशों ने लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक के सिर व छाती में गंभीर चोटें आई हैं। घायल अवस्था में युवक को कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया, जिसके बाद युवक ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पीड़ित ने अपनी पत्नी व सास पर ही हमला करवाने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिहार के समस्तीपुर निवासी सुजित तरावड़ी में काम करता है। उसका पत्नी से घरेलू विवाद चला रहा है और पत्नी ने दहेज प्रताड?ा का केस किया हुआ है। कल कोर्ट में तारीख पर आया था। सुजित ने बताया कि कोर्ट में ही मेरी पत्नी भारती और सास चंदा रानी ने मुझे धमकी दी थी और बोला था कि तू यहां से बाहर निकल आज तेरा खेल खत्म कर दूंगी।

सुजित ने बताया कि वह ऑटो में बैठकर अपने घर आ रहा था। निर्मल कुटिया चौक पर 4 युवक दो बाइकों पर आए, जिनके हाथों में लाठी-डंडे थे और उन्होंने अपना चेहरा रूमाल से ढका हुआ था। इन लोगों ने ऑटो को रुकवा लिया और लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। हमलावरों ने पंच से भी हमला किया, जिससे मुझे 4 जगह चोटें आई हैं और छाती व हाथ-पांव में भी चोटें लगी हुई हैं।

पीड़ित ने बताया कि हमले के दौरान उसने वहां से भागकर अपनी जान बचाई। वह दौडकर सेक्टर 32-33 पुलिस थाने पहुंचा और पुलिस से मदद की गुहार लगाई। इसके बाद उसने अपने वकील को कॉल किया और वकील थाने में पहुंचा, जिसके बाद वकील ने उसको करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया और मेडिकल करवाने के बाद मामले की शिकायत पुलिस को दी।

एसडीएम असंध ने पोलिंग बूथों का किया निरीक्षण, प्रबंधों का लिया जायजा

राजकुमार प्रिंस

करनाल। एसडीएम असंध विरेंद्र सिंह ढुल ने शनिवार को असंध विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के करीब दो दर्जन मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया और प्रबंधों का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोलिंग बूथों में कमरे, खिडकी, दरवाजे, बिजली व पानी का प्रबंध सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैम्प भी बनाएं, ताकि मतदाताओं को मतदान के लिए किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

एसीडीएम ने निरीक्षण के दौरान असंध क्षेत्र के गांव जयसिंहपुरा, जभाला, ठरी, जलमाना, शेखपुरा, मंचुरी, पक्का खेड़ा, बांसा, कतलाहेड़ी, अलीपुर, औगंद, बुढनपुर विरान, बालु, बहलोतपुर, बजीदा रोडान, मंजुरा, हथलाना, सिरसी, शाहपुर, चिड़ाव, तथा दादुपुर में पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। इस मौके पर एसीडीएम असंध के साथ कानूनगो रघुबीर भी मौजूद रहे।

नैशनल आइकॉन अवार्ड से सम्मानित होंगी देश की महान हस्तियां

राजकुमार प्रिंस

करनाल। एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया एंव ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन के छठे स्थापना दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन रुतबा रिसोर्ट में किया जा रहा है, जिसको लेकर एक बैठक का आयोजन राष्ट्रीय सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में हुआ। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि फाउंडेशन एंव फेडरेशन के छठे स्थापना दिवस पर भ्रष्टाचार उन्मूलन एंव मानवाधिकारों की जागरूकता के लिए उत्कृष्ट कार्य कर रही देश की महान हस्तियों को नैशनल आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा। इस विशेष कार्यक्रम में फिल्म अभिनेत्री पूनम ढिल्लन एंव फिल्म व टीवी अभिनेत्री रश्मि देसाई सेलिब्रिटी चीफ गेस्ट के रूप में शिरकत करेंगे।

भोले बाबा के जयघोष के साथ निकाली प्रभातफेरी

राजकुमार प्रिंस

करनाल। कर्णनगरी में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर श्री शिव प्रभातफेरी के नेतृत्व में प्रभातफेरियां जारी हैं। शनिवार को निकाली गई प्रभातफेरी का शहर में विभिन्न स्थलों पर फूलों की वर्षा के साथ स्वागत किया गया। भजन गायकों ने जब भोले बाबा के भजन गाए तो श्रद्धालु झूम उठे। सुबह चार बजे भोले बाबा के गगनभेदी जयघोषों के साथ प्रभातफेरी निकाली गई।

शनिवार को प्रभात फेरी का आरंभ सेक्टर-14 में शिव भक्त गोपाल अरोड़ा के निवास से हुआ और डीसी कालोनी में राजेश अनुजा के निवास पर विश्राम लिया। गणेश पूजा व शिव आराधना करने के साथ साथ गुणगान किया। इसके बाद भोले बाबा का गुणगान करते हुए शहर की विभिन्न गलियों व बाजारों से गुजरते हुए प्रभातफेरी में शामिल भोले बाबा के श्रद्धालु जमकर झूमे।

मंच के प्रधान सतपाल मनोचा ने कहा कि तडके प्रभात फेरी में श्रद्धालु बढ़-चढकर भाग लेते हैं और भोले बाबा का गुणगान करते हैं।

बाबा भोलेनाथ भी अपनी कृपा अपने भक्तों पर बनाए रखते हैं। इस अवसर पर शोभा, विभा, रमेश, शिल्पा, रामलाल, गोपाल, साजन, राधे कृष्ण, विकास, अजय, राजन ढींगडा, आशा, सुनीता कथूरिया सहित काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भोले बाबा का आशीर्वाद लिया।

लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को रिकॉर्ड मतों से जिताएंगे : योगेंद्र

राजकुमार प्रिंस

करनाल। लोकसभा 2024 चुनावों के निमित मुख्यमंत्री मनोहर लाल एवं प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी द्वारा वर्चुअल माध्यम से वीसी के द्वारा प्रदेश के सभी 90 विधानसभा के कार्यालय को खोला। इसी कड़ी में आज सैक्टर 14 स्थित श्री कृष्णा मंदिर मे करनाल विधानसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन हुआ।

इस अवसर पर मुख्य रुप से भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा के अतिरिक्त मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मीडिया कॉरर्डिनेटर जगमोहन आनंद जिला उपाध्यक्ष प्रवीण लाठर, जिला महामंत्री सुनील गोयल, जिला मीडिया प्रमुख डा.अशोक कुमार सहित करनाल विधानसभा चारों मंडलों के अध्यक्ष मौजूद रहे।

भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर हर विधानसभा स्तर मे मुख्यमंत्री द्वारा लाइव उद्घाटन किया गया है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर भाजपा संगठन अपनी पूरी तैयारियों में जुट गया है। पार्टी के सभी पदाधिकारी विधायक और मंत्रीगण लोकसभा चुनावों को लेकर अपने अपने क्षेत्र मे कार्यकताओं से बैठक करने लग गए हैं।

दावा

मुख्यमंत्री मनोहर लाल एवं प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी सभी 90 विधानसभा क्षेत्र में कार्यालय को खोला गया

उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में हम अपने प्रत्याशी को पहले से भी अधिक मतों से जिताने का काम करेंगे, भाजपा राज मे रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य हुए हैं। सबका साथ सबका विकास करते हुए आम गरीब व्यक्ति मजदूर किसान सभी का ख्याल रखते हुए योजनाएं लागू की गई हैं। आज देश और दुनिया में भारत देश का डंका बज रहा है।

उन्होंने बताया कि आज करनाल लोकसभा की सभी 9 विधानसभाओं करनाल, असंध, नीलोखेड़ी, इंद्री, घरौंडा, पानीपत, समालखा, पानीपत ग्रामीण, इसराना का भी उद्घाटन किया गया है, जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा के अतिरिक्त वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद भगवान दास अघी, चारों मंडलों के मंडल अध्यक्ष सुनील गुप्ता, बिशन सिंह शेखावत, अमर ठक्कर, साहिल मदान, वरिष्ठ भाजपा नेता कुलदीप शर्मा, अमरनाथ सौदा, कृष्ण गर्ग, बब्बू मंजूरा सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

लोकसभा चुनाव में सुभाष चंद्र को मिली अहम जिम्मेदारी

राजकुमार प्रिंस

करनाल। स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र को पार्टी ने लोकसभा चुनाव में अहम जिम्मेदारी देते हुए उन्हें करनाल लोकसभा क्षेत्र का विशेष संपर्क प्रमुख बनाया है। वह लोकसभा चुनाव में विभिन्न सामाजिक और व्यापारिक संस्थानों से संपर्क कर उन्हें पार्टी के साथ जोड? का काम करेंगे। भाजपा नेतृत्व ने उनके साथ तीन अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं को सह प्रमुख की जिम्मेदारी है, जिनमें पानीपत से भाजपा नेता गजेंद्र सलूजा, पूर्व चेयरमैन रघुनाथ तंवर और घरौंडा से सुशील गर्ग के नाम शामिल है। लोकसभा क्षेत्र का विशेष संपर्क प्रमुख बनाए जाने पर सुभाष चंद्र ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी, प्रदेश प्रभारी विप्लव देब ,लोकसभा प्रभारी घनश्याम दास अरोड़ा, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी वेदपाल व पानीपत ग्रामीण विधायक महिपाल ढांडा सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया है। सुभाष चन्द्र ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है, उसे वह पूरी निष्ठा से निभाएंगे और करनाल लोकसभा में मौजूद सामाजिक और व्यापारिक संस्थाओं से संपर्क कर उन्हें भाजपा की विचारधारा के साथ जोड? का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में एक बार फिर भाजपा की सरकार बनने जा रही है। भाजपा सरकार ने देश और प्रदेश में उद्योग व व्यापारियों के हित में अनेक ऐसे फैसले लिए हैं, जिनसे उद्योग और व्यापार तेजी से उन्नति कर रहा है।

उन्होंने कहा कि आज से पहले जहां देश में सामान इंपोर्ट किया जाता था। आज हमारे व्यापारी भाई मेक इन इंडिया को आगे बढाते हुए विदेशों को सामान निर्यात कर रहे हैं और विदेशी मुद्रा भारत में ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज उनकी सरकार ने उद्योगों और व्यापार के लिए पारदर्शी व सरल व्यवस्था कायम की है।

संदिग्ध परिस्थितियों में छात्रा लापता

हीरे की अंगूठी-नकदी साथ ले गई, पिता-पुत्र पर अपहरण करने का शक

राजकुमार प्रिंस

करनाल। कस्बा इंद्री स्थित एक कॉलेज छात्रा संदिग्ध हालातों में लापता हो गई। छात्रा के पिता ने इंद्री के ही एक युवक और उसके पिता पर बेटी के अपहरण और ब्लैकमेलिंग के आरोप लगाए हैं। छात्रा अपने घर से हीरे की अंगूठीए कुछ नकदी व स्कूटी भी लेकर गई है। पिता ने शिकायत पुलिस अधीक्षक को की है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। छात्रा के पिता ने पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत में बताया कि उसकी 20 वर्षीय बेटी इंद्री के एक कॉलेज में पढ़ती है। 12 फरवरी को उसकी बेटी घर से स्कूटी लेकर निकली थी, लेकिन जब वह देर शाम तक भी वापस नहीं लौटी तो चिंता हुई। उसके फोन पर कॉल किया गया, लेकिन फोन बंद मिला, जिससे उसकी चिंता और भी ज्यादा बढ़ गई। आसपास के एरिया और रिश्तेदारियों में भी पता किया गया, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। घर की अलमारी चेक की गई तो उसके अंदर से हीरे की अंगूठी व कुछ नकदी भी गायब मिली।शिकायतकर्ता ने इंद्री के एक युवक व उसके पिता पर बेटी को बहला-फूसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता ने बताया है कि आरोपी एक बेरोजगार युवक है और उसका पिता एक आपराधिक किस्म का व्यक्ति है। आरोप है कि इन्हीं लोगों ने उसकी बेटी को कहीं पर छिपा दिया है। वह आरोपी युवक के पिता के घर भी गया था, लेकिन वहां पर युवक नहीं मिला। इन दोनों पिता-पुत्र ने ही बेटी को अपहरण कर बंधक बनाकर रखा है। शिकायतकर्ता ने बताया है कि कॉलेज के दौरान बीते एक वर्ष में करीब 4 लाख रुपए वह अपनी बेटी को भेज चुका है, ताकि उसे अपनी दैनिक जरूरतें पूरी करने में कोई दिक्कत न हो, लेकिन आशंका है कि आरोपी युवक ने उसकी बेटी को ब्लैकमेल करके इन पैसों का इस्तेमाल किया है।

शरारती तत्वों ने झाडूओं में लगाई आग

राजकुमार प्रिंस

करनाल। चौधरी देवीलाल चौक पर झाडू बनाने का काम करने वाले गरीब लोगों के अरमान आग में जलकर खाक हो गए। राजस्थान के भीलवाड़ा से आए तीन परिवारों के करीब ढाई से तीन लाख रुपए के झाडूओं को किसी शरारती तत्व ने आग लगा दी। परिवारों के लोग गांव के मुखिया से पांच टका ब्याज पर ढ़ाई लाख का कर्ज लेकर झाडू बनाने का माल लेकर आए थे। आगजनी की सूचना के बाद पुलिस व फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

पीड़ित रामू ने बताया कि वे राजस्थान के भीलवाड़ा से है और झाडू बनाने का काम करते हैं। करीब तीन हफ्ते पहले ही वे करनाल में देवीलाल चौक पर आए थे। पांच टका के हिसाब से ढाई लाख रुपए का कर्ज लेकर झाडू के काम में लगाया था। एक लाख रुपए का माल लेकर आए थे और राजस्थान से ट्रांसपोर्ट का खर्च व अन्य खर्चे जोड़े जाएं तो करीब ढाई लाख रुपए बनता है। उन्होंने अपना माल सडक किनारे फुटपाथ पर ही डाला हुआ था और प्रतिदिन अपने परिवार के साथ खजूर की टहनियों से झाडू बनाने का काम करते हैं। एक झाडू करीब 10 रुपए में बेची जाती है। सोचा था कि झाडू बनाकर जो आमदनी होगी, उससे मुखिया का कर्ज भी उतर जाएगा और कुछ घर का खर्चा भी चल जाएगा, लेकिन उनके सभी अरमानों पर पानी फिर गया। किसी ने शरारत की है और माल में आग लगाई है।

रामू ने बताया कि हम तीन परिवार राजस्थान से करनाल आए थे और यहां पर झाडू बनाकर परिवार का पेट पालने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन होनी को कुछ ओर ही मंजूर था। आगजनी हुई और माल जल गया। तीनों परिवार में करीब 15 लोग शामिल हैं, जिसमें छोटे-छोटे बच्चे भी हैं। अब उन्हें सिर्फ इस बात की चिंता है कि वह कैसे अपने बच्चों को पालेंगे और कैसे मुखिया का कर्ज उतारेंगे।

कनाडा भेजने के नाम पर 7 लाख की ठगी, बेटी को विदेश भेजना चाहता था पीड़ित

पैसे वापस मांगने पर दी जान से मारने की धमकीपैसे वापस मांगने पर दी जान से मारने की धमकी

राजकुमार प्रिंस

करनाल। जिले के सलारू गांव की एक बेटी को वर्क परमिट पर कनाडा भेजने के नाम पर 7 लाख रुपए की धोखाधड़ी हुई है। पीड़ित पिता ने ब्याज पर पैसे लेकर एजेंट को दिए थे। ट्रांजेक्शन ऑनलाइन भी की गई है और ऑफलाइन भी। धोखाधड़ी का पता लगने के बाद पीड़ित ने अपने पैसे मांगे तो उसे जान से मारने की धमकी मिली। आज भी पीड़ित की बेटी का पासपोर्ट आरोपी के कब्जे में है। पीड़ित ने हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज से मामले की शिकायत की, जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

गांव सलारू निवासी विक्रमजीत सिंह अपनी बेटी को वर्क परमिट पर विदेश भेजना चाहता था। उसे सोशल मीडिया पर इमिग्रेशन एजेंट का नंबर मिला, जो किसी विनय कुमार हरी के नाम पर था। उसने फोन पर कॉन्टेक्ट किया तो विनय ने बताया कि हम वर्क वीजा पर विदेश भेजने का काम करते हैं और हमारा विदेश में बहुत बड़ा नेटवर्क है। हम कंपनी के माध्यम से वर्क वीजा दिलवा देते हैं। वहां पर लाखों रुपए महीना कमाया जा सकता है।

शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपियों ने उसे विदेशी करेंसी कमाने के सब्जबाग दिखाए और पूरा आश्वासन दिया कि किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं आएगी। इसके बाद दूसरे आरोपी राणा प्रताप सिंह से बात करवाई गई।

जांच जारी

धोखाधड़ी का पता लगने के बाद पीड़ित ने अपने पैसे मांगे तो उसे जान से मारने की धमकी मिली

जिसने विदेश भेजने का खर्च 10 लाख रुपए बताया और कागजी कार्रवाई के लिए साढ़े 5 लाख रुपए की डिमांड पहले की गई। बाकी पैसे कनाडा पहुंचने के बाद देने की बात कही। आरोपियों ने वॉट्सऐप पर ही दस्तावेज मंगवा लिए थे और पैसे जमा करवाने की बात कही थी।

पीड़ित ने शिकायत में बताया कि उसने अपने रिश्तेदारों व दोस्तों से पैसे उधार लिए और ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के माध्यम से आरोपियों तक पहुंचा दिए। 30 सितंबर 2023 से 20 अक्टूबर 2023 तक अलग-अलग खातों में 5 लाख 54 हजार 700 रुपए जमा किए। दोनों आरोपियों से बातचीत चलती रही। वह आश्वासन देते रहे कि 20 दिन के अंदर वीजा की फॉर्मेलिटी पूरी हो जाएगी और 7 दिन में लडकी को कनाडा भेज देंगे। 2 अक्टूबर 2023 को एक फर्जी एम्प्लॉयमेंट कॉन्ट्रैक्ट तैयार किया गया और 27 अक्टूबर को मेरे नंबर पर भेजा गया। इसके बाद डेढ़ लाख रुपए की डिमांड की गई। बताया गया कि यह पैसा कंपनी में जमा करवाना है। जब ज्यादा दबाव बनाया गया तो डेढ़ लाख रुपए मैंने आरोपियों को अलग-अलग ट्रांजेक्शन से करवा दिए। इसके बाद आरोपियों ने बाकी की पेमेंट भी जमा करवाने का दबाव बनाना शुरू कर दिया, जिसके बाद मुझे आरोपियों पर शक हुआ। जब इस बारे में आरोपियों से बात की गई तो उन्होंने धमकी देनी शुरू कर दी। आरोपियों द्वारा भेजे गए वर्क परमिट की जांच करवाई गई तो वह भी फर्जी पाया गया। आरोपियों को कॉल किया गया तो उन्होंने धमकी दी कि अगर पैसा नहीं दिया तो लडकी को विदेश नहीं भेजेंगे। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी शातिर किस्म के व्यक्ति हैं।

'जितना अभ्यास करेंगे, लौ उतनी ही तेज होगी'

सूक्ष्म व्यायाम

योग एक ऐसी रोशनी है, जो एक बार जल गई तो कभी मंद नहीं होगी: दिनेश गुलाटी

राजकुमार प्रिंस

करनाल। मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत मिशन प्रमुख के नेतृत्व तिकोना पार्क सेक्टर-6 से आज के सत्र की शुरूआत सूक्ष्म व्यायाम से की गई। शिक्षिका रीता कुमारी और ममता धवन ने साधकों को सूक्ष्म व्यायाम के साथ आसनों का अभ्यास करवाया।

इसके बाद दिनेश गुलाटी ने प्राणायाम सत्र करवाते हुए कहा कि जब श्वासें विचलित होती हैं तो मन अस्थिर हो जाता है। जब श्वासे नियंत्रित होती हैं तो मन स्थिर हो जाता है। सांसों को योग प्राणायाम द्वारा नियंत्रित किया जा सकता है। योग हमारी शक्ति, एकाग्रता, कार्यक्षमता को बढ़ाता है और मन को शांत करता है।

दिनेश गुलाटी ने बताया कि सेक्टर 13 ग्रीन बेल्ट योग कक्षा जो शीत ऋतु के कारण बलदेव स्कूल में स्थानांतरित कर दी गई थी। मौसम परिवर्तन के कारण 3 मार्च से अपने नियत स्थान सेक्टर-13 में शिफ्ट कर दी जाएगी। इस अवसर पर रीता कुमारी, ममता धवन, भूपिंदर कुमार, नमिता, यशिका, सरोज, राजन भाटिया, गोकुल और अन्य कई साधक मौजूद रहे।

संपादकीय

आयुर्वेद को आलोचना नहीं, शोध की जरूरत

आनंदपूर्ण जीवन मनुष्य की स्वाभाविक इच्छा है। इसके लिए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य जरूरी है। स्वस्थ जीवन और दीघार्यु सबकी अभिलाषा है। वैदिक ऋषि सौ वर्ष के स्वस्थ जीवन के लिए स्तुतियां करते थे। प्राचीन काल का जीवन प्रकृति रस से भरपूर था। लेकिन आधुनिक जीवनशैली के कारण रोग बढ़ रहे हैं। रोग रहित जीवन और स्वस्थ जीवन में अंतर है। रोगी शरीर में अंतसंर्गीत नहीं होता। स्वस्थ जीवन और दीघार्यु में आनंदपूर्णता है। भारत में अनेक चिकित्सा पद्धतियां हैं। आयुर्वेद आचार आधारित प्राचीन आयुर्विज्ञान है और एलोपैथी उपचार आधारित चिकित्सा विज्ञान। होम्योपैथी यूनानी सिद्धा आदि पद्धतियां भी हैं। स्वस्थ जीवन के लिए सब उपयोगी हैं। लेकिन यहां योगगुरु रामदेव पर आयुर्वेद से भिन्न चिकित्सा प्रणाली की आलोचना के आरोप हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा दायर याचिका में सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने इसे गलत बताया है। कोर्ट ने पहले भी इसे गलत बताया था। शरीर रहस्यपूर्ण संरचना है। इसकी आतंरिक गतिविधि का बड़ा भाग जान लिया गया है। चिकित्सा विज्ञानियों को इसका श्रेय है। आयुर्वेद का जन्म लगभग 4000 वर्ष ई.पूर्व ऋग्वेद के रचनाकाल में हुआ और विकास अथर्ववेद (3000 ई.-2000 ई.पूर्व) में। मैकडनल और कीथ ने 'वैदिक इंडेक्स' में लिखा है, "भारतीयों की रुचि शरीर रचना सम्बधी प्रश्नों की ओर बहुत पहले से थी। अथर्ववेद में अनेक अंगों के विवरण हैं और यह गणना सुव्यवस्थित है।" अथर्वेद आयुर्वेद का वेद है। इन लेखकों ने आयुर्वेद के दो आचार्यों चरक व सुश्रुत का उल्लेख किया है। अथर्ववेद में सैकड़ों रोगों व औषधियों का उल्लेख है। यूरोप में एलोपैथी का विकास 17वीं सदी के आसपास हुआ। एचएस मेन ने लिखा है, "भारतीयों ने चिकित्सा शास्त्र का विकास स्वतंत्र रूप से किया। पाणिनि के व्याकरण में विशेष रोगों के नाम है। मालूम होता है कि चिकित्सा शास्त्र का विकास उनके पहले 300 ई. पूर्व हो चुका था। अरब चिकित्सा प्रणाली की आधार शिला संस्कृत ग्रंथों के अनुवादों पर रखी गई। यूरोपीय चिकित्सा शास्त्र का आधार 17वीं सदी तक अरब चिकित्सा शास्त्र ही था।" एलोपैथी सुव्यवस्थित आधुनिक चिकित्सा पद्धति है। कहा जाता है कि इस चिकित्सा का नाम (1810 ई.) जर्मन चिकित्सक डॉ. सैमुअल हैनीमैन ने एलोपैथी रखा था। इसका अर्थ भिन्न मार्ग है। इसे पश्चिमी चिकित्सा विज्ञान/आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी कहते हैं। इसका चिकित्सातंत्र बड़ा है और शोध का दायरा भी। इसने करोड़ों लोगों को पुनर्जीवन दिया है। सर्जरी, रेडिएशन, सीटी स्कैन, एमआरआई सहित तमाम घटक विस्मयकारी हैं। कारोना महामारी के दौरान जीवन की परवाह त्यागते हुए उपचार करने वाले वैज्ञानिक, चिकित्सक व पैरा मेडिकल स्टाफ प्रशंसनीय रहे हैं।

आयुर्वेद आयु का विज्ञान है। यह चिकित्सा विज्ञान होने के साथ स्वस्थ रहने की जीवनशैली भी है। चरक संहिता आयुर्वेद का प्रतिष्ठित ग्रंथ है। संहिता की शुरूआत जीवन सूत्रों से होती है। बताते हैं, "यहां बताए गए स्वस्थव्रत का पालन करने वाले 100 वर्ष की स्वस्थ आयु पाते हैं। आरोग्य सुख है और रोग दुख। दुख का कारण रोग है।"" फिर रोगों का कारण बताते हैं, "इन्द्रिय विषयों का अतियोग, अयोग और मिथ्यायोग ही रोगों के कारण हैं।"

कानून रसूखदारों के सिर्फ खिलौना है !

आशीष वशिष्ठ

"कितनों को उसके दोषी की सजा याद है? कुछ दिन बाद ऐसा ही संदेशखाली में को भी लेकर होगा। प्रभावशाली किस मामले में फंस भी जाते हैं तो उनके चेहरे, बाडी लैग्वेंज, चेहरे से टपकते घमंड और अहंकार को देखकर ऐसा नहीं लगता कि उनको कानून का रत्ती भर भी भय है। पुलिस प्रशासन को तो वो अपना चाकर समझते हैं। कहीं न कहीं व्यवस्था भी उनकी चाकरी करती दिखाई देती है। न्याय व्यवस्था भी ऐसी है कि प्रभावषाली लोगों को जमानत देने में देर नहीं करती। आधी रात को भी उनके मामले सुन लिए जाते हैं। हालांकि देश की अदालतों में करोड़ों मुकदमे लंबित हैं। और आम व्यक्ति को न्याय पाने के लिए वर्षों प्रतीक्षा करनी पड़ती है। भ्रष्टाचार व अन्य गंभीर मामलों में दर्जनों रसूखदार आसानी से जमानत पाकर आराम की जिंदगी बिता रहे हैं"

इसमें कोई दो राय नहीं है कि प्रभावशाली लोग कानून को खिलौना समझ कर खेलते हैं। और व्यवस्था भी उनके इस काम में खूब मददगार साबित होती है। बरसों बरस से देश में ऐसा ही चलता आ रहा है। सख्त से सख्त कानून बनाने और तमाम दूसरे उपायों के बाद भी रसूखदार कानून का आए दिन मजाक उड़ाने से बाज नहीं आते हैं। कानून को बौन साबित करने वाली इस जमात को राजनीतिक संरक्षण हासिल होता है। ऐसे में धनबल और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त ये लोग व्यवस्था की कमियों और छिद्रों के चलते नियम कानूनों को आसानी से गच्चा देते हैं। आम आदमी की मामूली-सी गलती पर उसे पकड़ने में भरपूर तेजी दिखाने वाली पुलिस को प्रभावशाली और रसूखदार लोगों तक पहुंचने में वक्त लग ही जाता है। पश्चिम बंगाल में इसकी अवधि कुछ ज्यादा ही लंबी हो जाती है। संदेशखाली मामले से चौतरफा निंदा का पात्र बना तृणमूल कांग्रेस का नेता शाहजहां शेख 55 दिनों से फरार रहने के बाद पुलिस की गिरफ्त में आया है! लेकिन तब, जब कलकत्ता उच्च न्यायालय ने ममता सरकार को फटकार लगाई। यदि फटकार नहीं लगी होती तो उसे छुपाए रखा गया होता। वह जिस हनक और रूआब से थाने और अदालत में दाखिल हुआ, उससे यही लगा कि वह कोई शहंशाह है। पश्चिम बंगाल पुलिस उसके आगे दंडवत और सहमी सी दिखी। उसे सत्ता का संरक्षण प्राप्त था, यह सच्चाई तृणमूल कांग्रेस के इस कथन से छिपने वाली नहीं कि हमने उसे निलंबित कर दिया। यह राजधर्म नहीं, बेशर्मी है कि उसे गिरफ्तार न करने के लिए उच्च न्यायालय के आदेश की गलत व्याख्या तक की गई। यदि ईडी को शक है कि बंगाल पुलिस शाहजहां शेख की मदद कर सकती है तो यह स्वाभाविक है। बड़ी निर्लज्जता से तृणमूल कांग्रेस की सरकार अपने नेता का बचाव करती रही। संदेशखाली की महिलाओं ने जिन शब्दों में अपनी पीड़ा का बयान किया है, उससे किसी पत्थर दिल व्यक्ति का भी दिल पिघल सकता है। लेकिन पश्चिम बंगाल की महिला मुख्यमंत्री का दिल नहीं पसीजा। भारतीय जनता पार्टी के विरोध और हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणियों के बाद शाहजहां को गिरफ्तार किया गया।

दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल से प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी दिल्ली शराब घोटाले में पूछताछ के लिए अब तक आठ समन भेज चुका है। जांच एजेंसी के सामने पेश होने की बजाय केजरीवाल ईडी के समन को ही गैर कानूनी बता रहे हैं। वो कानूनी दांव पेंच से जांच से बच रहे हैं। और दिल्ली विधानसभा में खड़े होकर केंद्र की मोदी सरकार से लेकर अपने राजनीतिक विरोधियों पर जमकर अपनी भड़ास निकाल रहे हैं। चूंकि विधानसभा में दिए बयान पर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हो सकती। इसी के चलते केजरीवाल ने विधानसभा को अपनी भड़ास निकालने और राजनीतिक विरोधियों पर मनगंढ़त आरोप लगाने का मंच बना रखा है। देश की जनता उनका तमाशा देख रही है। जिस शराब घोटाले में उनसे पूछताछ होनी है, उसी घोटाले में उनके सबसे खास साथी मनीष सिसोदिया और संजय सिंह तिहाड़ की रोटियां तोड़ रहे हैं। एक संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति किस तरह कानून और संविधान का उपहास उड़ा रहा है, उससे समाज में गलत उदाहण तो पेश हो ही रहा है। वहीं आम आदमी के मन में यह सवाल भी उठता है कि क्यों कानून रसूखदारों सामने कमजोर और असहाय दिखाई देता है? केजरीवाल की तरह तेंलगाना के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी ईडी के समन की अवमानना करते रहे, और खुद को बचाने के सारे यत्न उन्होने किये। बड़ी जदोजहद के बाद ईडी ने उन्हें अपने शिकंजे में लिया। फिलवक्त सोरेन जेल का भोजन पा रहे हैं। पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट ने हत्या और बलात्कार के मामले में जेल में सजा काट रहे राम रहीम को बार-बार पैरोल दिये जाने पर सवाल उठाया। हाईकोर्ट ने कहा कि क्यों केवल राम रहीम को बार-बार पैरोल मिल रही है? बाकी कैदियों को क्यों नहीं लाभ दिया जाता? रेप के दोषी राम रहीम को इस साल जनवरी में 50 दिन की पैरोल दी गई थी। यह लगभग 10 महीने में उसकी 7वीं और पिछले चार वर्षों में 9वीं पैरोल थी। हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को आदेश दिया है कि अब अदालत की अनुमति के बिना राम रहीम को पैरोल नहीं दी जाएगी। सत्ता, व्यवस्था, कानून के रक्षक और संरक्षक के गठजोड़ से ही राम रहीम जैसे रसूखदार कानून को फुटबाल बनाकर खेलते हैं। जब तक सत्ता के गलियारों से आपराधिक लोगों को संरक्षण मिलता रहेगा, तब तक ये निर्लज्जता बनी रहेगी। हरेक घटना में किसी न किसी रसूखदार का, किसी न किसी सत्ताधारी का संरक्षण दिखता रहा है। हर बार सत्ता की तरफ से कठोर से कठोर कार्यवाही किये जाने की बात कही जाती है, कुछ दोषियों की गिरफ्तारी भी हो जाती है, जांच करवाए जाने की लीपापोती कर दी जाती है और उसके बाद सब कुछ भूल-भुला लिया जाता है। संदेशखाली जैसी घटनाएं कुछ दिन चर्चा में रहती हैं फिर जनमानस की खोपड़ी से गायब हो जाते हैं. निठारी कांड कितनों को याद है? बिहार मुजफ्फरपुर शेल्टर होम रेप केस कितनों को याद है?

कितनों को उसके दोषी की सजा याद है? कुछ दिन बाद ऐसा ही संदेशखाली में को भी लेकर होगा। प्रभावशाली किस मामले में फंस भी जाते हैं तो उनके चेहरे, बाडी लैग्वेंज, चेहरे से टपकते घमंड और अहंकार को देखकर ऐसा नहीं लगता कि उनको कानून का रत्ती भर भी भय है। पुलिस प्रशासन को तो वो अपना चाकर समझते हैं। कहीं न कहीं व्यवस्था भी उनकी चाकरी करती दिखाई देती है। न्याय व्यवस्था भी ऐसी है कि प्रभावषाली लोगों को जमानत देने में देर नहीं करती। आधी रात को भी उनके मामले सुन लिए जाते हैं। हालांकि देश की अदालतों में करोड़ों मुकदमे लंबित हैं। और आम व्यक्ति को न्याय पाने के लिए वर्षों प्रतीक्षा करनी पड़ती है। भ्रष्टाचार व अन्य गंभीर मामलों में दर्जनों रसूखदार आसानी से जमानत पाकर आराम की जिंदगी बिता रहे हैं। चारा घोटाले में सजा पाए लालू प्रसाद यादव स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के चलते जमानत पर हैं। राजनीति में उनकी सक्रियता बताती है कि अब वो स्वस्थ हैं। और अगर वो स्वस्थ हैं तो वो जमानत पर क्यों हैं? अगर रसूखदारों को जेल जाना भी पड़ा तो वहां भी उनके मनमुताबिक ऐशो आराम जारी रहता है। ऐसे सैकड़ों उदाहरण है। दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन के जेल की कोठरी में कथित तौर पर मालिश कराने का वीडियो देश ने देखा है। यूपी के चर्चित नेता और माफिया मुख्तार अंसारी की पंजाब की जेल में कांग्रेस की सरकार ने जो मेहमाननवाजी की उसे कौन भूल पाएगा।

देशवासी भूले नहीं होंगे जब एक रसूखदार दामाद ने मैंगो पीपल कहकर आम आदमी का जिस तरह मजाक उड़ाया था, बॉलीवुड के एक गायक ने फुटपाथ पर सोने वाले बेघर लोगों को कुत्ते कहकर उसी अहंकार का परिचय दिया था। किसी नेता या रसूखदार को जब जांच एजेंसी पकड़ती है तो वो विजय मुद्रा बनाकर हवा में हाथ लहराता है। मानो उसने कोई महान काम किया है। गिरफ्तारी के समय या जांच के लिए जाते वक्त नेताओं और रसूखदारों के हाव भाव ऐसे होते है मानो वो एहसान करने जा रहे हैं। और उन्होंने कोई गलत काम नहीं किया, उनको तो राजनीति के चलते फंसाया गया है। जांच एजेंसी के आफिस के बाहर नेता के समर्थकों का धरना, प्रदर्शन अप्रत्यक्ष तौर पर जांच एजेंसी को डराने, धमकाने और प्रेशर डालने का कृत्य है।

वहीं किसी रसूखदार को सजा मिलने पर जिस तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आती हैं, वे स्तब्ध करने वाली होती हैं। उनमें अपने विशिष्ट होने का अहंकार और न्यायालय की अवमानना के साथ-साथ संवेदनहीनता की पराकाष्ठा भी सुनाई पड़ती है। खुद को कानून से ऊपर समझने वाले किसी रसूखदार ने अगर कोई गैर कानूनी काम किया है तो देर सबेर कानून उनके किए की सजा देगा ही, लेकिन उस उच्चवर्गीय अहंकार पर अंकुश लगाने की भी जरूरत है, जो अपने गलत कामों को सही सिद्ध करने के हठ में अमानवीय हो जाता है।

कविता

"झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव

प्राकृतिक कीटनाशक क्या हैं?

प्राचीन फारस (आज का ईरान) में खाने योग्य पौधों पर हमला करने वाले कीड़ों को खत्म करने के लिए, गुलदाउदी के सूखे फूलों से तैयार प्राकृतिक कीटनाशक पाइरेथ्रम का उपयोग किया जाता था। आगे चलकर उसका उपयोग जुं मारने के लिए हुआ। लेकिन 20वीं सदी के आरंभ से फलों, अनाजों और सब्जियों को कीड़ों से बचाने के लिए बड़े पैमाने पर एकल खेती आर्सेनिक, सल्फर या तांबा-युक्त रसायनों पर निर्भर होने लगी थी.

धरती और किसानों को भी मार रहे हैं कीटनाशक: उन तमाम रासायनिक कीटनाशकों का जैव प्रणालियों और मानव स्वास्थ्य पर काफी गंभीर प्रभाव पड़ा. इसीलिए कुछ देशों ने उन पर रोक लगा दी. यूरोपीय संघ भी लंबे समय से चेतावनी देता आ रहा है लेकिन ग्लाइफोसेट को गैरकानूनी बनाने में नाकाम ही रहा है. ये रासायनिक कीटनाशक जैवविविधता के लिए खतरा है और कैंसर के पनपने का कारण भी. लेकिन विकल्प क्या है?

कीटनाशकों का प्राकृतिक उत्पादन: पौधे से मिलने वाले पाइरेथ्रम जैसे उत्पादों से तैयार जैव कीटनाशक हो या नीम से निर्मित तेल(एसेन्शियल ऑयल) या रोगाणुओं के खिलाफ बचाव करने वाली फफूंद (फंगस) की किस्में, ये तमाम चीजें दुनिया भर में लोकप्रिय होती जा रही हैं। किसान रासायनिक कीटनाशकों से तौबा कर रहे हैं।

भारत में बहुतायत में पाए जाने वाले नीम के पेड़ में बड़ी संख्या में लीमोनॉयड पाए जाते हैं. ये अक्सर सीट्रस पौधों में मिलते हैं और अपनी कीटनाशक खूबियों के लिए विख्यात हैं. तेल के रूप में प्रयोग करने से कीड़े पास नहीं फटकते। उदाहरण के लिए कुदरती कीटनाशक, टिड्डियों को काबू करने और फसल को बर्बाद कर देने वाले टिड्डी दल को बनने से रोकने में असरदार होता है. रोजमेरी का तेल भी विविध अनाज और सब्जी प्रजातियों की वृद्धि रोकने और उन्हें खराब करने वाले एफिडों के खिलाफ आला दर्जे का प्रतिरोधक साबित हुआ है। तमिलनाडु में एक किसान ने रासायनिक कीटनाशकों से छुटकारा पा लिया जिनकी वजह से उनकी सेहत पर असर पड़ा था। अब वो गौमूत्र और घर पर उगाई लीकों (प्याज के प्रकार की एक वनस्पति) से तैयार दवा का छिड़काव करते हैं. उनकी जैविक फसलें लहलहा रही हैं. प्राकृतिक कीटनाशक कैसे काम करते हैं।

दिसंबर में प्रकाशित एक अध्ययन में ऑस्ट्रेलियाई शोधकताओं ने दिखाया कि कैसे नीले-हरे एफिड, रासायनिक कीटनाशकों के खिलाफ प्रतिरोध विकसित कर चुके हैं. ये रुझान पूरी दुनिया में देखा गया. इस प्रतिरोध को तोड़ने के लिए शोधकताओं ने गैर-रासायनिक कीट नियंत्रण विकल्पों की सिफारिश की. जिनमें सोनपंखी यानी एक किस्म के गुबरैले और पैरासिटॉइड ततैये जैसे "स्वाभाविक शत्रुओं" को प्रोत्साहन भी शामिल था. अध्ययन के मुताबिक मच्छर जनित बीमारी की सफल रोकथाम के लिए बैक्टीरिया के नये रूपों का इस्तेमाल, दूसरा विकल्प है. कीट नियंत्रण के लिए रासायनिक कीटनाशकों पर निर्भर रहने की अपेक्षा क्षेत्र-विशेष समाधान लागू किए जाने चाहिए।

विचार

बिहारी क्रिकेटर कब खेलेंगे टीम इंडिया से

आर.के. सिन्हा

मौजूदा भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में बिहार के दो नव युवा खिलाड़ी झआकाशदीप और मुकेश कुमार ने शानदार प्रदर्शन करके अपनी प्रतिभा से क्रिकेट प्रेमियों का दिल जीत लिया। पर यह बिहार का दुर्भाग्य ही कहा जायेगा कि दोनों खिलाड़ी बिहार की टीम से नहीं खेलते। यह दोनों खेलते हैं बंगाल की टीम से रणजी ट्रॉफी में। इसकी वजह यह है कि बिहार में क्रिकेट मैनेजमेंट तार-तार हो चुका है। आकाशदीप का संबंध बिहार के रोहतास जिले से है। आकाशदीप ने रांची टेस्ट मैच में अपनी सधी हुई गेंदबाजी की बदौलत इंग्लैंड टीम के तीन खिलाड़ियों को आउट कर-के सनसनी मचा दी थी। उनके दादा निशान सिंह स्वाधीनता सेनानी थे। अब आकाशदीप 7 मार्च से शुरू होने वाले पांचवें और आखिरी टेस्ट मैच के लिए हिमाचल प्रदेश जाएंगे और भारतीय क्रिकेट टेस्ट टीम का हिस्सा बनेंगे। उनकी तरह ही मुकेश कुमार भी हैं। बिहार के गोपालगंज जिले में स्थित काकड़कुंड गांव के रहने वाले मुकेश कुमार का चयन टीम इंडिया में वेस्टइंडीज टूर के लिए किया गया था। मुकेश कुमार भी तेज गेंदबाज हैं। मुकेश आईपीएल में भी धमाकेदार प्रदर्शन कर चुके हैं। वह आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स टीम का हिस्सा थे। मुकेश कुमार दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज हैं। इसके साथ ही, वह बायें हाथ के बल्लेबाज भी है। इस तरह दोनों ही खिलाड़ी भोजपुरिया हैं क मुकेश के पिता कोलकाता में टैक्सी चलाते थे। साल 2019 में उनकी मृत्यु हो गई थी। तब मुकेश ने बंगाल में ही खेलते-खेलते कई लोगों से संपर्क बनाया और अपने मेहनत के बल पर नई पहचान बनाई अफसोस कि बिहार में क्रिकेट का मैनेजमेंट बहुत बुरी स्थिति में है। इसलिए बिहार के प्रतिभाशली खिलाड़ी अन्य टीमों का रुख करते हैं। पिछले महीने पटना में बिहार और मुंबई की टीमों के बीच रणजी ट्रॉफी का मैच हुआ तो बिहार की दो टीमें मैदान में आ गईं। पटना के मोइनुल हक स्टेडियम में खेले गए रणजी ट्रॉफी के एलिट ग्रुप बी मुकाबले में मुंबई की टीम ने बिहार को एक पारी और 51 रन से हराया। पर यह खबर नहीं थी।

खबर यह थी कि मुंबई की टीम जिस स्टेडियम में मैच खेल रही थी उसकी हालत बेहद खराब थी। वहां पर दर्शकों के लिए बैठने तक की जगह नहीं थी। मैच को देखने के लिए रोज हजारों दर्शकों को भारी कठिनाई में मैच देखना पड़ा। जब देश में एक से बढ़कर एक बहुत सारे स्टेडियम बन चुके हैं, तब सारे बिहार में एक भी कायदे का स्टेडियम नहीं है। यह कोई बहुत अच्छी बात नहीं मानी जा सकती। इस बीच, ईशान किशन तो बीते कई सालों से भारतीय टीम में हैं। लेकिन वे भी झारखंड के लिए खेलतें है। उन्हें 2016 में अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप के लिए भारत की टीम का कप्तान बनाया गया था। ईशान 2018 से इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस की टीम का हिस्सा हैं। ईशान का जन्म बिहार के नवादा जिला में हुआ था। उनके जन्म के बाद उनका परिवार पटना शिफ्ट हो गया था। उन्हें भी झारखंड शिफ्ट होना पड़ा क्यों बिहार में क्रिकेट का कोई इंफ्रास्टक्रर नहीं है। क्रिकेट प्रेमियों को याद होगा कि संयुक्त बिहार के दौर में दिल्ली की टीम के कई बड़े खिलाड़ी बिहार से खेलने के लिए दिल्ली को छोड़ देते थे। इस लिहाज से रमेश सक्सेना का नाम सबसे पहले जेहन में आता है। उन्होंने एक टेस्ट मैच भी खेला। रमेश सक्सेना ने 1960-61 में अपना पहला प्रथम श्रेणी का मैच खेला था। उन्होंने 1966-67 में दिल्ली को अलविदा कह कर बिहार का रुख कर लिया था। रमेश सक्सेना के अलावा हरि गिडवाणी भी दिल्ली के बाद बिहार चले गए थे। उन्होंने लंबे समय तक बिहार की नुमाइंदगी की। यह दोनों क्लासिक बल्लेबाज थे। हरि गिडवाणी की पुरानी दिल्ली के चांदनी चौक में मिठाई की एक बहुत मशहूर दुकान भी है। बिहार को क्रिकेट ही नहीं बल्कि सभी खेलों में अपने जौहर दिखाने होंगे। बिहार सरकार को भी राज्य में खेलों के विकास के लिए इनवेस्ट करना होगा। सारे बिहार के समाज को सोचना होगा कि वे खेलों के संसार में किसी मुकाम पर क्यों नहीं पहुंच सके?

एक्शन इंडिया दैनिक

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)
स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001
एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

चिंतन

आयुर्वेद को आलोचना नहीं, शोध की जरूरत

हृदयनारायण दीक्षित

आनंदपूर्ण जीवन मनुष्य की स्वाभाविक इच्छा है। इसके लिए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य जरूरी है। स्वस्थ जीवन और दीघार्यु सबकी अभिलाषा है। वैदिक ऋषि सौ वर्ष के स्वस्थ जीवन के लिए स्तुतियां करते थे। प्राचीन काल का जीवन प्रकृति रस से भरपूर था। लेकिन आधुनिक जीवनशैली के कारण रोग बढ़ रहे हैं। रोग रहित जीवन और स्वस्थ जीवन में अंतर है। रोगी शरीर में अंतसंर्गीत नहीं होता। स्वस्थ जीवन और दीघार्यु में आनंदपूर्णता है। भारत में अनेक चिकित्सा पद्धतियां हैं। आयुर्वेद आचार आधारित प्राचीन आयुर्विज्ञान है और एलोपैथी उपचार आधारित चिकित्सा विज्ञान। होम्योपैथी यूनानी सिद्धा आदि पद्धतियां भी हैं। स्वस्थ जीवन के लिए सब उपयोगी हैं। लेकिन यहां योगगुरु रामदेव पर आयुर्वेद से भिन्न चिकित्सा प्रणाली की आलोचना के आरोप हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा दायर याचिका में सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने इसे गलत बताया है। कोर्ट ने पहले भी इसे गलत बताया था।शरीर रहस्यपूर्ण संरचना है। इसकी आतंरिक गतिविधि का बड़ा भाग जान लिया गया है। चिकित्सा विज्ञानियों को इसका श्रेय है। आयुर्वेद का जन्म लगभग 4000 वर्ष ई.पूर्व ऋग्वेद के रचनाकाल में हुआ और विकास अथर्ववेद (3000 ई.-2000 ई.पूर्व) में। मैकडनल और कीथ ने 'वैदिक इंडेक्स' में लिखा है, "भारतीयों की रुचि शरीर रचना सम्बधी प्रश्नों की ओर बहुत पहले से थी। अथर्ववेद में अनेक अंगों के विवरण हैं और यह गणना सुव्यवस्थित है।" अथर्वेद आयुर्वेद का वेद है। इन लेखकों ने आयुर्वेद के दो आचार्यों चरक व सुश्रुत का उल्लेख किया है। अथर्ववेद में सैकड़ों रोगों व औषधियों का उल्लेख है। यूरोप में एलोपैथी का विकास 17वीं सदी के आसपास हुआ। एचएस मेन ने लिखा है, "भारतीयों ने चिकित्सा शास्त्र का विकास स्वतंत्र रूप से किया। पाणिनि के व्याकरण में विशेष रोगों के नाम है। मालूम होता है कि चिकित्सा शास्त्र का विकास उनके पहले 300 ई. पूर्व हो चुका था। अरब चिकित्सा प्रणाली की आधार शिला संस्कृत ग्रंथों के अनुवादों पर रखी गई। यूरोपीय चिकित्सा शास्त्र का आधार 17वीं सदी तक अरब चिकित्सा शास्त्र ही था।" एलोपैथी सुव्यवस्थित आधुनिक चिकित्सा पद्धति है।

जान बचाने वाले को बुलडोजर का इनाम

गरीबों पर अन्याय का चाबुक और न्याय के नाम पर बुलडोजर भाजपा के शासनकाल की खासियत बन चुकी है। इसकी ताजा मिसाल दिल्ली से सामने आई है, जहां दिल्ली विकास प्राधिकरण यानी डीडीए ने अतिक्रमण हटाने के लिए कुछ गरीबों के घरों को बुलडोजर से रौंद दिया है। इन घरों में एक घर वकील हसन का भी है, जो चार महीने पहले सिलक्यारा सुरंग में मजदूरों को बचाने के कारण स्टार बन चुके थे, लेकिन फिलहाल वे सड़कों पर फाकाकशी को मजबूर कर दिए गए हैं। याद दिला दें कि 12 नवंबर को उत्तराखंड के सिलक्यारा में बन रही सुरंग का एक हिस्सा धंस गया था, जिसमें 41 मजदूर फंस गए थे। इन मजदूरों को निकालने के लिए विदेशों से मशीन मंगाने से लेकर सुरंग के मुंह पर मंदिर बनाने तक सारे जतन किए गए थे, लेकिन आखिरकार मजदूरों को बचाने का काम रैट माइनर्स ने किया था। चूहों की तरह जमीन खोदने की तकनीक पर रैट माइनर्स ने 21 घंटों तक बिना रुके 10-12 मीटर गहराई तक जमीन को हाथों से खोदा, मलबे को निकाला और तब जाकर 17 दिनों बाद 41 मजदूरों की जान बच सकी। अगर रैट माइनर्स अपनी जान जोखिम में डालकर अथक परिश्रम नहीं करते तो कोई बड़ी अनहोनी हो सकती थी। देश पर औद्योगिक हादसे का एक और कलंक लग सकता था। लेकिन रैट माइनर्स ने इन सबसे भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बचा लिया। इन रैट माइनर्स को 41 मजदूरों की जान बचाने के एवज में 50-50 हजार रुपए दिए गए, मजदूरों के बाहर आते ही प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से उनसे बात की, रैट माइनर्स को कुछ दिनों तक मीडिया के जरिए नायक बनाया गया, कुछ नेताओं ने उनके साथ तस्वीरें उतरवाईं ताकि चुनाव में उसका लाभ मिल सके और महीने भर के भीतर न किसी को सिलक्यारा परियोजना में हुई गलतियों की याद रही न उस गलती में जिंदगियों को बचाने वालों की। शायद इसलिए नियमों और कानूनों का हवाला देते हुए गरीबों के घर पर बुलडोजर चलाने वाले डीडीए ने वकील हसन के घर पर बुलडोजर चलाने में झिझक नहीं दिखाई। डीडीए का अतिक्रमण विरोधी ताजा अभियान खजूरीखास इलाके में चला है।

हेल्थ प्लस

जिम जॉइन करने से पहले

■ अगर आप फिटनेस के लिए जिम जॉइन कर रहे हैं, तो जिम में कार्डियोवैस्कुलर वर्कआउट के लिए ट्रेडमिल, साइकल, क्रॉस ट्रेनर जैसी मशीनें जरूर होनी चाहिएं।

■ अगर आपको कार्डियक, डायबिटीज, हाई/लो ब्लड प्रैशर, एपिलेप्सी, आर्थराइटिस, स्लीप एप्निया, अस्थमा, स्किन एलर्जी इत्यादि की समस्या है, तो डॉक्टर से सलाह करके जिम जॉइन करें। अपनी बीमारी की जानकारी जिम इंस्ट्रक्टर और फिजियोथैरेपिस्ट को जरूर दें।

■ जिम इंस्ट्रक्टर की सुपरविजन में ही वर्कआउट करें। उससे अपने एक्सरसाइज प्लान की पूरी जानकारी लें। जरूरत से ज्यादा एक्सरसाइज आपके शरीर को नुकसान पहुंचा सकती है। इससे घुटने, टखने और लोअर बैकबोन कमजोर हो सकती है।

■ यदि आप अनैमिक हैं, तो वर्कआउट के दौरान आपको चक्कर आ सकते हैं, सांस फूलने लगती है, एनर्जी लैवल कम हो जाता है, जिस कारण वर्कआउट पूरा करने से पहले ही आप थक जाएंगे। इसलिए एक्सरसाइज से करीब एक घंटा पहले हल्का-सा नाश्ता जरूर कर लें। एक्सरसाइज के दौरान थोड़ा-थोड़ा पानी या अपना एनर्जी ड्रिंक पीते रहें। भोजन में आयरन युक्त खाद्य पदार्थों को शामिल करें। डॉक्टर की सलाह से आयरन सप्लीमेंट भी ले सकते हैं।

■ वर्कआउट के दौरान इंस्ट्रक्टर से यह जानते रहें कि जो एक्सरसाइज वो करवा रहे हैं, उसका क्या फायदा है और उससे आपके शरीर के किस हिस्से को क्या लाभ होगा।

■ अपने इंस्ट्रक्टर को अपनी डाइट के बारे में बताएं। यह भी वर्कआउट रिजीम सैट करने में मदद करता है। अगर आपको जिम जाकर वर्कआउट करना बोरिंग लगता है, तो इसके लिए आपको क्रिएटिव होना पड़ेगा। अपनी एक्सरसाइज की रूटीन में नई चीजें जोड़ें। अपनी एक्टिविटीज में वैरायटी रखें, ताकि उसमें आपकी रुचि बनी रहे। किक बॉक्सिंग, पावर योगा, एरोबिक्स और डांस क्लास भी आपके लिए अच्छा ऑप्शन हो सकती हैं। अपने साथ वर्कआउट करने के लिए एक दोस्त को तैयार करें या जिम में ही नए दोस्त बना लें, ताकि आप एक्सरसाइज का वक्त भी इंजॉय कर सकें।

कैंसर का उपचार हुआ आसान

कैंसर जैसे असाध्य माने जाने वाले रोग का हर स्टेज पर इलाज संभव हो सके, इसके लिए दुनियाभर में अनुसंधान किए जा रहे हैं। इन अनुसंधानों में वैज्ञानिकों को काफी सफलता भी हाथ लगी है। वैज्ञानिक अनुसंधानों के कारण ही कई तरह के कैंसर का ट्रीटमेंट अब काफी आसान हो गया है। हाल ही में कैंसर के इलाज के लिए हुए एक अनुसंधान में वैज्ञानिकों के हाथ एक और बड़ी सफलता लगी है। इस स्टडी में अनुसंधानकर्ताओं ने कैंसर का इलाज करने के लिए एक ऐसे नियम का पता लगाया है, जो रेडियोथैरेपी की प्रभावशीलता को बढ़ा देता है।

कैंसर रिसर्च पत्रिका में छपी अध्ययन रिपोर्ट के अनुसार कुछ खास दवाओं के इस्तेमाल से ट्यूमर की स्थिति में चूहों की रक्तवाहिकाओं की स्थिरता में सुधार हुआ। चूहों पर हुई इस स्टडी में बढ़िया नतीजे निकलकर सामने आए हैं। इस अनुसंधान में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के ग्रे इंस्टीट्यूट फॉर रेडिएशन ऑंकोलॉजी एंड बायोलॉजी के विज्ञानिकों ने भाग लिया।

दरअसल, ट्यूमर में अधिक स्थिर र त आपूर्ति कैंसर के मरीजों को कीमोथैरेपी बेहतर रूप से उपलब्ध कराती है। ग्रे इंस्टिट्यूट के निदेशक प्रोफेसर गिलीस मैक्केना ने कहा, 'कैंसर के उपचार के लिए नया तरीका खोजकर हम बेहद रोमांचित हैं। इसमें दवाएं कैंसर कोशिकाओं को रेडियोथैरेपी और कीमोथैरेपी के प्रति संवेदनशील बनाती हैं।'

मैक्केना ने कहा, 'आप अगर सोच रहे हैं कि ट्यूमर कोशिकाओं को ऑक्सीजन की आपूर्ति कर आप उन्हें बढ़ाने में मदद करेंगे, तो आप गलत हैं, क्योंकि कोशिकाओं को बेहतर रक्त आपूर्ति के साथ ऑक्सीजन पहुंचाकर हम रेडियोथैरेपी और कीमोथैरेपी को काम करने में अधिक सक्षम बनाते हैं, ताकि वे ट्यूमर को मार सकें।'

वैज्ञानिकों ने चार दवाओं के प्रभाव का परीक्षण किया, जो कैंसर थैरेपी के लिए चिकित्सीय इस्तेमाल में लाई जा रही हैं या फिर जिसका विकास किया जा रहा है।

दर्द भगाने के बहाने मीठी मार

आज बाजार में कई तरह की पेनकिलर्स उपलब्ध हैं। डॉक्टरों की मानें, तो इनमें बहुत सारी ऐसी पेनकिलर्स हैं, जिनका लगातार सेवन करने से दिमाग व शरीर इन पर निर्भर करने लगते हैं और हम इनके गुलाम बन जाते हैं। कुछेक पेनकिलर्स नशीली नहीं होतीं, लेकिन हमारे लिए दोनों तरह की पेनकिलर्स खतरनाक हो सकती हैं। अगर इनका सेवन डॉक्टर की सलाह के बगैर किया जाए या डॉक्टरी सलाह से कहीं अधिक समय के लिए किया जाए, तो ये सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकती हैं।

क्या हैं पेनकिलर्स ?

पेनकिलर्स या एनाल्जेसिक वे दवाएं हैं, जिनका इस्तेमाल दर्द से राहत पाने के लिए किया जाता है। एनाल्जेसिक्स मुख्य रूप से दो तरह की होती हैं: नॉन नारकोटिक्स और नारकोटिक्स। इन्हें बनाने में मॉर्फिन जैसे नारकोटिक्स, नॉन स्टेरॉइडल एंटी इन्फ्लेमेट्री ड्रग्स (NSAIDs) और एसेटैमिनोफेन जैसे नॉन नारकोटिक्स का इस्तेमाल किया जाता है।

कैसे करती हैं काम ?

पेनकिलर्स दो तरह से काम करती हैं—

- दिमाग की ओर जाने वाले दर्द के सिग्नल को ब्लॉक कर देती हैं, जिससे रोगी को दर्द का अहसास नहीं हो पाता।
- दिमाग में सिग्नल के इंटरप्रिटेशन सिस्टम में छेड़छाड़ कर देती हैं और रोगी को लगता है कि उसे दर्द से राहत मिल गई।

क्यों होता है एडिक्शन ?

पेनकिलर्स के बार-बार सेवन करने से व्यक्ति इनका आदी हो जाता है। नतीजा यह होता है कि एक साधारण दर्द को ठीक करते-करते व्यक्ति नशे की खतरनाक बीमारी के चंगुल में फंस जाता है।

- सभी पेनकिलर्स दिमाग के एक खास सर्किट पर एक्ट करती हैं, जिससे आनंद का अनुभव होता है, मूड अच्छा हो जाता है और नींद भी आती है। व्यक्ति इस आनंद की अवस्था का अनुभव करने के लिए बार-बार इनका सेवन करता है और उसे इनकी लत लग जाती है। लगातार इन्हें लेते रहने से ये दवाएं अल्कोहल का काम करने लगती हैं।
- कुछ समय तक लगातार पेनकिलर्स लेने के पश्चात अगर इन्हें एकदम बंद कर दिया जाए, तो सेहत संबंधी कई परेशानियां हो सकती हैं। जैसे सारे शरीर में असहनीय दर्द, घबराहट, बेचैनी, गुस्सा, दस्त, लगातार छींकें आना, नींद न आना, आंखों और नाक से पानी निकलना इत्यादि।

ये हैं नुकसान

एक साल तक अगर पेनकिलर्स का रोजाना इस्तेमाल किया जाए, तो यह बेहद हानिकारक हो सकती हैं।

गैसट्राइटिस (पेट में सूजन)- इससे पेट खराब हो सकता है। पेट के अंदर जख्म बनना, उनसे खून का रिसाव, ज्यादा एसिड बनना, छाती में जलन जैसी परेशानियां हो जाती हैं। इनके चलते पेट में दर्द, खट्टे डकार, उल्टियां जैसे लक्षण पैदा हो जाते हैं।

जिगर की सूजन- जिगर (लिवर) के सैल्स का खत्म होना, इसके चलते भूख का कम होना, खाना हजम न कर पाना जैसी परेशानियां हो जाती हैं।

किडनी प्रॉब्लम्स- पेनकिलर्स किडनी को बहुत नुकसान पहुंचाती हैं। जिंदगी में एक हजार से ज्यादा पेनकिलर्स खाने से किडनी खराब हो सकती है। किडनी के सैल्स को नुकसान पहुंचता है, जिससे धीरे-धीरे किडनी का फंक्शन कमजोर होता जाता है। इसे एनलजैसिक नेफरोपैथी कहा जाता है।

ब्लड डिस्क्रेसिया- कुछ पेनकिलर्स से खून की रचना में बदलाव आने लगते हैं, जिसे ब्लड डिस्क्रेसिया कहा जाता है। यह जानलेवा भी साबित हो सकता है।

दमा पर असर- कुछ पेनकिलर्स दमा भी बढ़ा सकती हैं।

मानसिक रोग- मानसिक रोग, जैसे मन की उदासी, वहम व शक की बीमारी, याददाश्त कमजोर होना। कई बार कन्फ्यूजन और भ्रम की स्थिति पैदा हो जाती है।

ऐसा कर लें

जहां तक संभव हो, बिना डॉक्टर की सलाह के पेनकिलर्स न लें और न ही इनकी ओवरडोज ही लें। पेनकिलर्स तब ही लें, जब बेहद जरूरी हो। थोड़ा-सा दर्द होने पर मैडिसिन लेने की आदत को छोड़ दें। पेनकिलर्स से बचने के लिए दर्द वाले हिस्से पर ठंडी या गर्म सिकाई की जा सकती है। पेनकिलर के स्प्रे या जेल से भी दर्द में राहत मिल जाती है। सिर दर्द में बाम लगाएं। दर्द अगर गैस की वजह से है, तो गैस का चूर्ण ले लें।

ध्यान रखें

- ब्लड प्रैशर, डायबिटीज, किडनी और दिल के मरीजों को डॉक्टर की सलाह के बगैर कोई भी पेनकिलर नहीं लेनी चाहिए।
- पेनकिलर्स खाली पेट बिल्कुल न लें। नॉन नारकोटिक्स पेनकिलर्स खाली पेट लेने से किडनी, लिवर और पेट को नुकसान पहुंचा सकती हैं।
- पेनकिलर लेने के कारण अगर पेट दर्द होता है, तो सबसे पहले उस पेनकिलर का इस्तेमाल बंद कर दें और डॉक्टर से सलाह लें।
- पेनकिलर्स हमेशा पानी से ही लेनी चाहिए।

डॉक्टर की सलाह

- इन दवाओं के आदी हो चुके मरीज मनोचिकित्सक के पास जाएं।
- मरीज को दवाओं के कोर्स के जरिए नशामुक्त किया जाता है। इस कोर्स को बिना अस्पताल में दाखिल हुए भी किया जा सकता है।
- मरीज को दोबारा नशे का सेवन करने से हटाने के लिए कुछ दवाएं देनी पड़ती हैं।
- नशे के सेवन से हुए नुकसानों को ठीक करने के लिए 4-6 महीने तक दवा लेनी जरूरी होती है।

इसलिए अगली बार पेनकिलर खाने से पहले सोचें। साथ ही डॉक्टरी सलाह के बगैर भी पेनकिलर न खाएं।

टाईम पास

आज का राशिफल

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
अपने काम को प्राथमिकता से करें। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-3-5-7

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
समय सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में न पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-2-4-6

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा)
जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हों समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उपजने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, झुंझला, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। धन के लेन-देन में सतर्क रहें। शुभांक-2-5-8

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान है, अत: वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें। शुभांक-1-5-8

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यावसायिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। स्थान परिवर्तन की संभावना है। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। शुभांक-2-5-7

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शुभांक-2-6-8

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं। शुभांक-1-5-8

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो या यी यू)
उत्साह में वृद्धि होगी। आलस्य का त्याग करें। नये आय के स्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। मनोरंजक भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता है। व्यावसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी। शुभांक-3-6-9

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। शुभांक-3-5-7

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। शुभ कार्यों में व्यय होगा व हर्ष पूर्ण माहौल बनेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। धार्मिक यात्रा शुभ है। शुभांक-3-5-8

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। आज का परिश्रम आगे लाभ देगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-3-6-9

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-2-4-8

काकुरो पहेली - 2006



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए, किसी भी अंक का उस जोड़ में पुन: उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



5+6+7+8+9=35
4+5+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

काकुरो - 2005 का हल



लॉफिंग ज़ोन

पति (पत्नी से) प्रिये यदि मुझे कुछ हो गया तो तुम क्या दूसरी शादी कर लोगी।

नहीं, कभी नहीं। मैं अपना बचा जीवन अपनी बड़ी बहन के साथ गुजार दूंगी लेकिन दूसरी शादी नहीं करूंगी।

पत्नी (पति से) : लेकिन यदि मुझे कुछ हो गया तो क्या तुम दूसरी शादी कर लोगे।

पति : नहीं, मैं भी तुम्हारी बहन के साथ ही रह लूंगा।

□ □ □

अपने प्रेमी की शिकायत करते हुए शीला ने गीता से कहा- यह रमन का बच्चा आजकल मुझसे फ्लर्ट कर रहा है।

गीता- क्यों क्या किया रमन ने?

शीला- कल शाम जब मैं एक रेस्त्राँ में उससे मिलने गई तो वह बहुत देर बाद आया। कारण पूछने पर कहने लगा- अरे, वो नरेश मुझे जबरदस्ती टॉकिज ले गया था फिल्म दिखाने।

गीता- तो इसमें फ्लर्ट की क्या बात है?

शीला- दरअसल, कल नरेश के साथ टॉकिज तो मैं गई थी।

□ □ □

फिल्म वर्ग पहेली- 2006



बायें से दायें:-

१. अजय, सुनील शेट्टी, प्रियंका, दीया की 'जाना नहीं था' गीत वाली फिल्म-२,२
५. अनिल, अक्षय, मनोज, करीना की 'मेरा दिल लिया' गीत वाली फिल्म-३
७. 'चांद को क्या मालूम' गीत वाली पृथ्वीराज, सेजु मुखर्जी की फिल्म-२,३
९. सनी देओल, अमीषा पटेल की 'मुसाफिर जाने वाले' गीत वाली फिल्म-३
११. 'जाओ जाओ हमसे क्या' गीत वाली बिंदु अमि अमृतसिंह की फिल्म-२,३
१४. सलमान खान, रवीना की 'अकेले हैं चले आओ' गीत वाली फिल्म-२
१५. गुरु फनीआ निर्देशित इमरान खान, शाहबाज खान, तब्बू की फिल्म-२
१७. जय दीवान, वैजयंतीमाला की 'दुनिया का मजा लेलो' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'तुम मुझे भूल भी जाओ' गीत वाली सुनीलदत्त, वहीदा रहमान की फिल्म-२
२१. जीतेंद्र, रेखा की 'गांव में होने ऐसे होते' गीत वाली फिल्म-४
२३. प्रकाश झा निर्देशित मनोहरसिंह, आशुतोष, सलमा, दीप्ति नवल की फिल्म-३
२४. शशिकपूर, शर्मिला टैगोर की 'जिक्र होता है जब कयामत का' गीत वाली फिल्म-२,२
२६. 'दिल में जागी धड़कन ऐसे' गीत वाली लकी अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२
२७. प्रशांत, संध्या की 'पंख होते तो उड़ आती रे' गीत वाली फिल्म-३
३०. फिल्म 'जबरदस्त' में सनी देओल के साथ नायिका कौन थी-३
३२. जैकी, अमरीश, डिम्पल की 'हम न समझे थे' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'सपने में मिलती है' गीत वाली डी. चक्रवर्ती, मनोज वाजपेयी, उर्मिला मातोंडकर की फिल्म-२

ऊपर से नीचे:-

१. रानी ने इसमें अंधी एवं गूंगी-बहरी लड़की की भूमिका की है-२
२. फिरोज, संजय खान, मुमताज की फिल्म-२
३. 'आज गाले मुस्कुराले' गीत वाली फिल्म-४
४. शम्मीकपूर, सायरा की एक फिल्म-३
६. 'सनम तुम हम पे मरते' गीत वाली फिल्म-३
८. 'मैं तुझसे मिलने आई' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा पारेख की फिल्म-२
९. धर्मेन्द्र, रेखा की 'ऐ हवा ने कहा' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'संसार है एक नदिया' गीत वाली विनोद मेहरा, हैरी, मौसमी चटर्जी की फिल्म-३
११. 'तुम तो परदेसी हो' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'ना सजना से ऊपर ना सोना से कम' गीत वाली नवीन निश्चल, रेखा की फिल्म-२
१३. अशोककुमार, मधुबाला की 'आयेगा आने वाला' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'मैं इश्क उसका' गीत वाली फिल्म-२
१८. विमी सोरगिल, इरफान, अभिता भट्ट की 'अब घर आजा' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'गोरी कैयाले सी हसीना का' गीत वाली अक्षयकुमार, काजोल की फिल्म-३
२१. शाहरुख, मनीषा, प्रीति की फिल्म-२,१
२२. फिल्म 'आरम्भ' में संकेत के साथ नायिका-२
२५. राजीवलाल, पद्मिनी, किशोरलाल की फिल्म-४
२६. 'ऐ मन सुन यहीं' गीत वाली अमिताभ, शशिकपूर रेखा, परवीन बाबी की फिल्म-३
२८. शबाना आज़मी, तरुण, मेघना नायडू की फिल्म-२
२९. 'सुबह सुबह जब' गीत वाली फिल्म-२
३१. अभिषेक, करीना कपूर की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 2005

सूडोकु -2006

	9				6			
4	7				8	3		9
		8	7	3		1	2	
	8	9		5	1		7	6
5	1		8	7		4	9	
	2	4		6	5	7		
7		1	3				5	8
			1				4	

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.

■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.

■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.

■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -2005 का हल

1	9	3	7	5	4	2	6	8
8	4	2	1	6	3	9	7	5
5	7	6	8	2	9	3	1	4
4	1	5	6	3	2	8	9	7
7	2	9	4	8	1	6	5	3
3	6	8	5	9	7	1	4	2
2	5	1	9	4	8	7	3	6
9	8	4	3	7	6	5	2	1
6	3	7	2	1	5	4	8	9

शब्द पहेली - 2006



बाएं से दाएं

1.शरीफ,नेकनीयत-5
4.जिसे सुनाई न दे-3
6.मां का भाई-2
7.एकमात्र,सिर्फ एक-3
8.अधिकार-2
10.सिर झुकाना-3
11.दुर्घटना-4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ-3
16.राजदार-4
17.राजा की पत्नी-2
18.बीज, वीर्य-2
19.मीठा पेय पदार्थ-4
21.पानी की बूंद-3
22.अवरोध,बाधा-4
24.मैला,अस्वच्छ-3
25.पानी,जल-2
27.पुत्र,लड़का-3
28.लाश,पार्थिव देह-2
29.थकावट-3
30.मन मोहने वाला-5

ऊपर से नीचे

1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी-5
2.अस्थमा-2
3.राज्य,सल्तनत-4
4.तन,काया,देह-3
5.रास्ता,मार्ग-2
7.नखरा,भुगतान-2
9.डोली उठाने वाले-3
12.बिजली,विद्युत रश्मि-3
13.भद्रता,नेकनियत -4
15.कमल,पंकज-3
16.बुखार,ज्वर ताप-4
17.आराम,मदद-3
18.घना वन-3
20.मन को भाने वाला -2,3
21.कथा,गाथा-3
22.कहासुनी-4
23.मनन करना-3
24.शराब-2
26.घोड़ागाड़ी-2
28.बढ़ावा देना-2

शब्द पहेली -2005 का हल



मनीषा रानी

से पहले बिहार की इन बेटियों ने भी मुंबई में कमाई खूब शोहरत, एक से तो सबका भाग्य है जुड़ा

बिहार के छोटे से गांव से आई मनीषा रानी अब सबके दिलों की शहजादी बन चुकी हैं। सोशल मीडिया पर बतौर इंफ्लुएंसर अपना करियर शुरू करने वाली 11 की विजेता मनीषा रानी ने रियलिटी शोज से हर किसी का दिल जीता है।मनीषा रानी बिहार के एक छोटे से गांव से ताल्लुक रखती हैं। उन्होंने झलक दिखला जा के मंच पर अपने माता-पिता के अलग होने से लेकर अपने संघर्ष के बारे में बताया था। सलमान खान के विवादित शो बिग बॉस ओटीटी 2 से मनीषा रानी चर्चा में आई थीं, जहां उन्होंने अपने मुंह फट अंदाज और सादगी से हर किसी को दीवाना बनाया।

जब झलक दिखला जा 11 में मनीषा वाइल्ड कार्ड एंट्री बनकर आईं और लोगों ने डांस के प्रति उनके पैशन को देखा, तो उन्हें भरपूर समर्थन दिया। आज उन्होंने झलक दिखला जा-11 की ट्रॉफी जीतकर सिर्फ अपने परिवार का ही नहीं, बल्कि बिहार के उन लोगों का सिर गर्व से ऊंचा किया है।

वैसे आपको बता दें कि मनीषा रानी के अलावा भी बिहार से ताल्लुक रखने वाली कई टीवी एक्ट्रेसेज हैं, जिन्होंने मुंबई आकर शोहरत तो कमाई ही, लेकिन इसी के साथ उन्होंने फैंस का प्यार भी खूब कमाया है। तो चलिए बिना देरी किये देखते हैं, उन अभिनेत्रियों की लिस्ट, जो बिहार से रखती हैं नाता।

सृति झा

साल 2007 में अपने करियर की शुरुआत करने वाली सृति झा बिहार की रहने वाली हैं। उनका जन्म बिहार के बेगूसराय में हुआ था। सृति का टेलीविजन पर करियर छोटा नहीं रहा है।हालांकि, उन्हें जो इंडस्ट्री में पहचान मिली है, वह सीरियल कुमकुम भाग्य से मिली है। इस शो में सृति ने प्रज्ञा का किरदार अदा किया था, जिसके लिए उन्हें दर्शकों का खूब प्यार मिला।

रतन राजपूत

अगले जन्म मोहे बिटिया ही कीजो रतन राजपूत के करियर का सबसे बड़ा शो रहा है। इस शो में उन्होंने लाली का किरदार अदा किया था, जिसमें उन्होंने एक छोटे से गांव की लड़की की भूमिका निभाई थी। रतन राजपूत भी बिहार से ताल्लुक रखती हैं। रतन राजपूत साल 2020 से टीवी की दुनिया से दूर हैं, लेकिन वह अपने व्लॉग के जरिये लगातार फैंस से जुड़ी रहती हैं।

रति पांडे

मिले जब हम तुम एक ऐसा टीवी शो है, जिसका नाम आज भी लोगों की जुबान पर रहा है।इस शो से रति पांडे ने खूब नाम कमाया था। अर्जुन बिजलानी के अपोजिट वह इस शो में नूपुर भूषण का किरदार निभाया था।

इसके बाद उन्होंने एक टीवी शो किया था जिसका टाइटल था हिटलर दीदी इस शो में रति पांडे को काफी पसंद किया गया था। आपको बता दें कि रति पांडे भी बिहार से ताल्लुक रखती हैं। उनका जन्म तो असम में हुआ है, लेकिन उसके बाद वह अपने परिवार के साथ बिहार,पटना मूव हो गयी थीं, जहां पर उन्होंने अपनी पढ़ाई की है।

अंकिता लोखंडे

ने कास्टिंग काउच पर किया चौंकाने वाला खुलासा, बोलीं- मुझे अंदर बुलाया और...

अंकिता लोखंडे छोटे पर्दे की एक जानी मानी एक्ट्रेस हैं। उन्होंने पवित्र रिश्ता में काम कर अपनी एक अलग पहचान बनाई है। बीते साल उन्होंने रियलिटी शो बिग बॉस 17 में अपने पति विकी जैन के साथ एंट्री ली थी और टॉप 4 में अपनी जगह बनाई। अब बिग बॉस खत्म होने के बाद अंकिता ने एक इंटरव्यू में अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के बारे में खुलकर बात की है इसी इंटरव्यू में अंकिता ने कास्टिंग काउच को लेकर भी चौंकाने वाला खुलासा किया है। एक्ट्रेस ने बताया है कि कैसे उन्हें साउथ फिल्म इंडस्ट्री में इसका सामना करना पड़ा था।

अंकिता ने किया चौंकाने वाला खुलासा

हाल ही में Hautterfly को दिए एक इंटरव्यू में अंकिता लोखंडे ने कास्टिंग काउच के बारे में बताते हुए बताया कि कैसे उन्हें कास्टिंग काउच का सामना करना पड़ा था। अंकिता ने कहा, मेरे साथ बॉम्बे में ही कास्टिंग काउच हुआ है, साउथ फिल्म के लिए हुआ था। मैंने एक साउथ फिल्म के लिए ऑडिशन दिया था। उसके बाद मेरे पास फोन आया और कहा मैं सिलेक्ट हो चुकी हूं इसके बाद मैंने कहा ठीक है मैं आती हूं, मुझे साइन करने जाना था। मैंने अपनी मम्मी को बोला मैं जा रही हूं, मुझे साइनिंग अमाउंट मिलने वाला है। हालांकि, मुझे भी संदेह था कि इतनी आसानी से कैसे हो गया। इतनी अच्छी किस्मत तो नहीं है अपनी। फिर जब मैं गई तो उन्होंने मुझे अंदर बुलाया और मेरी कोऑर्डिनेटर को बाहर इंतजार करने के लिए कहा।

फिल्ममेकर के साथ सोना होगा

एक्ट्रेस ने आगे बताया कि उन्हें कहा गया फिल्म पाने के लिए उनको समझौता करना होगा। इसके बाद अंकिता कन्फ्यूज हुईं और उन्होंने क्लैरिटी के लिए घुमा फिरा के फिर से सवाल पूछा। इस पर उन्हें बोला गया कि उन्हें फिल्ममेकर के साथ सोना होगा। इसके बाद अंकिता वहां से यह कहकर निकल गईं कि आपके फिल्ममेकर को टैलेंट की जरूरत नहीं, बल्कि उन्हें एक लड़की चाहिए और मैं वैसी लड़की नहीं हूं।अंकिता ने कहा उस दिन मैंने ये फैसला किया, मैं फिल्में नहीं करूंगी। मैं अपनी टेलीविजन इंडस्ट्री से खुश हूं। उसके बाद मुझे पवित्र रिश्ता का मौका मिला और मैंने खुशी-खुशी उसे किया।

जब प्रोड्यूसर ने की ऐसी डिमांड, अंकिता लोखंडे ने ले लिया था फिल्म ना करने का फैसला



साल 2009 में टीवी शो पवित्र रिश्ता से डेब्यू करने के बाद अंकिता लोखंडे घर-घर मशहूर हुईं. इस सीरियल को बंद हुए सालों हो चुके हैं, पर वो आज भी इसमें निभाए गए अपने किरदार की वजह से लोगों के दिलों में बसती हैं. अब हाल ही में अंकिता ने एक इंटरव्यू में हैरान कर देने वाला खुलासा किया है. उनका कहना है कि वो कई मरतबा कास्टिंग काउच का सामना कर चुकी हैं.इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि उन्होंने साउथ की एक फिल्म के लिए ऑडिशन दिया था. उसके बाद उन्हें फिल्म साइन करने को बुलाया गया, जिसके बाद वो काफी खुश हो गई थीं और उन्होंने अपनी मां को बताया था कि वो फिल्म साइन करने जा रही हैं. उन्होंने बताया कि जब वो होटल पहुंची तो उन्हें अंदर बुलाया गया और उनकी कॉर्डिनेटर को बाहर रहने को ही कहा गया.

अंकिता ने दिया था ऐसा जवाब

अंकिता ने बताया, उन लोगों ने कहा कि तुम्हें समझौता करना होगा. उस समय मैं सिर्फ 19 साल की थी और मैं हीरोइन बनना चाहती थी और वो फेज चल रहा था. मैंने उस स्मार्ट खेला क्योंकि मैं ये नहीं सुनना चाहती थी कि मुझे किसी के साथ सोना है. इसलिए मैंने उनसे पूछा कि किस तरह का समझौता? क्या आप अपने प्रोड्यूसर के साथ मुझे पार्टी में ले जाना चाहते हैं.

अंकिता ने कहा कि वो ये बात नहीं सुनना चाहती थीं कि हकीकत में वो आदमी क्या कहना चाहता है. पर उनसे कहा गया, "तुम्हें प्रोड्यूसर के साथ सोना होगा. ये सुनने के बाद अंकिता उठीं और वहां जाने से पहले उन्होंने उस आदमी से कहा, "मुझे नहीं लगता है कि तुम्हारे प्रोड्यूसर को किसी टैलेंट की जरूरत है, उसे सोने के लिए एक लड़की की जरूरत है और मैं इस तरह की नहीं हूं.

फिल्म ना करने का फैसला

अंकिता ने आगे कहा, उस दिन मैंने फैसला कर लिया था कि मैं फिल्म नहीं करने वाली हूं, क्योंकि मैं किसी को अधिकार नहीं देना चाहती, ये गलत है और तब मैंने निर्णय लिया कि जो कुछ भी हो, मैं टीवी इंडस्ट्री के साथ खुश हूं. उसके बाद मुझे पवित्र रिश्ता का मौका मिला और मैंने उसे खुशी खुशी किया.

आयुष्मान खुराना ने खुद अपने आगे का प्लान बता दिया, कैसी फिल्में करने वाले हैं? पता चल गया

आयुष्मान खुराना ने कभी 'विक्की डोनर' का विक्की अरोड़ा बनकर तो कभी 'अंधाधुन' का आकाश बनकर लोगों को खूब एंटरटेन किया है. वो लगभग पिछले 12 सालों से फिल्म इंडस्ट्री में काम कर रहे हैं. अब तक उन्होंने पर्दे पर अलग-अलग तरह के कई किरदार निभाए हैं. हर एक्टर के लिए कुछ रोल को प्ले करना आसान होता है तो कुछ को निभाना मुश्किल.

अब आयुष्मान ने अपने उन किरदारों के बारे में बताया है, जिसे करना उनके लिए थोड़ा चैलेंजिंग था.टीवी9 हिंदी डिजिटल के साथ बातचीत में आयुष्मान ने कहा, जो किरदार आपकी जी हुई जिंदगी के करीब होते हैं, वो करना आसान होता है. जो आपकी जिंदगी से दूर होते हैं जैसे- 'अंधाधुन', 'आर्टिकल 15', 'अनेक', 'एक्शन हीरो', ये थोड़ा मेरे लिए मुश्किल था. आगे उन्होंने कहा, मेथड में एक्टर तब जाता है जब आप कुछ सीखते हैं. जैसे- आर्टिकल 15 में मैंने जातिवाद के बारे में सीखा था, पढ़ा था. अभी तक सीख रहा हूं. 'अंधाधुन' में पियानो बजाना सीखा था. एक अंधे की तरह चलना सीखा था.

तो ये मेथड में आ जाता है तो ये फिल्में थोड़ी मुश्किल रही हैं.आगे उन्होंने ये भी कहा,चैलेंजिंग रोल करने के बाद ही मजा आता है एक्टर को. बाकी 'बधाई हो', 'चंडीगढ़ करे आशिकी हो', वहां पर फिजिकैलिटी पर काम था, भाषा तो मुझे आती थी. तो वो आपके लिए ज्यादा आसान होती है, आप वहां ज्यादा खेल सकते हैं. लेकिन सीखने का जो काम है वो तब होता है, जब आप उस चीज से दूर होते हैं, जो आपने जिया है.

आने वाले समय में कैसी फिल्में करने वाले हैं आयुष्मान ?

आयुष्मान ने ये भी बताया कि आने वाले समय में वो बड़ी कमर्शियल भी करने वाले हैं और कर रहे हैं. उन्होंने ये भी कहा कि वो हर तरह की फिल्में करना चाहते हैं. बहरहाल, पिछली बार आयुष्मान 'ड्रीम गर्ल 2' में नजर आए हैं. ये पिक्चर अगस्त 2023 में रिलीज हुई थी, जिसने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी और हिट रही थी.

स्पेशल कारोबार में उछला बाजार, सेंसेक्स ने लगाई 14 सौ अंक की छलांग

नई दिल्ली. घरेलू शेयर बाजार में आज शनिवार को स्पेशल कारोबार हो रहा है. अमूमन शनिवार को बंद रहने वाले बाजार में आज खुलते ही जबरदस्त मोमेंटम देखा गया. एक दिन पहले बाजार में आई जबरदस्त रैली का क्रम आज भी बरकरार दिख रहा है. बाजार में कारोबार शुरू होते ही सेंसेक्स 14 सौ अंक से ज्यादा उछल गया.

बाजार खुलने से पहले के संकेत

बाजार शुरुआत से ही शानदार तेजी के संकेत दे रहा था. प्री ओपन सेशन में बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स जहां 15 सौ अंक से ज्यादा के फायदे में था, वहीं एनएसई का निफ्टी50 इंडेक्स 2 फीसदी से अधिक की तेजी में था. गिफ्ट सिटी में निफ्टी का वायदा 60 अंक से ज्यादा के प्रीमियम के साथ 22,510 अंक के पार निकला हुआ था.

नए रिकॉर्ड पर सेंसेक्स-निफ्टी

जैसे ही बाजार में कारोबार की शुरुआत हुई, दोनों प्रमुख सूचकांकों ने जबरदस्त छलांग लगा दी. सुबह 9 बजकर 25 मिनट पर सेंसेक्स 1,328 अंक (1.83 फीसदी) की बढ़त लेकर 73,830 अंक के पास कारोबार कर रहा था. निफ्टी 390 अंक (1.77 फीसदी) उछलकर 22,372 अंक पर था. दोनों सूचकांक आज के स्पेशल कारोबार में अपना-अपना नया ऐतिहासिक उच्च स्तर छूने में कामयाब रहे हैं.

जीडीपी के आंकड़ों के बाद रैली

इससे पहले शुक्रवार को जीडीपी के शानदार आंकड़े के बाद बाजार ने जबरदस्त छलांग लगाई थी.

टाटा का यह स्टॉक रिकॉर्ड हाई पर पहुंचा, शेयरों पर टूट पड़े हैं निवेशक, एक्सपर्ट्स बोले 200 रुपये के पार जाएगा

नई दिल्ली. टाटा ग्रुप (Tata Group) की कंपनी टाटा स्टील (Tata Steel) के शेयरों की कीमतों में आज फिर उछाल देखने को मिली है। कंपनी के शेयर 3 प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ शनिवार को स्पेशल ट्रेडिंग सेशन के दौरान बीएसई में 156.10 रुपये के लेवल पर पहुंच गए। यह कंपनी का रिकॉर्ड हाई है। इससे पहले शुक्रवार को टाटा स्टील के शेयरों की कीमतों में 6 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली थी।शनिवार को टाटा स्टील के शेयर बीएसई में

152 रुपये के लेवल पर ओपन हुए। लेकिन फिर कुछ ही देर के बाद 152.95 रुपये के स्तर पर पहुंच गए। यह पहली बार है जब टाटा स्टील 150 रुपये के स्तर को क्रॉस करने में सफल रहा है। कंपनी का मार्केट कैप 1,90,060.41 करोड़ रुपये का है। बता दें, बीएसई में टाटा स्टील का 52 वीक लो लेवल 101.65 रुपये प्रति शेयर है।

एक्सपर्ट्स बुलिश (Tata Steel Target Price)

बिजनेस टुडे की रिपोर्ट के अनुसार Sto&Bo& से जुड़े एनालिस्ट अवधूत बागकर कहते हैं, टाटा स्टील का ब्रेकआउट 147.40 रुपये प्रति शेयर था। अब यह स्टॉक 175 रुपये से 185 रुपये के लेवल तक जा सकता है। एक्सपर्ट ने स्टॉप लॉस 135 रुपये प्रति शेयर तय किया है।मेहता इक्विटी से जुड़े रियांक अरोड़ा का कहना है कि टाटा स्टील बुलिश नजर आ रहा है। शेयर धीरे-धीरे 153 से 160 रुपये तक पहुंचता दिखाई दे रहा है। इसका टारगेट प्राइस 200 रुपये से 225 रुपये प्रति शेयर है।

8 शेयर वाली कंपनी की किस्मत बदलेंगे अंबानी! NCLT ने दिया बड़ा मौका

नई दिल्ली. अगर सबकुछ ठीक रहा तो मुकेश अंबानी की झोली में किशोर बियानी के फ्यूचर समूह की कंपनी फ्यूचर सप्लाई चेन सॉल्यूशंस आ सकती है। दरअसल, फ्यूचर सप्लाई चेन सॉल्यूशंस के लेंडर्स को रिलायंस रिटेल वेंचर्स की बोलियों पर विचार करने के लिए वक्त मिल गया है। एनसीएलटी ने 45 दिन का वक्त दिया है। आपको बता दें कि रिलायंस रिटेल वेंचर्स के अलावा तत्काल लोन इंडिया ने भी फ्यूचर सप्लाई चेन सॉल्यूशंस के लिए बोली लगाई थी।

की गई थी अपील

समाधान पेशेवर राजन रावत ने अपने वकील के माध्यम से एनसीएलटी से 45 दिन के विस्तार की मांग की थी। रावत ने तर्क दिया था कि दो संभावित समाधान आवेदकों ने अपनी बोलियां जमा कर दी हैं और हम प्रस्ताव के मूल्य को बढ़ाने के लिए बोलीदाताओं के साथ पहले से ही बातचीत कर रहे हैं। आपको बता दें कि रिलायंस रिटेल वेंचर्स और तत्काल लोन इंडिया के अलावा वन सिटी इंफ्रास्ट्रक्चर, ग्लोब इकोलॉजिस्टिक्स, ट्रक्स लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस और सुगना मेटल्स ने दिवालियापन प्रक्रिया के माध्यम से कंपनी का अधिग्रहण करने में रुचि व्यक्त की थी।

कंपनी पर किसके कितने बकाया

पिछले साल 5 जनवरी को फ्यूचर सप्लाई चेन सॉल्यूशंस के लेंडर डीएचएल ई-कॉमर्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दायर एक आवेदन के बाद दिवाला प्रक्रिया शुरू की गई थी। कंपनी ने लगभग 7.26 करोड़ रुपये के बकाया पर चूक की थी। कंपनी पर कुल 885 करोड़ रुपये की स्वीकृत देनदारियां हैं। दिवालिया कंपनी के प्रमुख लेनदारों में अजीम प्रेमजी ट्रस्ट (274 करोड़ रुपये), डीएफसी फर्स्ट बैंक (158 करोड़ रुपये), जेसी फ्लावर्स एसेट रिकंस्ट्रक्शन (63 करोड़ रुपये) और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (45 करोड़ रुपये) शामिल हैं।

शेयर की कीमत

बता दें कि फ्यूचर सप्लाई चेन सॉल्यूशंस के शेयर की कीमत 8.15 रुपये थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का निचला स्तर है। शेयर ने पिछले साल मार्च महीने में 18.20 रुपये के स्तर को टच किया था। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई भी है।

GDP डेटा से सेंसेक्स गदगद, बने नए रेकॉर्ड, इस समय खुलेगा शेयर बाजार

नई दिल्ली. गुरुवार को आए शानदार जीडीपी आंकड़ों और विदेशी निवेशकों की बाइंग से शुक्रवार को बाजार में तेजी आ गई। हफ्ते के आखिरी ट्रेडिंग सेशन में बाजार ऑल टाइम हाई लेवल पर बंद हुआ। जीडीपी आंकड़ों और विदेशी निवेशकों का आकर्षण बढ़ने से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने ही डेढ़ प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त के साथ ऑल टाइम हाई लेवल हासिल किया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 1,245.05 अंक यानी 1.72 प्रतिशत उछलकर 73,745.35 अंक पर पहुंच गया। यह इसका सर्वकालिक उच्च स्तर है। कारोबार के दौरान यह 1,318.91 अंक यानी 1.81 प्रतिशत तक उछलकर 73,819.21 के रिकॉर्ड इंट्रा-डे शिखर पर भी पहुंच गया था। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 355.95 अंक यानी 1.62 प्रतिशत की छलांग लगाते हुए 22,338.75 के नए समापन स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसने 370.5 अंक की तेजी के साथ 22,353.30 के नए इंट्रा-डे स्तर को भी छुआ।

इन शेयरों में दिखी तेजी

सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील छह प्रतिशत से अधिक उछल गई, जबकि जेएसडब्ल्यू स्टील में चार प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। लार्सन एंड टुब्रो, टाइटन, मारुति, इंडसइंड बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और टाटा मोटर्स में भी बढ़त दर्ज की गई। हालांकि, तेजी के इस दौर में भी एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इंफोसिस और टेक महिंद्रा पिछड़ गए। बाजार की इस तेजी के पीछे अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत रहने का आंकड़ा सामने आने की प्रमुख भूमिका रही। यह पिछले डेढ़ वर्षों में सबसे अधिक तिमाही वृद्धि है। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष के वृद्धि अनुमान को भी संशोधित कर 7.6 प्रतिशत कर दिया गया है।

इस कंपनी ने सरकार को दिया 2,441 करोड़ रुपये का डिविडेंड, तूफानी तेजी से भाग रहे शेयर

नई दिल्ली. शेयर बाजार में बंपर तेजी देखने को मिल रही है। बाजार रेकॉर्ड ऊंचाई पर है। सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी देखने को मिल रही है। स्टॉक मार्केट में तेजी के बीच कई कंपनियों के शेयरों में उछाल आया है। भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) के शेयर में भी शानदार तेजी देखने को मिल रही है। पिछले एक साल में एलआईसी के शेयर का भाव करीब 70 फीसदी बढ़ चुका है। इस बीच एलआईसी ने भारत सरकार को 2,441 करोड़ रुपये की राशि डिविडेंड के तौर पर दी है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा है, वित्त मंत्री सीतारमण को भारतीय जीवन बीमा निगम के चेयरमैन सिद्धार्थ मोहंती ने 2,441.44 करोड़ रुपये का लाभांश चेक दिया। वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी की उपस्थिति में लाभांश चेक वित्त मंत्री को सौंपा गया। एलआईसी के शेयर कल यानी शुक्रवार को एनएसई पर 0.69 फीसदी की तेजी के साथ 1029.90 रुपये के भाव पर बंद हुए थे। आज भी शेयरों में तेजी देखने को मिल रही है।

निवेशकों को मिला शानदार रिटर्न

एलआईसी के शेयर में निवेश करने वालों को शानदार रिटर्न मिला है। पिछले एक महीने में कंपनी के शेयरों में 9.43 फीसदी का उछाल आ चुका है। वहीं पिछले 6 महीने की बात करें तो एलआईसी के शेयर 57.09 फीसदी तक उछल चुके हैं। एलआईसी के शेयरों में पिछले एक साल में 72.12 फीसदी का उछाल आ चुका है। मार्केट एक्सपर्ट्स के मुताबिक, एलआईसी के दिसंबर तिमाही के मजबूत नतीजे और इसकी मजबूत उपस्थिति से शेयर में तेजी देखने को मिल रही है। एलआईसी ने बीती 8 फरवरी को नतीजे जारी किए थे।

30 रुपये से सस्ता है यह शेयर, जमकर लग रहा दांव, अभी से 29 रुपये का फायदा

नई दिल्ली. मुक्का प्रोटीन्स के आईपीओ को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। कंपनी के आईपीओ पर 2 दिन में ही 7 गुना से ज्यादा दांव लग गया है। मुक्का प्रोटीन्स के आईपीओ पर दांव लगाने का एक मौका अभी बचा हुआ है। कंपनी का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 4 मार्च 2024 तक खुला हुआ है। मुक्का प्रोटीन्स के शेयर ग्रे मार्केट में भी धमाल मचाए हुए हैं। कंपनी के शेयर ग्रे मार्केट में 100 पर्सेंट से ज्यादा के फायदे के साथ ट्रेड कर रहे हैं।

पहले ही दिन 57 रुपये के करीब पहुंच सकते हैं शेयर

मुक्का प्रोटीन्स के आईपीओ (Mukka Proteins IPO) का प्राइस बैंड 26 से 28 रुपये है। ग्रे मार्केट में मुक्का प्रोटीन्स के शेयर 29 रुपये के प्रीमियम पर पहुंच गए हैं। 28 रुपये के अपर प्राइस बैंड पर मुक्का प्रोटीन्स के शेयर 57 रुपये के करीब लिस्ट हो सकते हैं। यानी, आईपीओ में जिन निवेशकों को कंपनी के शेयर मिलेंगे, वह पहले ही दिन 103 पर्सेंट से ज्यादा के फायदे की उम्मीद कर सकते हैं। कंपनी के आईपीओ में शेयरों का अलॉटमेंट 5 मार्च 2024 को फाइनल होगा। वहीं, कंपनी के शेयर 7 मार्च को बाजार में लिस्ट होंगे।

IPO पर लग गया 7 गुना से ज्यादा दांव

मुक्का प्रोटीन्स का आईपीओ (Mukka Proteins IPO) शुरुआती 2 दिन में ही 7.07 गुना सब्सक्राइब हो गया है। कंपनी के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स का कोटा 10.38 गुना सब्सक्राइब हुआ है। वहीं, नॉन-इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (NII) का कोटा 6.26 गुना सब्सक्राइब हुआ है। कंपनी के आईपीओ में क्वॉलीफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स कैटेगरी में 1.86 गुना दांव लगा है। मुक्का प्रोटीन्स के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स कम से कम 1 लॉट के लिए दांव लगा सकते हैं। आईपीओ की एक लॉट में 535 शेयर हैं। रिटेल इनवेस्टर्स अधिकतम 13 लॉट के लिए बोली लगा सकते हैं।

एनईएफटी ने बनाया ट्रांजेक्शन का रिकॉर्ड, एक दिन में 4 करोड़ से ज्यादा लेन-देन

बिजनेस डेस्क. पेमेंट सेटलमेंट सिस्टम एनईएफटी ने एक नया रिकॉर्ड बना दिया है. बैंकिंग गतिविधियों में तेजी के बीच 29 फरवरी को एनईएफटी सिस्टम के माध्यम से 4 करोड़ से ज्यादा ट्रांजेक्शन प्रोसेस किए गए. यह किसी भी एक दिन में सबसे ज्यादा ट्रांजेक्शन प्रोसेस करने का नया रिकॉर्ड है. आरबीआई ने खुद इसकी जानकारी दी है.

एक दिन में प्रोसेस हुए इतने पेमेंट

रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को इस बारे में बताया कि अकेले 29 फरवरी को एनईएफटी सिस्टम के माध्यम से 4,10,61,337 ट्रांजेक्शन प्रोसेस किए गए. बकौल आरबीआई, यह एनईएफटी के जरिए ट्रांजेक्शन का एक दिन का अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है. एनईएफटी के जरिए सबसे ज्यादा ट्रांजेक्शन प्रोसेस करने का रिकॉर्ड ऐसे समय बना है, जब लोग पेमेंट के लिए सबसे ज्यादा यूपीआई को पसंद कर रहे हैं.

रिटेल पेमेंट के लिए ये अच्छे विकल्प

एनईएफटी यानी नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर भारत में मनी ट्रांसफर और सेटलमेंट के लिए उपलब्ध विभिन्न विकल्पों में से एक है. लोगों को एक-दूसरे के साथ पैसों का ट्रांजेक्शन करने के लिए यूपीआई और एनईएफटी के अलावा रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट (आरटीजीएस) और इमीडियेट मोबाइल पेमेंट सर्विसेस (आईएमपीएस) का विकल्प मिलता है.

होलसेल पेमेंट के लिए ये बेहतर

यूपीआई और आईएमपीएस को नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के द्वारा मैनेज किया जाता है.

खाते में पैसा रखें तैयार! अगले हफ्ते खुलने जा रहे इन कंपनियों के आईपीओ, नोट कर लें तारीख

शेयर बाजार में एक के बाद एक कई कंपनियों के आईपीओ बीते दिनों खुले हैं। अब अगले सप्ताह भी कई कंपनियां अपने आईपीओ लेकर आ रही हैं। इन आईपीओ में निवेश करके आप अच्छी कमाई कर सकते है। इन आईपीओ में आरके स्वामी लिमिटेड, ई-स्टॉक ब्रोकिंग और जेजी केमिकल्स शामिल हैं।

नई दिल्ली. अगर आप आईपीओ में निवेश करना पसंद करते हैं तो आपके लिए अगले सप्ताह अच्छा मौका है। बाजार में अगले हफ्ते कई कंपनियों के आईपीओ खुलने जा रहे हैं। आप इन आईपीओ में निवेश करके अच्छी कमाई कर सकते हैं। इन आईपीओ में आरके स्वामी, जेजी केमिकल्स और पुणे ई-स्टॉक ब्रोकिंग शामिल है। शेयर बाजार में पिछले दिनों कई कंपनियों के आईपीओ खुले हैं।

इनमें से कुछ में निवेशकों को बंपर मुनाफा हुआ है। हालांकि आप किसी भी आईपीओ में निवेश करने से पहले एक बार अपने वित्तीय सलाहकार से बात जरूर कर लें। ऐसा नहीं करने पर आपको आर्थिक रूप से नुकसान उठाना पड़ सकता है। यहां हम आपको इन खुलने वाले आईपीओ के बारे में पूरी जानकारी देने जा रहे हैं, जिससे आपको किसी तरह की कोई समस्या न हो। आईए आपको बताते हैं अगले हफ्ते कौन सी कंपनियों के आईपीओ खुलने जा रहे हैं।

4 मार्च को खुल रहा ये आईपीओ

अगले सप्ताह के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इंटीग्रेटेड मार्केटिंग सर्विस प्रोवाइडर कंपनी आरके स्वामी लिमिटेड (RK Swamy IPO) का आईपीओ खुलने जा रहा है।

यह आईपीओ 4 मार्च को खुलकर 6 मार्च को बंद होगा। एंकर निवेशकों के लिए यह इश्यू एक मार्च को खुला था। कंपनी अपने आईपीओ से कुल 424 करोड़ रुपये जुटाने की तैयारी में है। कंपनी ने अपने आईपीओ के लिए 270 से 288 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड रखा है। इसके एक लॉट में 50 शेयर होंगे। रिटेल निवेशक न्यूनतम एक और अधिकतम 13 लॉट के लिए बोली लगा सकते हैं। कंपनी अपने आईपीओ में 173 करोड़ के नए शेयर जारी करेगी।

जेजी केमिकल्स आईपीओ

जिंक ऑक्साइड बनाने वाली कंपनी जेजी केमिकल्स (JG Chemicals IPO) का आईपीओ 5 मार्च को खुल रहा है। इस आईपीओ के जरिए कंपनी कुल 251.19 करोड़ रुपये जुटाने की कोशिश कर रही है। जेजी केमिकल्स ने आईपीओ में शेयरों का प्राइस बैंड 210 रुपये से लेकर 221 रुपये प्रति शेयर के बीच तय किया है। इस आईपीओ में कंपनी 165 करोड़ रुपये के फ्रेश शेयर और ऑफर फॉर सेल के जरिए 86.19 करोड़ रुपये के शेयर जारी कर रही है। वहीं निवेशक इसमें 7 मार्च 2024 तक निवेश कर सकते हैं। वहीं एंकर निवेश आईपीओ में 4 मार्च से ही बोली लगा सकते हैं। कंपनी ने शेयरों के अलॉटमेंट की तारीख 11 मार्च तय की है। वहीं असफल सब्सक्राइबर्स को 12 मार्च को रिफंड प्राप्त हो जाएगा। कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग 13 मार्च 2024 को होगी।

स्पेशल कारोबार में बाजार में बंपर तेजी, सेंसेक्स-निफ्टी हरे निशान पर, पूरी डिटेल

नई दिल्ली. आज शनिवार को घरेलू शेयर बाजार (Stock Market) में स्पेशल कारोबार हो रहा है। इसमें इंट्राडे में कामकाज को डिजास्टर रिकवरी साइट पर ले जाया जाएगा। कामकाज को प्रभावित कर सकने वाली किसी भी अप्रत्याशित घटना से निपटने में एक्सचेंज को तैयार रखने के लिए यह सेशन आयोजित हो रहा है। इसमें पहला सत्र पीआर पर सुबह 915 बजे से 10 बजे तक होगा। पहले सत्र में बाजार में अच्छी तेजी देखने को मिल रही है। बाजार अभी 114 अंकों की तेजी के साथ 73,860 के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 236.77 अंक चढ़कर रिकॉर्ड 73,982.12 अंक पर पहुंच गया था। वहीं एनएसई निफ्टी भी 81.5 अंक चढ़कर नये शिखर 22,420.25 अंक पर पहुंचा था। प्री ओपन सेशन में बीएसई (BSE) का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स अच्छी बढ़त में था। वहीं एनएसई (NSE) का निफ्टी 50 इंडेक्स 2 फीसदी से अधिक की तेजी में था।

सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक आज के स्पेशल कारोबार में अपना-अपना नया हाई लेवल छूने में कामयाब रहे हैं। दूसरा सत्र डीआर साइट पर सुबह 1130 बजे से दोपहर 1230 बजे तक चलेगा।

बाजार में रेकॉर्ड तेजी

शेयर बाजार में कल भी तेजी देखने को मिली थी। बाजार कल बंपर उछाल के साथ बंद हुआ था।

गुरुवार को आए शानदार जीडीपी आंकड़ों और विदेशी निवेशकों की बाइंग से शुक्रवार को बाजार में तेजी देखी जा रही है। हफ्ते के आखिरी ट्रेडिंग सेशन में बाजार ऑल टाइम हाई लेवल पर बंद हुआ था। कल बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 1,245.05 अंक यानी 1.72 प्रतिशत उछलकर 73,745.35 अंक पर पहुंच गया था। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 355.95 अंक यानी 1.62 प्रतिशत की छलांग लगाते हुए 22,338.75 के नए समापन स्तर पर बंद हुआ था। कारोबार के दौरान इसने 370.5 अंक की तेजी के साथ 22,353.30 के नए इंट्रा-डे स्तर को भी छुआ था।

शेयर बाजार में बंपर तेजी देखी जा रही है। बाजार कल उछाल के साथ बंद हुआ था। आज भी बाजार खुलते ही उसमें शानदार बढ़त देखी जा रही है। आज घरेलू शेयर बाजार में स्पेशल कारोबार हो रहा है। कामकाज को प्रभावित कर सकने वाली किसी भी अप्रत्याशित घटना से निपटने में एक्सचेंज को तैयार रखने के लिए यह सेशन आयोजित हो रहा है।

रूस ने परमाणु मिसाइल का किया टेस्ट, नाटो को धमकी के 24 घंटे के अंदर ब्रह्मास्त्र से बड़ी चेतावनी, क्या करना चाहते हैं पुतिन?

वॉशिंगटन. रूस ने पश्चिमी देशों पर परमाणु हमले की धमकी के 24 घंटे के अंदर ही न्यूक्लियर मिसाइल टेस्ट किया है। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के कमांडरों ने यार्स बैलिस्टिक मिसाइल के टेस्ट की घोषणा की है। यह मिसाइल परमाणु हथियार ले जा सकती है। रूस की सरकारी मीडिया की ओर से वीडियो जारी किया गया है। इसमें 50 हजार किग्रा और 75 फीट के मिसाइल को एक मोबाइल लॉन्चर से दागते हुए दिखाया गया है। इससे पहले पुतिन ने राष्ट्र के नाम संबोधन में दो घंटे का भाषण दिया। इसमें उन्होंने परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकी दी थी।

पुतिन की धमकी नाटो देशों के लिए थी। उन्होंने नाटो को यूक्रेन युद्ध में हस्तक्षेप न करने को कहा था। इसके अलावा उन्होंने इस दौरान परमाणु हथियारों से जुड़ी वॉर्निंग दी। पुतिन ने कहा था कि जिसने भी रूस पर हमला किया उसे दूसरे विश्वयुद्ध से ज्यादा खतरनाक परिणाम देखने को मिलेगा। पुतिन ने कहा था कि अगर उन्हें उकसाया गया तो वह परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करेंगे। रूस के स्ट्रैटजिक न्यूक्लियर फोर्स पूरी तरह से तैयार है।

कितनी है इस मिसाइल की ताकत

यार्स मिसाइल को नाटो की सेना इसे SS-29 के नाम से जानती है। यह 32000 किमी प्रति घंटे की गति से अपने टार्गेट को मार सकती है। ये मिसाइलें 500 किलोटन तक के परमाणु हथियारों को ले जाने में सक्षम है। यह दूसरे विश्वयुद्ध में हिरोशिमा पर अमेरिका की ओर से गिराए गए बम की ताकत का लगभग 30 गुना है। इसके अलावा एक बड़े इलाके में भयानक तबाही मचाने के लिए इसे कई अन्य हथियारों से लैस किया जा सकता है। यार्स मिसाइल को साइलो, ट्रकों या फिर परमाणु ट्रेन से दागा जा सकता है जो रूस के चारों ओर घूमती है।

रूस के पास अनुमान के मुताबिक 150 से ज्यादा यार्स मिसाइलें सर्विस में हैं। इसके अलावा पुतिन के पास 6000 परमाणु हथियार है। रूसी सेना ने एक बयान में इस टेस्ट की पुष्टि की है। रूसी सेना ने कहा, इस टेस्ट का उद्देश्य मिसाइल सुरक्षा प्रणाली की सामरिक, टेक्निकल और उड़ान विशेषताओं की पुष्टि करना था। टेस्ट सफल रहा। फ्रांस के राष्ट्रपति ने हाल ही में एक बयान में कहा था कि नाटो सेना यूक्रेन में भेजी जा सकती है।

विश्व व्यापार संगठन में भारत का मजाक उड़ाना पड़ा महंगा, थाईलैंड ने बदल दी अपनी राजदूत

दुबई. भारत के चावल खरीद कार्यक्रम को लेकर डब्ल्यूटीओ में थाईलैंड की राजदूत की विवादास्पद टिप्पणी पर नयी दिल्ली के कड़ा विरोध दर्ज कराने के बाद थाईलैंड ने उन्हें हटा दिया है। एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि थाईलैंड ने अपनी राजदूत पिमचानोक वॉनकोर्पोन पिटफील्ड को विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी-13) से हटाकर वापस थाईलैंड आने के लिए कहा गया है।

बताया जा रहा है कि थाईलैंड के विदेश सचिव ने उनका स्थान लिया है। मंत्रिस्तरीय वार्ता पांचवें दिन प्रवेश कर गई है। अधिकारी ने कहा कि भारत ने मंगलवार को एक परामर्श बैठक के दौरान पिटफील्ड की टिप्पणियों पर गहरी निराशा जताई थी। उन्होंने नयी दिल्ली पर आरोप लगाया था कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर चावल खरीद का कार्यक्रम लोगों के लिए नहीं, बल्कि निर्यात बाजार पर कब्जा करने के लिए है।

इसके बाद, भारत ने औपचारिक रूप से थाईलैंड सरकार के सामने अपना विरोध दर्ज कराया और डब्ल्यूटीओ प्रमुख, कृषि समिति के प्रमुख केन्या और यूएई के प्रति नाराजगी भी जताई। अधिकारी ने कहा, थाईलैंड की राजदूत को बदल दिया गया है। उन्होंने भारत के पीएमएसएच (सार्वजनिक भंडारण) कार्यक्रम का मजाक उड़ाया है। उन्होंने कहा कि थाई राजदूत की भाषा और व्यवहार अच्छा नहीं था।इस मुद्दे पर अपना विरोध दर्ज कराने के बाद भारतीय वार्ताकारों ने उन समूहों में भाग लेने से भी इनकार कर दिया था, जहां थाई प्रतिनिधि मौजूद थीं।

सरकारी अधिकारी ने कहा कि उनके तथ्य गलत थे, क्योंकि सरकार खाद्य सुरक्षा प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए धान की उपज का केवल 40 प्रतिशत ही खरीदती है। उन्होंने बताया कि बाकी हिस्से को सरकारी स्वामित्व वाली एजेंसियां नहीं खरीदती हैं और इसे भारत से बाजार कीमतों पर निर्यात किया जाता है।भारत और तीसरा थाईलैंड भी एक प्रमुख चावल निर्यातक देश है। विभिन्न मंचों पर कुछ विकसित और विकासशील देशों ने आरोप लगाया है कि भारत द्वारा चावल जैसी जिंसों का सार्वजनिक भंडारण वैश्विक बाजार में कीमतों को विकृत करता है। भारत 2018 से 2022 तक दुनिया का सबसे बड़ा चावल निर्यातक देश था। उसके बाद थाईलैंड और वियतनाम थे।

चीन का नया डर्टी गेमः अब ताइवान के सहयोगी पलाऊ पर कब्ज़ा करने का बनाया प्लान

चीन की विस्तारवादी नीति के तहत ताइवान को कमजोर करने क लिए उसका नया डर्टी गेम सामने आया है। ताइवान में नए राष्ट्रपति चुनाव के बाद चीन ने ताइवान...

इंटरनेशनल डेस्क. चीन की विस्तारवादी नीति के तहत ताइवान को कमजोर करने क लिए उसका नया डर्टी गेम सामने आया है। इस प्लान के तहत ताइवान में नए राष्ट्रपति चुनाव के बाद ही चीन ने ताइवान को अलग-थलग करने की कोशिशें तेज कर दी हैं। ताइवान के चुनाव नतीजों से चिढ़कर चीन ने मौजूदा डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी, एक संप्रभुता समर्थक प्रशासन, जिसे बीजिंग को बेदखल करने की उम्मीद थी, को वापस लौटा दिया। चीन ने ताइवान को अपने सहयोगियों से अलग करने के प्रयास तेज कर दिए। यह ताइवान के नौ राजनयिक सहयोगियों को चीन के लिए ताइवान छोड़ने के लिए मनाने में सफल रहा था। नाउरू चीन के प्रति अपनी वफादारी बदलने वाला आखिरी देश था।उससे पहले होंडुरास था जिसने पिछले साल अप्रैल में ताइवान के साथ संबंध तोड़ दिए थे, जिससे 82 साल की आपसी राजनयिक मान्यता समाप्त हो गई थी।चीन ने पलाऊ की पहचान की है जिसके ताइवान के साथ करीबी रिश्ते हैं। हालांकि, इसने ताइवान के साथ राजनयिक संबंध तोड़ने के लिए पलाऊ पर दबाव डालने के लिए पर्यटन को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया है। प्रशांत द्वीप राष्ट्र पलाऊ, जिसे अपने तटों के आसपास चीन की +अवांछित गतिविधियों+ को रोकने के लिए अमेरिकी मदद की जरूरत है, ने ताइवान के साथ राजनयिक संबंध बनाए रखने के अपने दृढ़ संकल्प को दोहराया है। इस बीच, ताइवान

के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जेफ लियू ने कहा कि ताइवान चीन की आर्थिक जबरदस्ती के कारण पलाऊ की दुर्दशा के प्रति सहानुभूति रखता है और द्वीप सहायता प्रदान करना जारी रखेगा। पलाऊ के राष्ट्रपति सुरंगेलव्हिप्स जूनियर ने चीन की पेशकश को सार्वजनिक करते हुए दावा किया कि प्रशांत द्वीप राष्ट्र पलाऊ को आर्थिक सहायता प्रदान करने में वाशिंगटन की देरी ने कुछ स्थानीय नेताओं को बीजिंग की वित्तीय सहायता के बदले ताइवान से राजनयिक संबंध छोड़ने के लिए अधिक इच्छुक बना दिया है।

राष्ट्रपति सुरंगेलव्हिप्स जूनियर ने 9 फरवरी को लिखे एक पत्र में लिखा, +यहां के नेता (जिनमें से कुछ ने पीआरसी के साथ व्यापार किया है) इसके आकर्षक आर्थिक प्रस्तावों को गठबंधन बदलने की कीमत पर स्वीकार करना चाहते हैंऔर इसकी शुरुआत ताइवान के बलिदान से होगी।+ पत्र में आगे दावा किया गया है कि चीन ने पलाऊ में एक +कॉल सेंटर+ के निर्माण के लिए प्रति वर्ष 20 मिलियन अमेरिकी डॉलर की पेशकश की, एक ऐसा देश जिसकी अर्थव्यवस्था पर्यटन पर बहुत अधिक निर्भर करती है। चीन ने पलाऊ में +प्रत्येक होटल के कमरे को भरने+ की पेशकश की है, +और यदि अधिक निर्माण किया जाता है तो और अधिक+ यदि छोटा द्वीप राष्ट्र ताइवान के साथ संबंध तोड़ता है। पलाऊ, 500 से अधिक द्वीपों का एक द्वीपसमूह, उन 11 देशों में से एक है जो ताइवान के साथ राजनयिक संबंध बनाए रखता है।2016 के बाद से ताइवान ने लगभग एक दर्जन राजनयिक सहयोगियों को खो दिया है।

पलाऊ अमेरिकी सीनेट द्वारा द्विदलीय 95 बिलियन अमेरिकी डॉलर के विदेशी सहायता पैकेज को पारित करने से नाराज हो गया, लेकिन यह नव-बातचीत कॉम्पैक्ट ऑफ फ्री एसोसिएशन (कोफा) के लिए धन शामिल करने में विफल रहा, एक समझौता जो अमेरिका को तीन प्रशांत द्वीप देशों - मार्शल आइलैंड्स के साथ निकटता से जोड़ता है। तेइपेई टाइम्स में चीन के एक संपादकीय के अनुसार, पर्यटन अपने राजनीतिक लाभ के लिए एक आर्थिक उपकरण है।

US में फिर भारतीय के साथ Hate Crime: सिख रागी की गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या, 5 दिन बाद भी नहीं हुआ पोस्टमार्टम

वॉशिंगटन. अमेरिका में एक दिल दहला देने वाली घटना में सिख समुदाय को झकझोर कर रख दिया है। यहां के अलबामा राज्य में भारत से आए एक 29 वर्षीय संगीतकार राज सिंह जिन्हें प्यार से गोल्डी सेल्मा में एक गुरुद्वारे के बाहर नफरत भरे हमले में गोली मार कर हत्या कर दी गई। उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के टांडा साहूवाला गांव के गोल्डी जो एक प्रतिभाशाली रागीया सिख भजन गायक थे और एक कीर्तन समूह के साथ अमेरिका आए थे । उनकी मौत की खबर पाक भारत में उनका परिवार सदमे में है। अमेरिकी मीडिया के मुताबिक, घटना 24 फरवरी की है।राज अलबामा के सेल्मा शहर में गुरुद्वारे के बाहर खड़ा था तभी अज्ञात हमलावरों ने उसे गोली मार दी। उसके परिवार को घटना की जानकारी 25 फरवरी को दी गई। राज के परिजन गुरदीप सिंह ने बताया कि हत्या के 5 दिन बाद भी राज का पोस्टमार्टम नहीं हो सका है। हालांकि, देरी की वजह नहीं बताई गई है। वहीं, हमलावरों और हत्या का उद्देश्य पता नहीं चला है ।

परिजनों का कहना है कि ये हेट क्राइम का मामला हो सकता है। राज सिंह डेढ़ साल पहले ही अमेरिका गया था और अपने रागी जत्थे के साथ ही रह रहा था। उसका परिवार भारत सरकार से शव को उत्तर प्रदेश लाए जाने में मदद मांग रहा है। फरवरी में हुई भारतीय की मौत का यह दूसरा मामला है। इसके पहले 15 फरवरी को अलबामा में एक ग्राहक ने भारतीय मूल के होटल मालिक की गोली मारकर हत्या कर दी।

दोनों के बीच एक कमरे को लेकर हुए विवाद हुआ था। पुलिस ने कहा था- शेफील्ड में हिलक्रेस्ट होटल के मालिक प्रवीण रावजीभाई पटेल (76) की हत्या आरोप में 34 साल के विलियम जेरेमी मूर को गिरफ्तार किया गया। मूर कमरा किराए पर लेने होटल आया था और इसी दौरान उसका पटेल से विवाद हो गया। इसके बाद मूर ने पटेल को गोली मार दी।

भारत बनेगा 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी... सेमीकंडक्टर में अरबों का निवेश देख बोले पाकिस्तानी, अपने नेताओं पर भड़के

इस्लामाबाद. दुनिया में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को चलाने के लिए सेमीकंडक्टर की जरूरत होती है। इस बीच भारत ने 15.2 अरब डॉलर की लागत से बनने वाले तीन सेमीकंडक्टर प्लांट के निर्माण को मंजूरी दी है। इस परियोजना में टाटा ग्रुप और सीजी पावर जैसी कंपनियां शामिल हैं। भारत भविष्य में इलेक्ट्रॉनिक का पावरहाउस बनना चाहता है, जिसमें सेमीकंडक्टर महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। ताइवान चिप बनाने में सबसे आगे है और भारत चाहता है कि इसे टक्कर दी जाए। लेकिन भारत की यह तरक्की पाकिस्तान के लोगों को हजम नहीं हो रही है।

दरअसल पाकिस्तान के लोग इस बात से हैरान हैं कि दोनों देश एक ही साथ आजाद हुए थे। फिर भी आज के समय भारत इतना आगे कैसे चला गया? पाकिस्तानी पत्रकार कमर चीमा ने कहा कि भारत में सभी राज्य निवेश लाने के लिए लड़ाई करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत में पीएम से लेकर सीएम तक सपोर्ट करते हैं और वह अपने देश के हित के लिए काम करते हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया चिप मैन्युफैक्चरिंग का हब बनना चाहता है। इससे वह चीन को टक्कर देंगे।कमर चीमा ने कहा कि भारत पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना चाहता है। उन्होंने कहा कि चिप मैन्युफैक्चरिंग से ही भारत ऐसा बन पाएगा।

मुस्लिम देशों ने छोड़ा साथ तो बेचना पड़ा धरती का स्वर्ग, भारत के इस दोस्त की कुर्सी पर क्यों मंडरा रहा खतरा, जानें

काहिरा. भारी भरकम कर्ज से डूबे पिरामिडों के देश मिस्र की सरकार को एक के बाद एक कई शहरों को खाड़ी के अपने साथी मुस्लिम दोस्त देशों को बेचना पड़ रहा है। सऊदी अरब, यूएई, कतर ये वही मुस्लिम देश हैं जिन्होंने मिस्र को कर्ज देने से इंकार कर दिया था।

यही वजह है कि मिस्र ने अपने धरती पर स्वर्ग कहे जाने वाले शहर रास अल हिकमा को यूएई को 35 अरब डॉलर में बेच दिया है। यह शहर समुद्र के तट पर बसा है और पर्यटकों का पसंदीदा स्थान है। माना जा रहा है कि इस शहर में अब यूएई विभिन्न प्रोजेक्ट में 150 अरब डॉलर का निवेश आने वाले समय में करेगा। इसमें 35 फीसदी हिस्सेदारी मिस्र की होगी। यह मिस्र के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा विदेशी निवेश होगा।

इसी तरह से मिस्र सऊदी अरब और कतर को भी अपने शहर बेचने जा रहा है।विश्लेषकों का कहना है कि इस पूरी कवायद का एक बड़ा मकसद मिस्र में राष्ट्रपति अब्देल फतह अल सीसी की सरकार का खुद को बचाए रखने की कोशिश है। हालांकि, इस सौदे के पीछे के आर्थिक तर्क को लेकर कई चिंताएं भी हैं। कुछ लोगों का मानना है कि यह वास्तविक निवेश के बजाय शासन के लिए एक बचाव पैकेज हो सकता है। यह घोषणा अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ पिछले 3 बिलियन डॉलर के ऋण सौदे का विस्तार करने के लिए बातचीत के साथ-साथ की गई है, जो कुल 10 बिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है।

आलोचकों का तर्क है कि ये विदेशी हस्तक्षेप केवल मिस्र की सरकार को बचाए रखने के लिए है जो भयानक कर्ज संकट में फंसी हुई है। वहीं ये विदेश हस्तक्षेप ऋण संकट के लक्षणों को संबोधित कर रहे हैं, इसके मूल कारणों का हल नहीं कर रहे हैं।

चंद्र ग्रहण से लेकर धूमकेतु तक इस महीने दिखेंगे आसमान में, मार्च में किस तारीख को क्या-क्या दिखेगा, जानें

वॉशिंगटन. मार्च का महीना आ गया है। हर एक नए महीने के साथ ही शौकिया खगोलविदों को आसमान में अनोखे नजारों का इंतजार रहता है। मार्च 2024 भी अपने साथ बेहद खास घटनाओं को लेकर आया है। वेदर डॉट कॉम की रिपोर्ट के मुताबिक डेविल कॉमेट समेत चंद्रमा से जुड़ी कई घटनाएं इस महीने होंगी। जिन लोगों के पास टेलीस्कोप है यह महीने उनके लिए जुनून को जगाने वाला है। क्योंकि इस दौरान आसमान ब्रह्मांडीय धूल से मुक्त रहेगा। यानी हमें सितारे काफी साफ दिखाई देंगे। एस्टेरॉयड तीन जूनो 3 मार्च को दक्षिणी लियो में, सेक्स्टन के साथ 8.6 मैग्नीट्यूड से चमकेगा।

9-10 मार्च को मेसियर मैराथन होगा। मेसियर कैटलॉग में अंतरिक्ष की 110 से ज्यादा चीजें लिस्ट की गई हैं, जिनमें कई गैलेक्सी, नेबुला और सितारों का क्लस्टर भी शामिल हैं। खगोलशास्त्री एक ही रात में इन सभी 110 को देखने का प्रयास करेंगे, जो मेसियर मैराथन कहलाता है। छोटे टेलीस्कोप या दूरबीन से भी इन्हें देखा जा सकता है। इसके अलावा 10 मार्च को सुपर न्यू मून भी दिखाई देगा। यह न्यू मून तब होगा जब चंद्रमा पृथ्वी के सबसे करीब होगा। इसी कारण इसे सुपर न्यू मून नाम दिया गया है।

धूमकेतु आ रहा धरती के करीब

मार्च 22 को हमें डेविल कॉमेट दिखाई दे सकता है। यह धूमकेतु 71.2 साल में सूर्य का एक चक्कर लगाता है। अब यह एकबार फिर दिखाई देगा। लंबे समय से इसे देखने का खगोलविद इंतजार कर रहे हैं। इस धूमकेतु का सौर मंडल में आगमन कोई नया नहीं है। इसे 12 पॉंस ब्रूक्स के नाम से जाना जाता है। 1812 में इसे धूमकेतु खोजकर्ता जीन-लुई पॉंस ने खोजा था।

पाकिस्तानियों के धोखे से गई थी अमेरिकी सील कमांडो की जान, हूतियों को पहुंचा रहे मिसाइल, खुली पोल तो घबराया पाक

भारत में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले पाकिस्तानी यमन के हूती विद्रोहियों को मिसाइल और अन्य घातक हथियार पहुंचा रहे थे। इस दौरान अमेरिकी नौसेना ने जब उनकी तलाशी लेनी चाही तो वो भागने लगे और उन्हें पकड़ने में दो अमेरिकी नेवी सील कमांडो की जान चली गई थी।

इस्लामाबाद. गाजा युद्ध के बीच ईरान समर्थक यमन के हूती विद्रोहियों और अमेरिका के बीच लाल सागर में जोरदार वार पलटवार चल रहा है। हूती विद्रोहियों के कई मिसाइल और ड्रोन हमलों के बाद अमेरिका ने भी कई बार भीषण जवाबी हमले किए हैं। अमेरिका ने हूतियों के कई ठिकानों को तबाह कर दिया है। इसके बाद भी हूतियों के व्यापारिक जहाजों पर हमले रुक नहीं रहे हैं। इससे दुनिया का यह व्यस्त व्यापारिक मार्ग ठप हो गया है। इन सबके बीच अब अमेरिका ने खुलासा किया है कि हूतियों को पाकिस्तानी नागरिक हथियारों की सप्लाई कर रहे हैं। अमेरिका ने ऐसे 4 पाकिस्तानियों को अरेस्ट किया है जो ईरान से मिसाइलों के कलपुर्जे समेत अन्य हथियार हूतियों को पहुंचा रहे थे। अमेरिका के इस खुलासे से पाकिस्तानी सरकार में हड़कंप है।

अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ईरानी मिसाइलों के कलपुर्जे और कई अन्य घातक हथियार लेकर जा रहे इस जहाज के पाकिस्तानी कैप्टन ने अमेरिका की नौसेना से भी झूठ बोला था। अरब सागर में जब उनके जहाज पर अमेरिकी कमांडो पहुंचे तो पाकिस्तानियों ने कहा कि किसी भी हथियार से साफ इंकार किया था। अमेरिकी नौसेना ने इन सभी को अरेस्ट कर लिया है और जेल में डाल दिया है। यह घटना 11 जनवरी को अरब सागर में हुई थी। अदालती दस्तावेजों के अनुसार, जहाज के पाकिस्तानी कप्तान मुहम्मद पहलवान ने अमेरिकी नेवी द्वारा जहाज पर चढ़ने का प्रयास करने पर धीमा करने से इनकार कर दिया था।

हूतियों को दे रहे क्रूज मिसाइल के पुर्जे

यही नहीं मुहम्मद ने अमेरिकी नौसेना के नियंत्रण से पहले चालक दल को नाव में आग लगाने का निर्देश भी दिया। कप्तान मुहम्मद द्वारा नाव की गति बढ़ाने के प्रयासों के बावजूद, चालक दल के एक अन्य सदस्य ने अंततः इंजन बंद कर दिया। दुखद रूप से, पाकिस्तानी चालक दल से भरे इस जहाज पर चढ़ने के प्रयास में दो अमेरिकी नौसैनिक सील कमांडो डूब गए। यूएस नेवी ने बताया कि पोत और सील कमांडो के लड़ाकू शिप के बीच की खाई में गिर गए। बचाव प्रयासों के बावजूद, दोनों सील कमांडो को मृत घोषित कर दिया गया।हिरासत में सुनवाई के दौरान पहलवान ने शुरू में नाव के इंजीनियर होने का दावा किया था और कहा था कि कप्तान जहाज छोड़कर चला गया था। हालांकि, बाद में उसने खुद का खंडन किया और कप्तान होने की बात स्वीकार की। अभियोजन पक्ष ने तर्क दिया कि पहलवान को हिरासत में रखा जाना चाहिए क्योंकि वह समुदाय के लिए खतरा है। इस नाव के पाकिस्तानी कप्तान को अब सबसे गंभीर आरोप में अधिकतम 20 साल की जेल की सजा हो सकती है। जहाज की तलाशी लेने पर, अमेरिकी सेना को ईरानी-निर्मित अत्याधुनिक पारंपरिक हथियार मिले, जिसमें मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों और जहाज-रोधी क्रूज मिसाइलों के पुर्जे शामिल थे।

पाकिस्तान में भारत के एक और दुश्मन की मौत, 26/11 का मास्टरमाइंड था लश्कर आतंकी

इस्लामाबाद. पाकिस्तान ने भारतीय एजेंसियों पर हाल के दिनों में विभिन्न पाकिस्तानी शहरों में मारे गए लश्कर आतंकियों की हत्या का आरोप लगाया है, लेकिन भारत ने तमाम आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। दोनों देशों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल ही रहा था कि लश्कर के खुफिया प्रमुख आजम चीमा की पाकिस्तान के फैसलाबाद में मौत हो गई। उसकी उम्र करीब 70 साल थी। इसके बाद पाकिस्तान के जिहादी हलकों में फिर अटकलें तेज हो गई हैं।चीमा 26/11 के आतंकवादी हमलों और जुलाई 2006 के मुंबई ट्रेन बम विस्फोटों के अलावा भारत में कई अन्य आतंकवादी हमलों के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक था। चीमा की मौत की खबर सामने आते ही भारतीय एजेंसियों के दावों को बल मिल गया जिसमें कहा जाता है कि पाकिस्तान में कई आतंकवादी मौजूद हैं। हालांकि, इस्लामाबाद लगातार इनकार कर रहा है।खुफिया सूत्रों की जानकारी के मुताबिक, चीमा पंजाबी बोलता था। वह लश्कर-ए-तैयबा का आतंकवादी था। उसने 2000 के दशक की शुरुआत में पाकिस्तान के बहावलपुर में अपना जीवन बिताया। वह अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ वहां रहता था।

एक सूत्र ने कहा, उसे

अक्सर छह अंगरक्षकों के साथ एक लैंड क्रूजर में घूमते देखा जाता था। यह चीमा ही था जो एक बार बहावलपुर शिविर में हथियारों का प्रशिक्षण ले रहे जेहादियों का ब्रेनवॉश करने के लिए पूर्व आईएसआई प्रमुख जनरल हामिद गुल, ब्रिगेडियर रियाज और कर्नल रफीक को लाया था। वह कभी-कभी कराची जाता था और लाहौर प्रशिक्षण शिविर का भी दौरा करता थाचीमा के पास अफगान युद्ध का अनुभव था। वह मानचित्र विशेष रूप से भारत का मानचित्र पढ़ने में एक्सपर्ट था। एक अन्य सूत्र ने कहा, +उसने जिहादियों को मानचित्र पर भारत के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को देखना सिखाया। वह 2000 के दशक के मध्य में सैटेलाइट फोन के माध्यम से पूरे भारत में लश्कर के आतंकवादियों को निर्देश भी देता था।

चीमा 2008 में पाकिस्तान में बहावलपुर के लिए लश्कर कमांडर के रूप में काम कर रहा था। इसी दौरान उसे लश्कर के वरिष्ठ पदाधिकारी जकी-उर-रहमान लखवी के संचालन सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया था।

अमेरिकी राजकोष विभाग उसे लश्कर-ए-तैयबा के अभियानों में एक प्रमुख कमांडर के रूप में वर्णित करता है । उसका संबंध ओसामा बिन लादेन के अल-कायदा नेटवर्क से था।

फैन ने RCB की श्रेयंका पाटिल को दिया शादी का प्रपोजल, डगआउट में खिलाड़ियों की नहीं रुकी हंसी

नई दिल्ली.एजेंसी

विमेंस प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने धमाकेदार शुरुआत की है। स्मृति मंधाना के नेतृत्व वाली टीम ने अपने शुरुआती दोनों मैच जीते हैं। मंगलवार को आरसीबी ने गुजरात जायंट्स को 8 विकेट से करारी शिकस्त दी। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन करके गुजरात जाइंट्स को सात विकेट पर 107 रन पर रोक दिया। आरसीबी की टीम ने 45 गेंद शेष रहते ये लक्ष्य हासिल कर लिया है और पॉइंट्स टेबल में शीर्ष पर पहुंच गई है।

बैंगलोर की पारी के दौरान एक फैन ने प्लेकार्ड पर श्रेयंका पाटिल को शादी के लिए प्रपोजल दिया था, कैमरे पर प्लेकार्ड दिखते ही आरसीबी के खेमे में खिलाड़ी मुस्कुराते हुए नजर आए। भारतीय ऑलराउंडर श्रेयंका पाटिल जारी सीजन में ज्यादा प्रभावित नहीं कर सकी हैं। लेकिन वह दोनों मैचों में टीम का हिस्सा रही हैं। बैंगलोर की पारी के 7वें ओवर में टीवी पर कुछ फैंस दिखाई दिए, जिसमें से एक ने प्लेकार्ड ले रखा था, जिस पर लिखा क्या तुम मुझसे शादी करोगी श्रेयंका पाटिल। प्लेकार्ड जैसे ही टीवी पर दिखा डगआउट में बैठे आरसीबी के खिलाड़ी मुस्कुराते हुए नजर आए। मैच की बात करें तो स्मृति मंधाना ने 27 गेंद में आठ चौकों और एक छक्के की मदद से 43 रन बनाए। वहीं एस मेघना ने 28 गेंद में 36 रन जोड़े जिसमें पांच चौके और एक छक्का शामिल था। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 40 रन की साझेदारी करके टीम को 12.3 ओवरों में ही 108 रन के लक्ष्य तक पहुंचाया।

इससे पहले आरसीबी के गेंदबाजों ने जायंट्स को सात विकेट पर 107 रन पर रोक दिया। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने 14 रन देकर दो और बायें हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनू ने 25 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

ग्रेस हैरिस ने स्मृति मंधाना से छीनी ऑरेंज कैप, पर्पल कैप पर इस खिलाड़ी का कब्जा

नई दिल्ली.यूपी वॉरियर्स की ग्रेस हैरिस ने डब्ल्यूपीएल 2024 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बैटर्स की रेस में आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना को पछाड़कर ऑरेंज कैप पर कब्जा जमाया है। शुक्रवार की रात ग्रेस ने गुजरात जायंट्स के खिलाफ 33 गेंदों पर 60 रनों की नाबाद पारी खेली। उनकी इस दमदार पारी के दम पर यूपी की टीम सीजन की दूसरी जीत दर्ज करने में कामयाब रही। इस पारी के साथ ग्रेस हैरिस के नाम डब्ल्यूपीएल 2024 में 153 रन हो गए हैं। वहीं स्मृति मंधाना 130 रनों के साथ अब दूसरे पायदान पर खिसक गई है।

बात डब्ल्यूपीएल 2024 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली टॉप-

5 बैटर्स की तो इनमें तीन भारतीय और दो विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। ग्रेस हैरिस के अलावा विदेशी खिलाड़ियों के रूप में इस लिस्ट में दिल्ली कैपिटल्स की ऐलिस कैप्सी का नाम है जो 121 रनों के साथ चौथे पायदान पर है।वहीं स्मृति मंधाना के अलावा टॉप-5 बैटर्स की इस लिस्ट में आरसीबी की सब्भिनेनि मेघना और दिल्ली कैपिटल्स की शेफाली वर्मा हैं।

वहीं बात डब्ल्यूपीएल 2024 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाजों की करें तो 7 विकेट के साथ मुंबई इंडियंस की अमेलिया केर इस सूची के टॉप पर है। वहीं टॉप-5 की इस लिस्ट में बाकी अन्य टीम यूपी वॉरियर्स, गुजरात जायंट्स, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और दिल्ली कैपिटल्स की भी 1-1 गेंदबाज हैं।

रजत पाटीदार की डूबती नैया आखिर कैसी बचेगी? एबी डिविलियर्स बोले- अगर उसका एटीट्यूड ऐसा होगा तो...

नई दिल्ली.मध्यक्रम के बल्लेबाज रजत पाटीदार पर टीम इंडिया से बाहर होने की तलवार लटक रही है। पाटीदार इंडिया वर्सेस इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में अब तक छाप नहीं छोड़ सके हैं। उन्होंने तीन मैचों की 6 पारियों में महज 63 रन ने बनाए हैं। उन्होंने विशाखापट्टनम में टेस्ट डेब्यू किया और अब तक दो बार शून्य पर आउट हो चुके हैं। उन्हें विराट कोहली के रिप्लेसमेंट के रूप में भारतीय स्क्वॉड में शामिल किया गया था। पाटीदार को छोड़कर मौजूदा सीरीज में डेब्यू करने वाले ध्रुव जुरेल, सरफराज खान और आकाश दीप मौके को भुनाने में सफल रहे।भारत और इंग्लैंड के बीच 7 मार्च से सीरीज का पांचवां और आखिरी टेस्ट मैच धर्मशाला के मैदान पर खेला जाएगा। धर्मशाला में देवदत्त पडिक्कल के टेस्ट डेब्यू की संभावना जताई जा रही है। अगर पडिक्कल को चांस मिलता है तो पाटीदार का पत्ता कट सकता है क्योंकि केएल राहुल अनफिट होने के कारण पहले ही बाहर हैं। साउथ अफ्रीका के पूर्व दिग्गज

बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने बताया है कि पाटीदार की डूबती नैया कैसे बचेगी? उन्होंने कहा कि अगर पाटीदार का एटीट्यूड आकर्षक है तो उन्हें आखिरी मैच में भी अवसर दिया जा सकता है।डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, रजत पाटीदार के लिए यह जिंदगी भर याद रखने लायक सीरीज नहीं है। लेकिन इस भारतीय टीम और कल्चर के बारे में अच्छी बात यह है कि आप उस टीम में टिके रहेंगे क्योंकि वे शानदार क्रिकेट खेल रहे हैं और नतीजे उनके हिसाब से आ रहे हैं।

पूर्व क्रिकेटर ने आगे कहा, अगर पाटीदार का एटीट्यूड आकर्षक है और अगर वह ड्रेसिंग रूम में एक पसंदीदा कैरेक्टर है तो रोहित और सिलेक्शन पैनल सपोर्ट करेगा।

उनके पास यह कहने की क्षमता होगी, अभी रुकिए, हमें भरोसा है कि इस लड़के का भविष्य है और हम उसे आगे बढ़ने वाली टीम के एक हिस्से के रूप में देखते हैं। भले ही वह रन नहीं बना रहा हो। उसे लंबा मौका दें।

साउथ अफ्रीका के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने बताया है कि रजत पाटीदार की डूबती नैया कैसे बच सकती है? मध्यक्रम के बैटर पाटीदार इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में छाप नहीं छोड़ सके हैं।

माइकल वॉन की ये बात हॉक-आई के जनक को लग गई बुरी, कहा- थोड़ी सी तैयारी उन्हें समझाने में...

नई दिल्ली. इंडिया वर्सेस इंग्लैंड सीरीज के दौरान काफी डिसीजन रिव्यू सिस्टम (डीआरएस) को लेकर काफी विवाद देखने को मिला है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान और मशहूर कमेंटेटर माइकल वॉन ने हाल ही में हॉक-आई को लेकर एक सलाह दी थी। उन्होंने कहा की पारदर्शिता और जवाबदेही को बेहतर बनाने के लिए अगर हॉक-आई का इस्तेमाल कर रहे शख्स की वीडियो रिकॉर्डिंग की जाए और रूम में कैमरे हों तो विवाद नहीं होंगे। बता दें कि हॉक-आई टेक्नोलॉजी थर्ड अंपायर की वो आंख है, जो क्रिकेट मैच में असमंजस की स्थिति में बेहतर फैसले लेने में मदद करती है।

भारत और इंग्लैंड के बीच रांची में खेले गए चौथे टेस्ट में जो रूट के आउट के बाद डीआरएस पर बहस छिड़ गई। मैदानी अंपायर कुमार धर्मसेना ने रूट को एलबीडब्ल्यू आउट नहीं दिया लेकिन बॉल-ट्रैकिंग में पता चला कि गेंद बिल्कुल लाइन में पिच हो रही थी। ऐसे में धर्मसेना अपना शुरुआती फैसला पलटना पड़ा। वहीं, जैक क्रॉली को दो बार करीबी फैसलों के चलते पवेलियन लौट पड़ा। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने तो अंपायर कॉल को खत्म करने की वकालत की है। वॉन द्वारा डीआरएस ऑपरेटरों पर कैमरे लगाने के प्रस्ताव से हॉक-आई के जनक पॉल हॉकिन्स निराश हैं। उन्होंने वॉन की जमकर क्लास लगाई और बताया डीआरएस ऑपरेटर कैसे काम करते हैं?हॉकिन्स ने द एनालिस्ट पॉडकास्ट पर कहा, हॉक-आई ट्रैकिंग के लिए आमतौर पर तीन लोग होते हैं और एक अन्य शख्स अल्ट्राएज हैंडल करता है। एक आउटपुट साइड को संभालता है और दो स्वतंत्र लोग हैं जो ट्रैकिंग करते हैं। इसलिए फेलियर का कोई प्वाइंट नहीं है। कैमरे दो ट्रैकिंग सिस्टम में होते हैं। दो सेट रीडर, दो अलग-अलग ऑपरेटर होते हैं।

गुजरात जाएंट्स ने लगाई हार की हैट्रिक, यूपी की जीत से मुंबई इंडियंस को हुआ नुकसान

नई दिल्ली.एजेंसी

एलिसा हीली की अगुवाई वाली यूपी वॉरियर्स ने शुक्रवार रात वुमेंस प्रीमियर लीग के 8वें मुकाबले में गुजरात जाएंट्स को हराकर सीजन का अपना दूसरा मुकाबला जीता। इस जीत के साथ यूपी की टीम डब्ल्यूपीएल 2024 पॉइंट्स टेबल में 4 अंकों के साथ तीसरे पायदान पर पहुंच गई है। यूपी की जीत से हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली मुंबई इंडियंस को नुकसान हुआ है। एमआई अब चौथे पायदान पर खिसक गई है। वहीं हार की हैट्रिक लगा चुकी गुजरात जाएंट्स अभी तक टेबल में अपना खाता भी नहीं खोल पाई है और वह सबसे नीचे पांचवें पायदान पर है।

WPL 2024 पॉइंट्स टेबल में गुजरात जाएंट्स को छोड़कर बाकी सभी चार टीमों के समान 4-4 अंक है। दिल्ली कैपिटल्स सभी टीमों के मुकाबले बेहतर +1.271 के नेट रन रेट के साथ पॉइंट्स टेबल के साथ टॉप पर है, वहीं स्मृति मंधाना की अगुवाई वाली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर +0.705 के नेट रन रेट के साथ दूसरे पायदान पर है। गुजरात जाएंट्स को जल्द से जल्द पॉइंट्स टेबल में अपना खाता खोलना होगा इससे पहले उन पर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने की तलवार लटकने लगे।

कैसा रहा यूपी वॉरियर्स वर्सेस गुजरात जाएंट्स मुकाबला?

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी गुजरात जाएंट्स की बैटर्स ने टीम को बुरी तरह निराश किया। जीजी ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 142 रन बोर्ड पर लगाए थे, टीम की कोई भी बैटर 40 रन का आंकड़ा नहीं छू पाई थी। फोबे लिचफील्ड ने 35 तो एश्ले गार्डनर ने 30 रनों की पारी खेली थी.

टी20 वर्ल्ड कप से पहले श्रीलंका ने चला बड़ा दांव, 3 साल बाद इस खिलाड़ी की हुई टीम में वापसी

नई दिल्ली.एजेंसी

टी20 वर्ल्ड कप 2024 से ठीक तीन महीने पहले श्रीलंकाई टीम ने अपने स्क्वॉड में एक बड़ा बदलाव किया है। स्क्वॉड में उस खिलाड़ी को जगह दी गई है जो पिछले तीन साल से टीम से बाहर चल रहा है। यह खिलाड़ी और कोई नहीं बल्कि विकेट कीपर बल्लेबाज निरोशन डिकवेला है। डिकवेला ने श्रीलंकाई टीम के लिए आखिरी टी20 2021 में खेला था। उन्हें कुसल परेरा की जगह स्क्वॉड में जगह दी गई है जो बीमारी के चलते बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। बताया जा रहा है कि परेरा श्वसन संक्रमण से पीड़ित हैं।

डिकवेला बांग्लादेश के खिलाफ सोमवार को होने वाले पहले टी20 मैच से पहले शनिवार को बाकी टीम के साथ जुड़ेंगे। टी20 विश्व कप से पहले श्रीलंका का यह एक दिलचस्प फैसला है और उनका ये फैसला यह बताता है कि डिकवेला टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने के दावेदारों में से एक हैं।

30 साल के इस खिलाड़ी ने श्रीलंका के लिए पिछले साल टेस्ट मैच जरूर खेला था, मगर लिमिटेड ओवर क्रिकेट में 2022 के बाद से नहीं दिखे हैं। डिकवेला ने श्रीलंका के लिए 28 टी20 मैच खेले हैं, जिसमें उनका औसत 18.46 रहा है, इस दौरान उनके नाम सिर्फ एक अर्धशतक है।बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए श्रीलंकाई टीम के पास पहले से ही सदीरा समरविक्रमा के रूप में एक और विकेटकीपर मौजूद है। नियमित कप्तान वानिंदु हसरंगा की अनुपस्थिति में चैरिथ असलांका पहले दो टी20इ में टीम की कप्तानी करेंगे। हसरंगा पर आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के चलते दो मैचों का प्रतिबंध लगा है।

डरबन से आया हमारा दोस्त...लखनऊ सुपर जायंट्स का कोच बना वर्ल्ड कप 1999 का हीरो

लांस क्लूजनर को आईपीएल 2024 के लिए लखनऊ सुपर जायंटस के कोचिंग स्टाफ में शामिल किया गया है। वह साउथ अफ्रीका के लिए 40 टेस्ट और 171 वनडे खेल चुके हैं।

नई दिल्ली.एजेंसी

आईपीएल 2024 का आगाज 22 मार्च से होने जा रहा है। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने आगामी सीजन के लिए पूर्व धाकड़ ऑलराउंडर लांस क्लूजनर को अपने कोचिंग स्टाफ में शामिल किया है। साउथ अफ्रीका के लिए 49 टेस्ट और 171 वनडे खेलने वाले क्लूजनर एलएसजी के असिस्टेंट कोच नियुक्त किए गए हैं। वह एलएसजी के हेड कोच जस्टिन लैंगर और सहायक कोच एस श्रीराम के साथ मिलकर काम करेंगे।

52 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर एलएसजी की 20 में सिस्टर फ्रेंचाइजी डरबन सुपर जायंट्स के हेड कोच हैं।क्लूजनर का आईपीएल में बतौर कोच यह दूसरा कार्यकाल होगा। वह मुंबई इंडियंस के सहायक कोच के रूप में काम कर चुके हैं। क्लूजनर वर्ल्ड कप 1999 के हीरो थे। उन्होंने वर्ल्ड कप में 281 रन बनाने के अलावा 17 विकेट चटकाए थे और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। क्लूजनर के कोचिंग स्टाफ में शामिल होने पर एलएसजी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, डरबन से आया हमारा दोस्त। वहीं, फ्रेंचाइजी ने बयान में कहा कि एलएसजी ने आईपीएल 2024 के लिए क्लूजनर को जोड़ा है। वह सहायक कोच के रूप में लैंगर के साथ काम करेंगे।

क्लूजनर ने दुनियाभर में विभिन्न टीमों को कोचिंग दी है। वह अफगानिस्तान के हेड कोच रहने के अलावा साउथ अफ्रीका और जिम्बाब्वे के बैटिंग कोच रह चुके हैं। वह दिल्ली और त्रिपुरा की घरेलू टीमों के सलाहकार कोच रहे।

उनके कोच रहते गुयाना अमेजन वॉरियर्स ने पिछले साल कैरेबियन प्रीमियर लीग में पहली ट्रॉफी जीती थी। बता दें कि एलएसजी ने आईपीएल में साल 2022 में डेब्यू किया। फ्रेंचाइजी दोनों सीजन में प्लेऑफ में कामयाब रही। लखनऊ की टीम आगाम सीजन में अपने अभियान की शुरुआत 24 मार्च को करेगी। उसकी पहली टक्कर राजस्थान रॉयल्स से है।

आयरलैंड ने टेस्ट क्रिकेट में रचा इतिहास, पहली जीत के साथ तोड़ा भारत का रिकॉर्ड

आयरलैंड ने अपने 8वें ही टेस्ट में अपना पहला मुकाबला जीता है। वह टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे कम मैचों में पहला टेस्ट जीतने वाली छठी टीम बनी है। ऑस्ट्रेलिया इस लिस्ट के टॉप पर है।

नई दिल्ली. आयरलैंड ने शुक्रवार 1 मार्च को उस समय इतिहास रचा जब उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में अपनी पहली जीत दर्ज की। इस जीत के साथ आइरिश टीम ने भारत, न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका जैसी बड़ी टीमों को भी पछाड़ दिया है। दरअसल, आयरलैंड ने अपने 8वें ही टेस्ट में अपना पहला मुकाबला जीता है। यह टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे कम मैचों में पहला टेस्ट जीतने वाली छठी टीम बनी है। ऑस्ट्रेलिया इस लिस्ट के टॉप पर है जिन्होंने अपने पहले ही टेस्ट में जीत दर्ज की थी। वहीं इंग्लैंड दूसरे मुकाबले में अपनी पहली जीत दर्ज करने में कामयाब रहा था।

बात भारत, न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका जैसी बड़ी टीमों की करें तो टीम इंडिया ने 25वें, न्यूजीलैंड ने 45वें और साउथ अफ्रीका ने 12वें मैच में अपनी पहली जीत दर्ज की थी। आयरलैंड से ऊपर ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के अलावा पाकिस्तान, अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज की टीमें हैं।

बात आयरलैंड और अफगानिस्तान के बीच खेले गए एकमात्र टेस्ट की करें तो, आयरलैंड ने शुक्रवार को अफगानिस्तान को हराकर इतिहास के सुनहरे पन्नों में अपना नाम दर्ज करवा लिया है। आयरलैंड ने अफगानिस्तान को 6 विकेट से हराया। आयरलैंड ने एकमात्र टेस्ट मैच के तीसरे दिन शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें मार्क अडायर और कप्तान एंड्रू बालबर्नी ने अहम भूमिका निभाई।अफगानिस्तान ने आयरलैंड को जीत के लिए 111 रनों का लक्ष्य दिया। आयरलैंड की शुरुआत खराब रही। टीम ने 13 के स्कोर पर ही तीन विकेट गंवा दिए। जिसके बाद कप्तान एंड्रू और टकर ने पारी को संभाला और टीम को जीत दिलाई। कप्तान ने 58 रन की नाबाद पारी खेली। आयरलैंड की ये जीत काफी खास है क्योंकि खेल के सबसे लंबे प्रारूप में शामिल होने के बाद सिर्फ 8वें मैच में पहली जीत हासिल करने वाली छठी टीम बन गई है।

ACTION INDIA

एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

आदर्श रसोई सप्ताह 99वां

धूमधाम से मनाया गया स्नेह छाबड़ा और गोपी छाबड़ा का जन्मदिन

रिबन काटकर छाबड़ा परिवार ने किया आदर्श रसोई का शुभारंभ, छाबड़ा परिवार का हुआ भव्य अभिनंदन




टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सबसे व्यस्ततम चौक यानी 'राकेश भारद्वाज चौक' पर आदर्श रसोई ने स्नेह छाबड़ा और कर्मठ कार्यकर्ता गोपी छाबड़ा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। इस दौरान आदर्श रसोई के सदस्यों और पदाधिकारियों का उत्साह देखते ही बनता था।

रिबन काटकर स्नेह छाबड़ा और गोपी छाबड़ा ने किया आदर्श रसोई का शुभारंभ

आदर्श रसोई ने स्नेह छाबड़ा और गोपी छाबड़ा का जन्मदिन रसोई की टीम ने बड़ी ही धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत रूप से छाबड़ा परिवार ने रिबन काटकर किया। इसके उपरांत श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस विशेष मौके पर पूरा छाबड़ा परिवार मौजूद रहा। ।

छाबड़ा परिवार का हुआ भव्य स्वागत, किया अभिनंदन

छाबड़ा परिवार का आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने मालाएँ पहनाकर भव्य स्वागत व अभिनंदन किया। इस मौके पर राकेश भारद्वाज चौक पर लोगों का उत्साह अपने चरम पर था। स्नेह छाबड़ा और गोपी छाबड़ा के व्यक्तित्व के सभी कायल हैं। हर कोई उनके मृदभाषी, मिलनसार स्वाभाव की बात करता है। हर किसी के सुख-दुख में शामिल होते हैं।

आदर्श रसोई मजबूती से आगे बढ़ रही : स्नेह छाबड़ा

इस विशेष मौके पर स्नेह छाबड़ा ने कहा कि आज राकेश भारद्वाज जी हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनके द्वारा बनाया गया आदर्श रसोई रूपी ये परिवार बहुत मजबूत है। उनके विचार आज भी हम सभी को मार्गदर्शन करते हैं। सभी एकजुटता के साथ इस रसोई के माध्यम से सेवा परमोधर्म का कार्य कर रहे हैं।

राकेश भारद्वाज जी हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत: गोपी छाबड़ा

गोपी छाबड़ा ने कहा कि देखते ही देखते आदर्श रसोई ने कई आयाम स्थापित कर लिए हैं। समाज का भी हमें भरपूर सहयोग मिला है। मुझे खुशी है कि मैं भी पुण्य के कार्य में एक सहभागी हूँ। यह हम सबके लिए हर्ष की बात है कि आदर्श रसोई के सभी साथियों ने आदर्श रसोई को आगे बढ़ाने के लिए दिन रात मेहनत की है। आदर्श रसोई की सबसे अनूठी बात यह है कि यह समाजसेवा के साथ-साथ अपने पारंपरिक त्यौहारों, विशेष दिनों को भी बहुत ही उत्साहपूर्वक रूप से मनाती है, जोकि काबिलेतारीफ है।

आदर्श रसोई हमारे लिए दूसरा परिवार: गुरदयाल छाबड़ा

इस विशेष मौके पर गुरदयाल छाबड़ा ने कहा कि आदर्श रसोई जैसी संस्था से जुड़कर लोगों की सेवा का जो मौका मिला, उसका मैं आभारी हूं। हमारे लिए आदर्श रसोई दूसरा परिवार है।

लजीज व्यंजनों से सजी थी आदर्श रसोई की थाली

आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने हर बार की तरह लजीज व्यंजनों से सजी थाली सभी को परोसी। थाली में तंदूरी रोटी, छोले-कढ़ी, अचार, सलाद, रायता उपलब्ध करवाया गया

आरएनआई का नाम बदलकर पीआरजीआई किया गया, अधिसूचना जारी

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: केंद्र सरकार ने प्रेस एवं आवधिक पंजीकरण अधिनियम (पीआरपी अधिनियम)– 2023 और इसके नियमों को अपने राजपत्र में अधिसूचित कर दिया है। इसके साथ ही यह अधिनियम एक मार्च से लागू हो गया है। अधिसूचना के अनुसार आरएनआई का नाम बदलकर प्रेस रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया (पीआरजीआई) कर दिया गया है। अब से पत्रिकाओं का पंजीकरण प्रेस और पत्रिकाओं के पंजीकरण अधिनियम (पीआरपी अधिनियम)– 2023 और प्रेस एवं पत्रिकाओं के पंजीकरण नियमों के प्रावधानों द्वारा शासित होगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार नये अधिनियम के तहत देश में समाचार पत्रों और अन्य पत्रिकाओं के पंजीकरण की सुविधा के लिए एक ऑनलाइन प्रणाली प्रदान करता है। इससे पहले सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने नए अधिनियम के अनुसार विभिन्न आवेदन प्राप्त करने के लिए प्रेस रजिस्ट्रार जनरल का ऑनलाइन पोर्टल, प्रेस सेवा पोर्टल लॉन्च किया था। इस पोर्टल के जरिए पत्रिका के मुद्रक द्वारा दी गई सूचना सहित सभी आवेदन, पंजीकरण के प्रमाण पत्र में संशोधन के लिए आवेदन, स्थानांतरण के लिए आवेदन पत्रिकाओं का स्वामित्व, पत्रिका के प्रकाशक द्वारा वार्षिक विवरण प्रस्तुत करना और पत्रिका के प्रसार के सत्यापन के लिए डेस्क ऑडिट की प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से होगी।

जो कहा वो किया, जो कहेंगे, उसे करके दिखाएंगे : सीएम योगी

टीम एक्शन इंडिया
गोरखपुर: जातीय राजनीति और झूठे वादे करने वाले राजनीतिक दलों पर शाब्दिक प्रहार करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की भाजपा सरकार न तो जाति का सहारा लेती है और न ही झूठे वादे करती है। हमने जो कहा, उसे करके दिखाया है और आगे भी जो कहेंगे, उसे पूरा करके दिखाएंगे। मुख्यमंत्री योगी शनिवार अपराह्न महंत दिग्विजयनाथ पार्क में आयोजित समारोह के 1006 करोड़ रुपये की 48 विकास परियोजनाओं का

शिलान्यास एवं लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज देश तेजी से विकास करते हुए हर क्षेत्र में आगे बढ़ा है। सुरक्षा, आर्थिक समृद्धि, आस्था के सम्मान, आजीविका, हरेक क्षेत्र में दुनिया नए भारत का दर्शन कर रही है, भारत की ताकत को प्रतिष्ठित कर रही है। देश के विकास की ही तरह यूपी का तीव्र विकास हुआ है लोगों की उत्तर प्रदेश के प्रति धारणा बदल चुकी है। अब कोई यूपी को हेय दृष्टि से नहीं देखता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में इतने विकास कार्य इसलिए हो रहे हैं कि यहां डबल इंजन की सरकार है। डबल इंजन की सरकार डबल स्पीड में काम करती है और इस कारण देश उत्साह और उमंग से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह जनता जनार्दन ने मोदी जी के नेतृत्व में 2014, 2017, 2019 और 2022 में आंख बंद कर समर्थन दिया, वैसे ही तीसरी बार केंद्र में मोदी सरकार बनाने का संकल्प लेकर कार्य किया जाना चाहिए।

विकास कार्य

- प्रधानमंत्री के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार न तो जाति का सहारा लेती है और न ही झूठे वादे करती है

परीक्षा की शुचिता से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी दशा में छोड़ेंगे नहीं: सीएम योगी

टीम एक्शन इंडिया
लखनऊ: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 11 फरवरी 2024 को आयोजित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2023 की शनिवार को समीक्षा की गई। इस परीक्षा में कथित रूप से प्रश्न पत्र के कतिपय प्रश्नों के सोशल मीडिया पर वायरल होने के शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिसके संबंध में शासन द्वारा सर्व साधारण को परीक्षा को प्रभावित करने से संबंधित तथ्यों के साक्ष्य उपलब्ध कराए जाने की विज्ञप्ति निर्गत की गयी थी। तत्क्रम में शासन को उपलब्ध कराए गये साक्ष्यों तथा आयोग द्वारा उपलब्ध रिपोर्ट के परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री जी द्वारा यह निर्देश दिया गया है कि लोक सेवा आयोग द्वारा 11 फरवरी को आयोजित समीक्षा अधिकारी / सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा 2023 की दोनों सत्रों की परीक्षाओं को निरस्त कर दिया जाए। इसकी परीक्षा आगामी 06 माह में पुनः कराई जाए। उक्त के अतिरिक्त मुख्यमंत्री जी ने यह भी निर्देश दिए हैं कि इस प्रकार के आपराधिक कृत्य में सम्मिलित व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी वैधानिक व दण्डात्मक कार्यवाही करने हेतु यह प्रकरण राज्य की एसटीएफ को संदर्भित कर दिया जाए। एस.टी.एफ. शीघ्रातिशीघ्र इसकी विवेचना संपन्न करेगी तथा इस कृत्य में लिप्त सभी उत्तरदायी व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

सीएम की सख्ती

- परीक्षा की शुचिता के लिए सीएम का बड़ा निर्णय समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारंभिक परीक्षा निरस्त
- युवाओं के हित में मुख्यमंत्री का निर्देश, आगामी 06 माह में दोबारा होगी परीक्षा

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल के नेतृत्व में कैबिनेट के सदस्यों ने रामलला का किया दर्शन-पूजन।

'देश की जनता पीएम मोदी की गारंटी पर लगाएगी जीत की मुहर'

टीम एक्शन इंडिया
फतेहाबाद: आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देजनर भारतीय जनता पार्टी हाई कमान के निदेर्शानुसार शनिवार को पूरे प्रदेश में विधानसभा स्तर पर चुनाव कार्यालयों का उद्घाटन किया गया। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पूरे प्रदेश में वचुअर्ली सभी कार्यालयों का उद्घाटन किया। इसी कड़ी में फतेहाबाद जिला की तीनों विधानसभाओं फतेहाबाद, रतिया व टोहाना में भी जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा के नेतृत्व में चुनाव कार्यालय का शुभारंभ हुआ।

भारी बारिश और ओलावृष्टि ने किसान की फसल को किया बर्बाद: नवीन

टीम एक्शन इंडिया
सोनीपत: जयहिंद सेना प्रमुख नवीन जयहिंद शनिवार को जब सोनीपत कार्यक्रम से लौट कर आ रहे थे तो उनका सामना भारी बारिश और ओलावृष्टि से हुआ । इस बेमौसमी बारिश और ओलों ने आम जन जीवन को बुरी तरह से प्रभावित किया है । जयहिंद ने बयान जारी कर कहा कि इस बेमौसमी बारिश ने किसान की साल भर की मेहनत को बर्बाद कर दिया है। गेहूं और सरसों की फसल सबसे ज्यादा इससे प्रभावित हुई है । एक किसान अपनी फसल को तिजौरी में भी नहीं रख सकता है । उसके बच्चों की स्कूल-कॉलेज की फीस, घर- खर्च सहित अगली फसल के लिए खाद-बीज का खर्चा उसे इसी फसल से मिलता ।लेकिन इस बारिश और ओलों ने हजारों किसानों और उनके परिवारों के सपनों को तोड़ दिया है ।जयहिंद ने कहा कि सरकार चुनाव की घोषणा से पहले किसानों को मुआवजा दे और जल्द से जल्द फसल बबार्दी का हवाई मुआयना करवायें। साथ ही जयहिंद ने प्रकृति में हो रहे बदलाव पर कहा कि इस तरह की बेमौसमी बारिश और बदलते मोसम के लिए कहीं न कहीं हम खुद ज़िम्मेदार है।

मांग

- खुद नवीन जयहिंद ने अपने फेसबुक पर लाइव आकर दिखाया ओलावृष्टि का हाल

चिंताए खारिज

वैक्सीन न तो हृदय रोगों के खतरे को बढ़ाती है न ही ये दिल के दौरे का कारण बनती है

कोविड-19 वैक्सीन से हार्ट अटैक का कोई संबंध नहीं: मनसुख मंडाविया

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली: कोविड-19 का खतरा पिछले चार साल से अधिक समय से देखा जा रहा है। कोरोनावायरस से संक्रमण की स्थिति में न सिर्फ गंभीर रोगों के विकसित होने का खतरा देखा जाता रहा है साथ ही संक्रमण से ठीक हो चुके लोगों में लॉन्ग कोविड के कारण कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं भी बड़ी चिंता का कारण रही हैं। महामारी के बाद के कई अध्ययनों में कहा जाता रहा है कि कोविड-19 का शिकार रहे लोगों में हृदय रोगों और इसके गंभीर रूप लेने का खतरा हो सकता है। कुछ रिपोर्ट्स में कोविड वैक्सीन्स को

भी हृदय रोगों को बढ़ाने वाला बताया गया था, जिसपर आईसीएमआर ने आज स्पष्ट जानकारी साझा की है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने उन सभी रिपोर्ट्स को सिरे से खारिज किया है जिनमें वैक्सीनेशन के कारण हृदय रोगों के खतरे को लेकर आशंका जताई जाती रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने विस्तृत अध्ययन किया है जिससे पता चलता है कि कोविड-19 वैक्सीन से हार्ट अटैक का कोई संबंध नहीं है। वैक्सीन न तो हृदय रोगों के खतरे को बढ़ाती है न ही ये दिल के दौरे का कारण बनती है। इस तरह की बातों पर विश्वास न करें।
न्यूज एजेंसी एनआई के एक कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, दुनियाभर में हार्ट अटैक के बढ़े मामले चिंताजनक हैं। डॉक्टर्स कहते हैं, व्यक्ति की गड़बड़ जीवनशैली और शराब-धूम्रपान जैसी आदतें इस खतरे का कारक हो सकती हैं। वैक्सीन से हार्ट अटैक का जोखिम होता है, इसके कोई प्रमाण नहीं हैं। एक प्रश्न का उत्तर देते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कोविड-19 टीकों के बारे में गलत धारणाएं पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है। अगर आज किसी को स्ट्रोक होता है, तो कुछ लोग सोचते हैं कि यह कोविड-19 वैक्सीन के कारण है।

स्पष्ट किया

- कोविड-19 टीकों के बारे में गलत धारणाएं पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है : स्वास्थ्य मंत्री